सतना
14 जनवरी 2025 मंगलवार

दैनिक
# मीडियाऑडीटर

सतना, रीवा से एक साथ प्रकाशित



शादी के बाद एक बार...
@ पेज 7

## संक्षिप्त समाचार

### ताइवान की जासूसी के लिए चीन अपनाता है तरह-तरह के हथकंडे

**ताइपे (एजेंसी)।** चीन और ताइवान के बीच संबंध लगातार तनावपूर्ण होते जा रहे हैं। इस बीच ताइवान के खुफिया ब्यूरो ने कहा है कि चीन की मुख्य जासूसी एजेंसी ताइवान की सुरक्षा से जुड़ी खुफिया जानकारी हासिल करने के लिए आपराधिक गिरोहों, शेल (फर्जी) कंपनियों और



अन्य संदिग्ध साझेदारों के साथ मिलकर काम कर रही है। चीन की इस हरकत के चलते द्वीप पर कथित जासूसी के आरोप में गिरफ्तार लोगों की संख्या में भारी बढ़ोतरी हुई है। ताइवान के खुफिया ब्यूरो ने कहा कि वर्तमान और सेवानिवृत्त ताइवानी सैन्यकर्मी विशेष चिंता का विषय हैं। ताइवान के राष्ट्रीय सुरक्षा ब्यूरो की ओर से सप्ताहांत में जारी एक रिपोर्ट के अनुसार, चीनी एजेंटों ने ताइवानी 'अंडरवर्ल्ड' का उपयोग करके उन लोगों को धन मुहैया कराने की कोशिश की है जिनके पास बेचने के लिए किसी तरह की जानकारी है। इनमें से कई गिरोह 1949 में दोनों पक्षों के बीच विभाजन से पहले से काम कर रहे हैं और उनकी तलाश की जा रही है। रिपोर्ट में कहा गया है कि इसके अलावा कर्ज देने वाली कंपनियों और फर्जी कंपनियों, धार्मिक संप्रदायों एवं गैर-लाभकारी समूहों की भी तलाश जारी है। कुछ भुगतान क्रिप्टोकरेंसी के जरिए किए जाते हैं, जबकि पुराने जमाने के तरीकों का भी इस्तेमाल किया जाता है जैसे कि यौन प्रलोभन देकर फंसाना और रहस्य उजागर करने के लिए दबाव डालना।

### जापान में भूकंप से कांपी धरती, 6.9 रही तीव्रता

**क्यूशू (एजेंसी)।** जापान में भूकंप के झटकों धरती कांप गई है। रिक्टर स्केल पर भूकंप की तीव्रता 6.9 मापी गई है। जापान मौसम विज्ञान एजेंसी का कहना है कि जापान के क्यूशू में भूकंप के जोरदार झटके महसूस किए गए हैं। भूकंप के बाद तटीय क्षेत्रों में सुनामी की चेतावनी भी जारी की गई है। अभी तक इस भूकंप से किसी तरह के



नुकसान या लोगों के हताहत की कोई जानकारी सामने नहीं आई है। भूकंप का केंद्र मियाजाकी प्रांत में था। जापान मौसम विज्ञान एजेंसी के अनुसार, सुनामी की लहरें एक मीटर तक ऊंची उठ सकती हैं। भूकंप रात को 9 बजकर 19 मिनट (जापान के समय के अनुसार) पर आया और इसके तुरंत बाद मियाजाकी प्रांत के लिए सुनामी की चेतावनी जारी की गई। प्रशांत बेसिन में ज्वालामुखियों के आर्क, रिंग ऑफ फायर और फॉल्ट लाइन के किनारे स्थित होने के कारण जापान अक्सर भूकंप की चपेट में रहता है। इससे पहले बीते साल नवंबर के महीने में भी जापान के उत्तर-मध्य क्षेत्र नोटो में भूकंप के जबरदस्त झटके महसूस किए गए थे। जापान में 2004 में आए भयानक भूकंप के बाद सुनामी आई थी। इस सुनामी ने जापान को इतना दर्द दिया, जिसे लोग आज भी नहीं भूल पाए हैं। 26 दिसंबर, 2004 को भूकंप के बाद आई सुनामी के कारण जापान में हजारों लोगों की मौत हो गई थी।

## महाकुंभ मेले में मुलायम सिंह यादव की मूर्ति पर विवाद

**प्रयागराज (एजेंसी)।** उत्तर प्रदेश के प्रयागराज में महाकुंभ का आयोजन शुरू हो गया है। लाखों की संख्या में भारत समेत पूरी दुनिया से आए श्रद्धालु त्रिवेणी संगम में डुबकी लगातार पूजा अर्चना कर रहे हैं। हालांकि, मेले के दौरान एक राजनीतिक विवाद भी सामने आ गया है। दरअसल, प्रयागराज में आयोजित महाकुंभ मेले में समाजवादी पार्टी के संस्थापक और उत्तर प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री दिवंगत मुलायम सिंह यादव की प्रतिमा लगाई गई है। अब इस प्रतिमा के लगाए जाने की अखाड़ा परिषद ने निंदा की है। दरअसल, रविवार को प्रयागराज के महाकुंभ मेला क्षेत्र में मुलायम सिंह यादव की कांसे की प्रतिमा को स्थापित किया गया है। 3 फुट की इस मूर्ति को सेक्टर-16 में मुलायम सिंह यादव स्मृति सेवा संस्थान के शिविर में स्थापित किया गया है। सपा नेता माता प्रसाद पांडेय ने कहा कि मेले में आने वाले श्रद्धालु इस शिविर में मुलायम सिंह यादव को श्रद्धांजलि अर्पित करेंगे।



अखिल भारतीय अखाड़ा परिषद ने महाकुंभ में मुलायम सिंह की प्रतिमा लगाने की निंदा की है। अखाड़ा परिषद के अध्यक्ष रविंद्र पुरी ने कहा- ÷मुलायम सिंह की प्रतिमा हमें यह दिखाने के लिए लगाई गई है कि उन्होंने हमें मार रखा है, हमें लहूलुहान कर रखा है। हमें मुलायम सिंह से कोई विरोध नहीं है, वह हमारे मुख्यमंत्री रहे हैं। लेकिन इस समय प्रतिमा लगाकर वे (सपा वाले) हमें क्या संदेश देना चाहते हैं। सभी जानते हैं कि उनका राम मंदिर में क्या योगदान रहा है। वह हमेशा हिंदू विरोधी, सनातन विरोधी रहे और मुसलमानों के पक्षधर रहे हैं।÷ वहीं, जूना अखाड़ा के महामंडलेश्वर यति नरसिंहानंद ने भी इस बयान का समर्थन किया है।

### हाईकोर्ट ने आतिशी सरकार को फटकार लगाई

## सीएजी रिपोर्ट पर हाईकोर्ट बोला दिल्ली सरकार की ईमानदारी पर संदेह

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** सीएजी रिपोर्ट को लेकर सोमवार को हाईकोर्ट ने आतिशी सरकार को फटकार लगाई। जस्टिस सचिन दत्ता की बेंच ने कहा- सीएजी रिपोर्ट पर विचार करने में जिस तरह से दिल्ली सरकार ने अपने कदम पीछे खींचे हैं, उससे इनकी ईमानदारी पर संदेह पैदा होता है। रिपोर्ट स्पीकर को भेजकर फौरन विधानसभा में चर्चा करानी चाहिए थी। यह दुर्भाग्यपूर्ण है।



कोर्ट भाजपा के 7 विधायकों की याचिका पर सुनवाई कर रहा था। भाजपा विधायकों ने दिल्ली विधानसभा का विशेष सत्र बुलाने की मांग की है। उनका कहना है कि 14 मामलों पर सीएजी की रिपोर्ट पर सदन में चर्चा करवानी चाहिए। सरकार का तर्क है कि विधानसभा का कार्यकाल खत्म होने वाला है, इसलिए रिपोर्ट सदन में लाने का फायदा नहीं है। अगली सुनवाई 16 जनवरी को होगी।

सूत्रों के मुताबिक सीएजी रिपोर्ट में शराब घोटाले से भी जुड़ी जानकारी है। 11 जनवरी को सीएजी की एक रिपोर्ट लीक हुई थी, जिसे भाजपा ने दिखाया था। भाजपा नेताओं ने रिपोर्ट के हवाले से बताया था कि शराब नीति से दिल्ली सरकार को 2026 करोड़ रुपए का रेवेन्यू लॉस हुआ है।

दिल्ली में 2021 में नई शराब नीति लागू की गई थी। इसमें लाइसेंस आवंटन को लेकर कई सवाल खड़े हुए। नीति वापस लेनी पड़ी। अरविंद केजरीवाल और मनीष सिसोदिया पर भ्रष्टाचार का आरोप लगा। दोनों जेल भी गए। सीएम और डिप्टी सीएम पद छोड़ना पड़ा। दोनों फिलहाल जमानत पर बाहर हैं।

## कालकाजी से शिमला के लिए दौड़ी नई ट्रेन



**नई दिल्ली (एजेंसी)।** केंद्रीय रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने रविवार को कालकाजी से शिमला तक एक नई ट्रेन के संचालन की घोषणा की और ट्रेन और इसकी विशेषताओं को प्रदर्शित करने वाला एक वीडियो साझा किया। लाल रंग की नई ट्रेन हिमाचल प्रदेश जाने वाले यात्रियों को अपनी यात्रा के दौरान पहाड़ी राज्य की प्राकृतिक सुंदरता का आनंद लेने की अनुमति देगी। ट्रेन का वीडियो शेयर करते हुए वैष्णव ने एक्स पर एक पोस्ट में लिखा, कालकाजी शिमला के लिए नई ट्रेन। सुंदर हिमाचल में एक नया अनुभव देने के लिए तैयार। एक अधिकारी ने बताया कि उत्तर रेलवे ने नए साल के मौके पर और सर्दी के मौसम को देखते हुए यूनेस्को की विश्व धरोहर शिमला-कालका नैरो गेज रेलवे लाइन पर विशेष ट्रेनों की घोषणा की है। स्टेशन अधीक्षक शिमला रेलवे स्टेशन संजय घेरा ने बताया कि छुट्टियों के मौसम के दौरान शिमला आने वाले पर्यटकों के लिए ट्रेनें 28 फरवरी, 2025 तक संचालित होंगी। उन्होंने बताया कि पहले दिन 81 यात्री ट्रेन में सवार हुए।

## 'समाधि लेने वाले' गोपन स्वामी का शव कब्र से निकाला जाएगा

### शव को पोस्टमार्टम के लिए बाहर निकालने का आदेश

**तिरुवनंतपुरम (एजेंसी)।** तिरुवनंतपुरम पुलिस 69 वर्षीय गोपन स्वामी की मौत की गुत्थी सुलझाने के लिए उनके शव को कब्र से निकालेगी। मृतक के परिवार ने दावा किया था कि उन्होंने समाधि ली है। पुलिस ने सोमवार को यह जानकारी दी। एक अधिकारी ने बताया कि नेय्याट्टिनकारा पुलिस को राजस्व प्रभागीय अधिकारी से सोमवार को गोपन स्वामी के शव को पोस्टमार्टम के लिए बाहर निकालने का आदेश मिला है, जिन्हें संदिग्ध परिस्थितियों में दफनाया गया था।



अधिकारी ने बताया कि जिस स्थान पर स्वामी के परिवार द्वारा उनके समाधि लिये जाने का दावा किया गया है, उस जगह की खुदाई आरडीओ की मौजूदगी में की जाएगी। पुलिस सूत्रों के अनुसार, कार्रवाई शुरू करने के लिए अधिकारियों के जल्द ही तथाकथित समाधि स्थल पर पहुंचने की उम्मीद है। यह घटना उस समय सामने आई जब स्वामी के घर के पास पोस्टर लगाए गए जिसमें कहा गया कि ''गोपन स्वामी ने समाधि ले ली है।'' स्थानीय निवासियों ने उनकी मौत पर संदेह जताया और शिकायत दर्ज कराई जिसके बाद पुलिस ने गुमशुदगी का मामला दर्ज किया और आगे की जांच के लिए शव को कब्र से निकालने का फैसला किया।

पुलिस के एक अधिकारी ने बताया कि शव बरामद होने पर पोस्टमार्टम के लिए भी भेजने का अनुरोध किया गया है। गोपन स्वामी के बेटे राजसेनन का दावा है कि उनके पिता शुक्रवार रात करीब साढ़े 11 बजे उसी स्थल पर गए और समाधि ले ली।

## तिरुपति मंदिर में लगी आग

### भक्तों में मची अफरा-तफरी, राहत-बचाव कार्य में जुटा प्रशासन

**तिरुपति (एजेंसी)।** तिरुपति मंदिर में आग लगने की खबर सामने आई है। जानकारी के मुताबिक, आग लड्डू काउंटर के पास लगी। जिससे पवित्र प्रसाद लेने वाले भक्तों में अफरा-तफरी मच गई। घटना की वजह कंप्यूटर सेटअप से जुड़े ब्क्स में शॉर्ट सर्किट बताई जा रही है। प्रशासन मंदिर में लगे आग को बुझाने में लगा हुआ है। मौके पर फायर ब्रीगेड की टीम पहुंच गई है और आग को बुझाने का प्रयास कर रही है।

बता दें कि तिरुपति मंदिर में कुछ दिन पहले 8 जनवरी को ही भयानक हादसा हुआ था। जब तिरुपति में वैकुंठ द्वार दर्शन टिकट केंद्र के पास भगदड़ मच गई थी। इस घटना में 6 लोगों की जान चली गई थी और कई अन्य लोग घायल हो गए थे। भगदड़ में 4,000 से अधिक भक्तों को परेशानी का सामना करना पड़ा था। ये भक्त तिरुपति में 10 दिवसीय विशेष दर्शन के लिए टोकन पाने की होड़ में थे। इस हादसे के बाद से मंदिर प्रशासन बहुत ही सावधानियां बरत रहा है। मंदिर के चारों तरफ हाई अलर्ट घोषित है। फिर भी उस घटना के बाद आज फिर से



एक और दुखदायी घटना बेहद ही गंभीर चिंता की विषय बना हुआ है।

8 जनवरी को हुए हादसे को लेकर आंध्र प्रदेश के मुख्यमंत्री चंद्रबाबू नायडू ने अपनी गहरी चिंता व्यक्त करते हुए घायलों के लिए राहत उपाय करने के आदेश दिए। साथ ही प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने भी पीड़ित परिवारों के प्रति अपनी संवेदना व्यक्त की थी। आंध्र सीएम चंद्रबाबू नायडू ने मृतकों के परिवारों को 25-25 लाख रुपये का मुआवजा और परिजनों को एक नौकरी देने की घोषणा की। इसके अलावा उस भयानक हादसे की न्यायिक जांच करने के भी आदेश दिए। इस दुर्घटना के बाद के जवाबी कार्रवाई में कई अधिकारियों को निलंबित और स्थानांतरित किया गया।

## 'हम किसी भी स्थिति से निपटने में सक्षम'

### भारतीय सेना के अध्यक्ष ने दुश्मनों को दी चेतावनी

**प्रयागराज (एजेंसी)।** भारतीय सेना के प्रमुख जनरल उपेंद्र द्विवेदी ने सोमवार को पाकिस्तान और चीन की सीमा पर स्थिति को लेकर कई बड़ी जानकारी सामने रखी है। सेनाध्यक्ष जनरल उपेंद्र द्विवेदी ने कहा है कि पूर्वी लद्दाख में एलएसी पर स्थिति वर्तमान में संवेदनशील लेकिन स्थिर है। सेना प्रमुख जनरल उपेंद्र द्विवेदी ने ये भी जानकारी दी है कि पूर्वी लद्दाख के देपसांग और डेमचोक में पारंपरिक क्षेत्रों में गश्त और पशुओं को चराना शुरू हो गया है।

सेना प्रमुख जनरल उपेंद्र द्विवेदी ने सोमवार को दुश्मनों को चेतावनी भी दी है। उन्होंने कहा है कि भारतीय सेना की तैनाती संतुलित और मजबूत है और हमारी सेना किसी भी स्थिति से निपटने में सक्षम है। सेना प्रमुख ने कहा है कि फिलहाल हम सीमा पर बुनियादी ढांचे और क्षमता विकास को बढ़ावा देने पर ध्यान केंद्रित कर रहे हैं। भारतीय सेना के



प्रमुख जनरल उपेंद्र द्विवेदी ने पाकिस्तान से लगी सीमा के बारे में भी जानकारी दी है। जनरल उपेंद्र द्विवेदी ने कहा है कि जम्मू कश्मीर में कुल मिलाकर स्थिति नियंत्रण में है। सेना प्रमुख जनरल द्विवेदी ने ये भी बताया है कि पाकिस्तान के साथ लगती नियंत्रण रेखा पर संघर्षविराम जारी है। हालांकि, सेना प्रमुख ने ये भी बताया है कि पाकिस्तान की ओर से घुसपैठ की कोशिशें भी लगातार हो रही हैं। पाकिस्तान के साथ लगती नियंत्रण रेखा घुसपैठ की कोशिशों पर बात करते हुए सेना प्रमुख जनरल उपेंद्र द्विवेदी ने जम्मू कश्मीर में सीमापार से आतंकवाद को पाकिस्तान के समर्थन पर भी बात की है। सेना प्रमुख ने बताया है कि पाकिस्तान की तरफ आतंकी बुनियादी ढांचा अब भी बरकरार है। सेना प्रमुख ने आगे बताया है कि बीते साल मारे गए आतंकवादियों में से 60 प्रतिशत पाकिस्तानी मूल के थे।

## मेरी पत्नी ने धमकी दी है, मैंने संगम में डुबकी लगाई, तो..

### विदेशी पर्यटक ने कही चौंकाने वाली बात

**प्रयागराज (एजेंसी)।** महाकुंभ विदेशियों को भी अपनी तरफ आकर्षित कर रहा है, जिसमें दक्षिण कोरियाई यूट्यूबर से लेकर परंपराओं की गहरी समझ हासिल करने की ललक रखने वाले जापानी पर्यटक भी शामिल हैं। इटली से आने वाली वेलेरिया ने महाकुंभ के आध्यात्मिक वातावरण को अद्भुत और रोमांचक करार दिया। हालांकि, उन्होंने और उनके पति मिखाइल ने ठंडे मौसम के कारण पवित्र जल में डुबकी नहीं लगाई।वेलेरिया के पति मिखाइल ने मजाकिया लहजे में कहा, मेरी पत्नी ने मुझे धमकी दी कि अगर मैंने संगम में डुबकी लगाई, तो वह मुझे छोड़ देगी, क्योंकि पानी बहुत ठंडा है! दंपति ने कहा कि ठंड कम होने पर वे एक बार फिर महाकुंभ में आने की कोशिश करेंगे। अमेरिकी सेना का हिस्सा रह चुके माइकल, जो अब बाबा मोक्षपुरी के नाम से जाने जाते हैं, उन्होंने कहा, ÷मैं एक साधारण व्यक्ति था, जिसका अपना परिवार और करियर था। लेकिन मुझे एहसास हुआ कि जीवन में कुछ भी स्थायी नहीं है और मैं मोक्ष की तलाश में निकल पड़ा। मैंने अपना जीवन सनातन धर्म के प्रचार-प्रसार के लिए समर्पित कर दिया।



## महाकुंभ में पहले दिन डेढ़ करोड़ से अधिक श्रद्धालुओं ने डुबकी लगाई



**प्रयागराज (एजेंसी)।** महाकुंभ का शुभारंभ हो चुका है। पौष पूर्णिमा पर सुबह 4 बजे से पहला स्नान चल रहा है। 44 घाटों पर शाम 6 बजे तक 1 करोड़ 65 लाख श्रद्धालु डुबकी लगा चुके हैं।

### ● सुबह 4 बजे से स्नान जारी, 12 किमी पैदल चलकर संगम पहुंच रहे

भक्तों पर हेलिकॉटर से फूलों की वर्षा की गई। महाकुंभ 144 साल में दुर्लभ खगोलीय संयोग में हो रहा है। यह वही संयोग है, जो समुद्र मंथन के दौरान बना था। देश के कोने-कोने से भक्त प्रयागराज आए हैं। भीड़ इतनी है कि 3700 लोग अपनों से बिछड़ गए। बाद में खोया-पाया केंद्र से



अनाउंसमेंट कर ज्यादातर लोगों को उनके परिवार वालों से मिलवाया गया। हेलिकॉप्टर और हस्त्र कमांडो महाकुंभ में आए लोगों पर नजर रख रहे हैं। विदेशी श्रद्धालु भी बड़ी तादाद में कुंभ में स्नान करने पहुंचे। प्रशासन के मुताबिक, जर्मनी, ब्राजील, रूस समेत 20 देशों से भक्त पहुंचे हैं। आज से ही श्रद्धालु 45 दिन का कल्पवास शुरू करेंगे।

संगम पर एंट्री के सभी रास्तों पर भक्तों की भीड़ है। वाहनों की एंट्री बंद है। श्रद्धालु बस और रेलवे स्टेशन से 10-12 किलोमीटर पैदल चलकर संगम पहुंच रहे हैं। 60 हजार जवान सुरक्षा और व्यवस्था संभालने में लगे हैं। पुलिसकर्मी स्पीकर से लाखों की संख्या में आई भीड़ को मैनेज कर रहे हैं। जगह-जगह कमांडो और पैरामिलिट्री फोर्स के जवान भी तैनात हैं।

सीएम योगी ने सोमवार शाम एक्स पर पोस्ट किया। उन्होंने लिखा- मानवता के मंगलपर्व %महाकुंभ 2025% में %पौष पूर्णिमा% के शुभ अवसर पर संगम स्नान का सौभाग्य प्राप्त करने वाले सभी संतगणों, कल्पवासियों, श्रद्धालुओं का हार्दिक अभिनंदन। प्रथम स्नान पर्व पर आज 1.50 करोड़ सनातन आस्थावानों ने अविरल-निर्मल त्रिवेणी में स्नान का पुण्य अर्जित किया। प्रथम स्नान पर्व को सकुशल संपन्न कराने में सहभागी महाकुंभ मेला प्रशासन, प्रयागराज प्रशासन, नगर निगम प्रयागराज, स्वच्छाग्रहियों, गंगा सेवा दूतों, कुंभ सहायकों, धार्मिक-सामाजिक संगठनों, विभिन्न स्वयंसेवी संगठनों तथा मीडिया जगत के बंधुओं सहित महाकुंभ से जुड़े केंद्र व प्रदेश सरकार के सभी विभागों को हृदय से साधुवाद!

## समय पर जाँच से रोग का सहजता से होता है निदानः उप मुख्यमंत्री शुक्ल

**मीडिया ऑडीटर, भोपाल ( एजेंसी )।** उप मुख्यमंत्री श्री राजेन्द्र शुक्ल ने कहा कि समय पर जाँच हो जाए तो रोग का इलाज आसान हो जाता है। निरोगी काया ही सबसे बड़ा सुख है। विगत दिनों कैंसर सहित अन्य असाध्य बीमारियों की जाँच के लिए रीवा में शिविर लगाए गए थे, जिनके सकारात्मक परिणाम सामने आए और लोगों को इलाज मिला। उन्होंने कहा कि चिकित्सा के क्षेत्र में एलोपैथी, आयुर्वेद व होम्योपैथी की विधाओं से उपचार देकर लोगों को बेहतर सुविधा उपलब्ध कराई जा सकती है। उप मुख्यमंत्री श्री शुक्ल ने रीवा के कृष्णा राजकपूर ऑडिटोरियम में राष्ट्रीय युवा दिवस पर आयोजित होम्योपैथी चिकित्सा शिविर में उत्कृष्ट कार्य करने वाले चिकित्सकों व विद्यार्थियों को सम्मानित किया। उप मुख्यमंत्री श्री शुक्ल ने होम्योपैथी चिकित्सा क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य करने वाले चिकित्सकों व विद्यार्थियों को बधाई दी। शिविर में देश के विभिन्न राज्यों के 100 से अधिक होम्योपैथी चिकित्सकों ने परीक्षण एवं इलाज किया। शिविर में आयुष्मान भारत डिजिटल मिशन के संबंध में नागरिकों को जागरूक किया गया। नगर निगम के अध्यक्ष श्री व्यंकटेश पाण्डेय, स्थानीय जनप्रतिनिधि होम्योपैथिक चिकित्सक व विद्यार्थी उपस्थित रहे।

## स्वामी विवेकानंद के विचारों से प्रेरणा लें युवा- मंत्री विश्वास कैलाश सारंग

**मीडिया ऑडीटर, भोपाल ( एजेंसी )।** सहकारिता, खेल एवं युवा कल्याण मंत्री श्री विश्वास कैलाश सारंग ने रविवार को स्वामी विवेकानंद की जयंती के अवसर पर उन्हें श्रद्धासुमन अर्पित किये। नरेला विधानसभा क्षेत्र के स्वामी विवेकानंद विचार वीथिका पार्क और वार्ड 58, गौतम नगर खेल मैदान में स्वामी विवेकानंद की प्रतिमाओं पर माल्यार्पण कर मंत्री श्री सारंग ने उन्हें नमन किया। इस अवसर पर उन्होंने युवाओं राष्ट्रीय युवा दिवस की शुभकामनाएं प्रेषित करते हुए युवाओं से स्वामी विवेकानंद के प्रेरणादायक विचारों को आत्मसात करने का आह्वान किया। मंत्री श्री सारंग ने अपने उद्बोधन में कहा कि स्वामी विवेकानंद ने अपने विचारों और कार्यों से न केवल भारत को नई दिशा दी, बल्कि पूरी दुनिया में भारतीय संस्कृति और युवा शक्ति का गौरव बढ़ाया। उन्होंने कहा कि युवाओं के लिए स्वामी विवेकानंद के विचार सदैव प्रेरणा के स्रोत रहे हैं। उनका जीवन हमें सिखाता है कि आत्मविश्वास, धैर्य और कड़ी मेहनत से हम अपने लक्ष्य को प्राप्त कर सकते हैं। कार्यक्रम के दौरान मंत्री श्री सारंग ने युवाओं को शिक्षा, खेल और समाज सेवा में बढ़-चढ़कर हिस्सा लेने के लिए प्रेरित किया। इस अवसर पर बड़ी संख्या में युवा, समाजसेवी, एवं स्थानीय जनप्रतिनिधि उपस्थित रहे। सभी ने स्वामी विवेकानंद के प्रति अपनी श्रद्धा व्यक्त की और उनके विचारों को जीवन में अपनाने का संकल्प लिया।

## अद्वैत वेदान्त पर विमर्श के साथ आचार्य शंकर के जीवन दर्शन पर लगेगी प्रदर्शनी, होंगे वैदिक अनुष्ठान

मीडिया ऑडीटर, भोपाल ( एजेंसी ) । सनातन संस्कृति की दिव्य अनुभूति के महापर्व महाकुम्भ प्रयागराज = 2025 में तीर्थराज प्रयाग के पावन संगम तट पर आचार्य शंकर सांस्कृतिक एकता न्यास, मध्यप्रदेश द्वारा अद्वैत वेदान्त दर्शन के लोकव्यापीकरण एवं सार्वभौमिक एकात्मता की संकल्पना के उद्देश्य से एक माह 12 जनवरी से 12 फरवरी 2025 तक एकात्म धाम शिविर सेक्टर-18, हरिश्चन्द्र मार्ग, महाकुम्भ क्षेत्र, झूंसी, प्रयागराज, उत्तरप्रदेश में किया जा रहा है।

## महाकुंभ मेला, प्रयागराज में दिखेगी मध्यप्रदेश की संस्कृति की झलक




**भोपाल।** संस्कृति विभाग की ओर से प्रयागराज में 13 जनवरी, 2025 से 26 फरवरी, 2025 तक आयोजित महाकुंभ मेला में विभाग द्वारा मध्यप्रदेश की सांस्कृतिक धरोहर, मंदिरों, साहित्य के साथ फिल्मों एवं नृत्य, गायन, वादन और अन्य को प्रदर्शित किया जा रहा है। संचालक, संस्कृति श्री एनपी नामदेव ने बताया कि कुंभ मेला परिसर के सेक्टर-7 में संस्कृति विभाग की ओर से %मध्यप्रदेश मण्डप% तैयार किया जा रहा है, जिसमें प्रदेश के कलाकारों को प्रतिदिन अपनी भक्ति-ऊवना दिखाने का अवसर दिया जा रहा है। मध्यप्रदेश मण्डप में श्रोता-दर्शकों की बैठक व्यवस्था की गई है। यहाँ आध्यात्मिक विषयों की प्रदर्शनी और संस्कृति विभाग द्वारा तैयार की गई फिल्मों का प्रदर्शन किया जायेगा।

तीर्थयात्री मध्यप्रदेश मण्डप में मध्यप्रदेश के मंदिर और ऐतिहासिक धरोहर को देख सकेंगे। मंडप में महाकालेश्वर, ओमकारेश्वर,, खजुराहो, हरसिद्धि मंदिर, भीमबेटका, सांची, मैहर, महाकालेश्वर, अमरकंटक, मां पीतांबरा पीठ, चित्रकूट, नलखेड़ा की जानकारी और चित्रों को प्रदर्शित किया जा रहा है। साथ ही देवी अहिल्या बाई की 300वीं जन्म शताब्दी पर अहिल्याघाट को प्रदर्शित करता मंच भी तैयार किया गया है।

संस्कृति विभाग द्वारा प्रतिदिन 13 जनवरी 2025 से 26 फरवरी, 2025 तक मां नर्मदा एवं गंगा आरती, गायन, वादन, नृत्य की प्रस्तुतियों का संयोजन दोपहर 12 बजे से रात्रि 10 बजे तक प्रस्तुति कलाकारों द्वारा दी जायेगी।

मंडप में विभाग द्वारा

## राष्ट्रीय शिक्षा नीति और आधुनिक शिक्षा पर चर्चा, प्राचार्यों का हुआ सम्मान



**मीडिया ऑडीटर, भोपाल ( एजेंसी )।** प्रेस्टीज इंस्टीट्यूट ऑफ मैनेजमेंट एंड रिसर्च, भोपाल में शनिवार को शैक्षिक सम्मेलन का आयोजन किया गया। इस प्रिंसिपल्स एंड एकेडमिक मीट में भोपाल और आसपास के 120 से अधिक प्रतिष्ठित विद्यालयों के प्राचार्य और शैक्षणिक नेतृत्वकर्ता शामिल हुए। कार्यक्रम में विशिष्ट शैक्षणिक योगदान देने वाले प्राचार्यों और शिक्षाविदों को सम्मानित किया गया। मुख्य अतिथि विवेक शर्मा ने राष्ट्रीय शिक्षा नीति पर विशेष चर्चा करते हुए भारतीय संस्कृति और आधुनिक शिक्षा के बीच संतुलन की आवश्यकता पर जोर दिया। डॉ. दविश जैन ने प्राचार्यों के उत्कृष्ट कार्यों की सराहना करते हुए उन्हें और बेहतर प्रदर्शन के लिए प्रेरित किया। हिमांशु जैन ने अपने संबोधन में कहा कि प्राचार्यों और शैक्षणिक नेतृत्वकर्ताओं के प्रयासों से ही युवा पीढ़ी भविष्य के सक्षम नेतृत्वकर्ताओं के रूप में विकसित हो रही है। कार्यक्रम में शिक्षा के क्षेत्र में उत्कृष्ट योगदान देने वाले प्राचार्यों और शिक्षाविदों को विशेष रूप से सम्मानित किया गया। कार्यक्रम की शोभा प्रेस्टीज फाउंडेशन के कुलाधिपति डॉ. दविश जैन, प्रेस्टीज भोपाल के अध्यक्ष हिमांशु जैन और मुख्य अतिथि सरस्वती विद्या मंदिर आवासीय विद्यालय के प्राचार्य विवेक शर्मा की उपस्थिति से बढ़ी। पीआईएमआर भोपाल के ग्रुप डायरेक्टर डॉ. अनिल बाजपेई भी इस अवसर पर मौजूद रहे।

## युवाओं को मिला आध्यात्मिक मार्गदर्शन

**मीडिया ऑडीटर, भोपाल ( एजेंसी )।** देशभर में आज राष्ट्रीय युवा दिवस धूमधाम से मनाया गया। इस मौके पर राजधानी भोपाल के नीलबड़ स्थित ब्रह्माकुमारी सुख शांति भवन ने एक रैली का आयोजन किया। इस रैली में हजारों युवा उमंग और उत्साह के साथ जुटे और देश प्रेम, व्यसन मुक्ति और जागरूकता के नारे लगाते हुए नीलबड़ क्षेत्र में मार्च किया। कार्यक्रम की प्रमुख वक्ता, सुख शांति भवन की निदेशिका नीता दीदी जी ने अपने संबोधन में कहा, इतिहास गवाह है कि समाज में बड़े बदलाव और क्रांतियां लाने में युवा शक्ति का अहम योगदान रहा है। आज के युवा को रचनात्मक कार्यों में संलग्न करने की आवश्यकता है ताकि वह विध्वंस की बजाय निर्माण कार्यों में भागीदार बने। आधिकारिक आंकड़ों के अनुसार, भारत में 15 से 35 वर्ष के बीच युवाओं की संख्या दुनिया में सबसे ज्यादा है। कुल जनसंख्या का लगभग 65 प्रतिशत हिस्सा 35 वर्ष से कम उम्र के युवाओं का है, और इनमें से 27 प्रतिशत युवा 15 से 29 वर्ष आयु वर्ग में आते हैं। यह युवा शक्ति भारत के विकास और आर्थिक उन्नति के लिए अनिवार्य है।

इस अवसर पर ब्रह्माकुमारीज़ संस्थान के युवा प्रभाग द्वारा आयोजित इस कार्यक्रम में डॉक्टर्स, इंजीनियर्स, वैज्ञानिक, प्रोफेसर्स, उद्योगपति और विद्यार्थी भी उपस्थित थे। कार्यक्रम में भाग लेने वाले युवाओं ने प्रतिज्ञा ली कि वे अपने देश को स्वर्णिम भारत बनाने में पूरी तरह से योगदान देंगे, साथ ही समाज में व्यसन मुक्त और रचनात्मक कार्यों में संलग्न रहेंगे।

कार्यक्रम के अंत में युवाओं ने शांति और सद्भावना की प्रतिज्ञा ली, यह तय करते हुए कि वे देश की तरक्की में अपना पूरा योगदान देंगे और कभी भी किसी तरह के विध्वंसक कार्यों में शामिल नहीं होंगे। इस कार्यक्रम ने यह साबित कर दिया कि युवा न केवल भविष्य के निर्माण में, बल्कि समाज को सकारात्मक दिशा देने में भी सबसे अहम भूमिका निभा सकते हैं।

## मंत्री भूरिया ने उदयपुर में देश के कई राज्यों के महिला-बाल विकास मंत्रियों के सामने दिया प्रजेंटेशन



**मीडिया ऑडीटर, भोपाल ( एजेंसी )।** राजस्थान के उदयपुर में केंद्रीय महिला बाल विकास मंत्रालय द्वारा आयोजित चिंतन शिविर में म.प्र. के झाबुआ का %मोटी आई% मॉडल छा गया। शिविर के दूसरे दिन महिला बाल विकास मंत्री सुश्री निर्मला भूरिया ने देश भर के महिला बाल विकास मंत्रियों के सामने आदिवासी अंचल में किए जा रहे इस नवाचार का जिक्र किया। उन्होंने इस मॉडल के सूत्रधार झाबुआ जिला प्रशासन की प्रशंसा की।

मंत्री सुश्री भूरिया ने कहा कि मैं आदिवासी अंचल झाबुआ से आती हूं, जहां बच्चों में कुपोषण के बहुत सारे स्थानीय कारण मौजूद हैं। वैसे तो सम्पूर्ण म.प्र. में कुपोषण निवारण के लिए मुख्यमंत्री बाल आरोग्य संवर्धन कार्यक्रम प्रभावी ढंग से चलाया जा रहा है, किंतु जनजातीय बाहुल्य इलाकों की विशेष आवश्यकताओं को देखते हुए झाबुआ जिले में %मोटी आई% जैसा नवाचार किया गया है। इस नवाचार को स्थानीय कलेक्टर श्रीमती नेहा मीणा के द्वारा महिला बाल विकास विभाग, स्वास्थ्य व आयुष विभाग के संयुक्त सहयोग से संचालित किया जा रहा है। उन्होंने बताया की %मोटी आई% जिसे बड़ी मां भी कहा जाता है उन्हें विशेष प्रशिक्षण दिया गया। मोटी आई के द्वारा कुपोषित बच्चों की आयुर्वेद के अनुसार तेल से नियमित मालिश की जा रही है साथ ही स्थानीय सहयोग से बच्चों को विशिष्ट पौष्टिक आहार दिया जा रहा है। %मोटी आई% उन बच्चों के लिए वरदान बन गई है जिनके माता-पिता पलायन कर बच्चों को घर के बुजुर्ग के पास छोड़ गए हैं।

इस नवाचार की बदौलत आज बिना किसी बजट के झाबुआ जिले में 1950 गंभीर कुपोषित बच्चों के पोषण स्तर को सामान्य बनाने के लिए किए जा रहे एकजुट प्रयासों के सकारात्मक परिणाम सामने आए हैं। अब तक करीब 600 बच्चे गंभीर कुपोषण से उबरकर सामान्य पोषण की श्रेणी में आ गए हैं। मंत्री सुश्री भूरिया ने कहा कि जल्द ही झाबुआ जिले को पूरी तरह कुपोषण मुक्त बनाकर देश के सामने मॉडल के रूप में प्रस्तुत करेंगे।

## सांसद बोले-पुराने भोपाल से कलेक्टोरेट शिफ्ट करना ठीक नहीं



**मीडिया ऑडीटर, भोपाल ( एजेंसी )।** भोपाल के कलेक्टोरेट और कमिश्नर ऑफिस को प्रोफेसर कॉलोनी में शिफ्ट करने का प्लान है। इसके लिए 6 मंजिला बिल्डिंग बनेगी। नेशनल ग्रीन ट्रिब्यूनल (एनजीटी) ने प्रोफेसर कॉलोनी और कलेक्टोरेट कैंपस रीडेंसीफिकेशन प्रोजेक्ट को हरी झंडी भी दे दी है। दूसरी ओर, सरकारी दफ्तर कहां लगेंगे? इसे लेकर भी प्लानिंग हो चुकी है। इसी बीच भोपाल सांसद आलोक शर्मा का इस मुद्दे पर बयान आया है। उन्होंने कहा कि, पुराने भोपाल से कलेक्टोरेट को शिफ्ट करना ठीक नहीं है। पुराने भोपाल से सारे सरकारी ऑफिस जा रहे हैं। नगर निगम और आरटीओ पहले ही जा चुके हैं। पुराने भोपाल की जनता मेरे पास आ रही है। उनका कहना है कि अब कलेक्टर ऑफिस नहीं जाना चाहिए। इस बारे में कलेक्टर से चर्चा की है। इस मामले में मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव से भी मिलूंगा। सांसद शर्मा ने कहा, प्रयास रहेगा कि पुराने भोपाल से कलेक्टोरेट शिफ्ट न हो। बिल्डिंग पुरानी हो गई है तो उसी स्थान पर नई बिल्डिंग बनाई जा सकती है। यहीं पर पूर्व केंद्रीय और प्रदेश के मंत्रियों के बंगले हैं। वहां भी कलेक्टोरेट शिफ्ट कर सकते हैं। उन्होंने कहा, मैं पूरे भोपाल का सांसद हूं।

इसलिए हर क्षेत्र का विकास मेरे लिए जरूरी है। बता दें कि करीब दो साल पहले हाउसिंग बोर्ड ने यह प्रोजेक्ट बनाया था, लेकिन भोपाल सिटीजंस फोरम ने इलाके में पेड़ काटने और छोटे तालाब से 50 मीटर के दायरे में निर्माण को लेकर एनजीटी में याचिका दायर की थी। इसी मामले में हरी झंडी मिली। सुनवाई के दौरान हाउसिंग बोर्ड ने बताया था कि प्लानिंग इस तरह से की गई है कि ज्यादातर पेड़ बचाए गए हैं। यह तालाब से 60 से 150 मीटर दूर बनेगा। यह प्रोजेक्ट प्रोफेसर कॉलोनी में लगभग 13 एकड़ में प्रस्तावित है। हाउसिंग बोर्ड के अफसरों ने संशोधित प्रोजेक्ट का पावर पाइंट प्रेजेंटेशन कलेक्टर कौशलेंद्र विक्रम सिंह को भी दिखाया था। प्रोजेक्ट करीब 500 करोड़ रुपए का है।

## मकर संक्रांति पर बाबा बटेश्वर का तिल से श्रृंगार

**मीडिया ऑडीटर, भोपाल ( एजेंसी )।** भोपाल के बड़वाले महादेव मंदिर में शनि प्रदोष के पावन अवसर पर बाबा बटेश्वर का तिलेश्वर महादेव के रूप में भव्य श्रृंगार किया। मंदिर सेवा समिति ने यह आयोजन अयोध्या राम मंदिर की प्राण प्रतिष्ठा की प्रथम वर्षगांठ के उपलक्ष्य में किया।



समिति के प्रमुख सदस्य संजय अग्रवाल और प्रमोद नेमा ने बताया कि शाम 5 बजे विशेष पूजा-अर्चना का आयोजन किया गया। इस दौरान बाबा का तिल और विजया से अभिषेक किया गया, जिसके बाद महाआरती का आयोजन हुआ। कार्यक्रम की विशेषता यह रही कि भगवान राम के सम्मान में 501 दीपक प्रज्वलित किए गए और आकर्षक आतिशबाजी की गई। इस मौके पर आकाश अग्रवाल, अभिषेक लाला, शिशिर मित्तल, केशव फुलवानी और प्रकाश मालवीय सहित बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने भाग लिया और बाबा बटेश्वर का आशीर्वाद प्राप्त किया।

## अटल बिहारी वाजपेयी हिन्दी विश्वविद्यालय में युवा दिवस पर विविध कार्यक्रम



**मीडिया ऑडीटर, भोपाल ( एजेंसी )।** अटल बिहारी वाजपेयी हिन्दी विश्वविद्यालय मे स्वामी विवेकानंद जी के जन्म दिवस पर युवा दिवस के तहत विभिन्न प्रेरणादायक कार्यक्रम हुए। कार्यक्रम की शुरुआत योग विभाग द्वारा सूर्य नमस्कार एवं प्राणायाम सत्र से हुई। चित्रकला विभाग ने स्वामी विवेकानंद जी के जीवन पर आधारित एक विशेष चित्र प्रदर्शनी प्रस्तुत की। छात्र-छात्राओं के लिए युवाओं के लिए शाश्वत प्रेरणा विषय पर भाषण प्रतियोगिता का हुई, जिसमें प्रतिभागियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया।

स्वामी विवेकानंद जी के ऐतिहासिक शिकागो व्याख्यान का वीडियो प्रदर्शन भी किया गया, जिसने उपस्थित जनों को गहराई से प्रभावित किया। इस अवसर पर विश्वविद्यालय के कुलगुरु, प्रो. खेमसिंह डहेरिया ने स्वामी विवेकानंद जी के विचारों को समाज के सभी वर्गों के लिए प्रासंगिक है। उनके संदेशों की वर्तमान समय में आवश्यकता पर भी प्रकाश डाला। कुलसचिव श्री शैलेन्द्र कुमार जैन ने स्वामी विवेकानंद जी के विचारों को आत्मसात करने की आवश्यकता पर बल दिया।

## 700 तरह के गुलाब देखने 20 हजार लोग पहुंचे

**मीडिया ऑडीटर, भोपाल ( एजेंसी )।** भोपाल के शिवाजी नगर स्थित गुलाब गार्डन में शनिवार को शुरू हुई 44वीं अखिल भारतीय गुलाब प्रदर्शनी का समापन रविवार को हो गया। इस प्रदर्शनी में प्रदेशभर से 2,500 एंट्री हुई थी। खास बात यह रही कि प्रदर्शनी में पहली बार 11 नई किस्मों के गुलाब प्रदर्शित किए गए। दूसरे दिन 20,000 से ज्यादा लोग अपने परिवार के साथ गुलाब प्रदर्शनी देखने पहुंचे। कोई यहां सेल्फी क्लिक करता दिखा, तो कोई इन खूबसूरत रंगों और किस्मों के गुलाब के पौधे खरीदने के लिए उत्सुक नजर आया। यहां कुल 700 प्रकार के गुलाब प्रदर्शित किए गए। प्रदर्शनी की जज वर्ल्ड रोज फेडरेशन की प्रेसिडेंट डीआना फोम वर्ग थीं। मध्य प्रदेश रोज सोसाइटी के सदस्य एस.एस. गद्रे ने बताया कि प्रदर्शनी में पहली बार बेबी पिंक रंग का स्वीट एवलांच गुलाब शामिल किया गया। इसके अलावा मिलिया, ब्लश, सोलायर, मार्केल, और व्हाइट एवलांच जैसी प्रजातियां भी प्रदर्शित की गईं।



इस बार प्रदर्शनी में 30 से ज्यादा गमलों में सॉयल-लेस गुलाब के पौधे प्रदर्शित किए गए। इन पौधों को मिट्टी के बजाय सिंडर या कोको पिट में उगाया गया है, जो पर्यावरण के अनुकूल होते हैं। प्रदर्शनी में पहली बार 11 नई किस्मों के गुलाब प्रदर्शित किए गए। इनमें कट फ्लावर श्रेणी की 5 नई किस्में शामिल थीं, जिनमें सबसे खास %मिस समर स्नो% रहा। इस सफेद गुलाब को बेल्जियम के मार्टिन विसर्स ने हाइब्रिड तकनीक से विकसित किया है। अन्य प्रमुख किस्मों में ब्राइट एंड ब्रीजी, टोई टोई कैंडी, केन कॉकटेल, और आर्कटिक ब्लू रोज शामिल थे।

इसके अलावा, बेबी पिंक रंग का स्वीट एवलांच गुलाब पहली बार प्रदर्शनी में दिखा। यह गुलाब इन दिनों वेडिंग गारलैंड के सबसे अधिक मांग वाले फूलों में से एक है। अन्य आकर्षक किस्मों में जुमिलिया, ब्लश, सोलायर, मार्केल,और %व्हाइट एवलांच गुलाब शामिल रहे, जो प्रदर्शनी में विशेष आकर्षण का केंद्र बने।

बच्चों ने प्रदर्शनी में खूब फोटोग्राफी करवाई। फूलों के साथ फोटो खिंचवाते हुए उनकी खुशी देखते ही बन रही थी। कई बच्चे गुलाबों की खूबसूरती को अपने कैमरे में कैद करते भी नजर आए।

बच्चों ने प्रदर्शनी में खूब फोटोग्राफी करवाई। फूलों के साथ फोटो खिंचवाते हुए उनकी खुशी देखते ही बन रही थी। कई बच्चे गुलाबों की खूबसूरती को अपने कैमरे में कैद करते भी नजर आए। मप्र रोज सोसाइटी भोपाल ने दो गार्डन्स को एडॉप्ट किया है। इनको वर्ल्ड समिट के लिए तैयार करेगी। इसमें एक बीएचईएल का नेहरू रोज गार्डन है और दूसरा विधानसभा के भीतर का गार्डन। इन दिनों गार्डन के कंसलटेशन के लिए एमओयू साइन किया गया है और 2028 तक इन दोनों गार्डन में कौन सी मिट्टी या खाद का इस्तेमाल होगी, किस वैराइटी के गुलाब लगाए जाएंगे, इनकी देखभाल कैसे होगी? यह सारी जिम्मेदारी और कंसलटेशन एमपी रोज सोसाइटी उठाएगी।

प्रिंस अथर्व ने बताया कि, सभी गुलाब बेहद खूबसूरत थे।

## प्रयागराज महाकुभ में 'एकात्म धाम' शिविर का हुआ शुभारंभ

**मीडिया ऑडीटर, भोपाल ( एजेंसी )।** प्रयागराज महाकुम्भ में आचार्य शंकर सांस्कृतिक एकता न्यास, संस्कृति विभाग मध्यप्रदेश शासन द्वारा अद्वैत वेदान्त दर्शन के लोकव्यापीकरण एवं सार्वभौमिक एकात्मता की संकल्पना के उद्देश्य से 12 जनवरी से 12 फरवरी तक चलने वाले एकात्म धाम शिविर का शुभारंभ रविवार को ऋषि चैतन्य आश्रम की प्रमुख आनंदमूर्ति गुरू माँ ने दीप प्रज्ज्वलन के साथ किया, उन्होंने पहले दिन आचार्य शंकर विरचित 'दृग-दृश्य विवेक' पर प्रवचन दिए, इस अवसर पर साधु संतो सहित देश-विदेश से बड़ी संख्या में श्रोता उपस्थित रहे। उन्होंने 'दृगदृश्यविवेक' पर वक्तव्य देते हुए कहा कि वेदांत किसी और को नहीं स्वयं को जानने की यात्रा है, इसी देह में रहते हुए आत्मबोध हो जाना सबसे अद्भुत चमत्कार है। दृष्टा और दृश्य के सम्बन्ध में उन्होंने कहा कि मन इन्द्रियों के माध्यम से जानता है, और जो मन के जानने को जान रहा है वही सच्चिदानंद स्वरूप दृष्टा है। चेतन का स्वरुप ही ज्ञान है। स्वयं को मन, बुद्धि मानना अज्ञान है, अज्ञान बोध के कारण ही मनुष्य भ्रम में जीता है, जबकि वह सच्चिदानंद स्वरुप है। उन्होंने कहा कि आचार्य शंकर ने सभी को एकता के सूत्र में जोड़ा, आज महाकुम्भ का यह स्वरूप आचार्य शंकर की देशना का ही परिणाम है। मप्र शासन के एकात्म धाम प्रकल्प की सराहना करते हुए कहा कि यह पहल अद्भुत और अभूतपूर्व है।




उन्होंने कहा कि गंगा ब्रह्मविद्या एवं यमुना प्रेमाभक्ति की परिचायक है,इनका संगम ही ध्यान स्वरूपा सरस्वती का प्रकटीकरण है। संगम के तट पर अनेक सिद्ध साधु कल्पवास के लिए आते है, जिनके दर्शन प्राय दुर्लभ होते है। आनंदोहम्, परमानंदम् एवं निर्वाणषट्कम पर सभागार, भाव विभोर होकर अद्वैत के अमृत रस में डूबा। एकात्म धाम शिविर का आयोजन महाकुम्भ क्षेत्र के सेक्टर-18, हरिश्चन्द्र मार्ग, झूंसी में किया जा रहा है। शिविर में प्रतिदिन अद्वैत वेदान्त पर केन्द्रित संवाद, श्रवण, मनन, निधिध्यासन द्वारा ध्यान, शास्त्रार्थ सभा, संत समागम, शंकर संगीत एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम, वैदिक अनुष्ठान एवं भाष्य पारायण, %एकात्म धाम% प्रकल्प पर केन्द्रित प्रदर्शनी, अद्वैतामृतम्, विमर्श सभा, पुस्तक प्रदर्शनी भी आकर्षण का केंद्र होगी। यह सुखद संयोग है कि इस बार महाकुम्भ में पहली बार श्रृंगेरी शंकराचार्य श्री श्री विधुशेखर भारती सन्निधानम् आ रहे है , वे एकात्म धाम द्वारा 25 एवं 26 जनवरी को आयोजित शास्त्रार्थ- सभा एवं दिनांक 27 जनवरी को आयोजित संत-समागम की अध्यक्षता करेंगे। संत समागम में श्रृंगेरी शंकराचार्य के साथ द्वारिका शंकराचार्य श्री श्री सदानंद सरस्वती, जूनापीठाधीश्वर आचार्य महामंडलेश्वर स्वामी अवधेशानन्द गिरि महाराज सहित हजारों साधु संत शामिल होंगे। अद्वैत एवं शांति विषय पर आयोजित विमर्श सभा में शामिल होंगे पद्मविभूषण श्री श्री रविशंकर, अद्वैत एवं पर्यावरण सत्र में एरिक सोहेम ( नार्वे) होंगे शामिल विमर्श सभा में देश- दुनिया के विद्वान 05 प्रमुख विषयों पर अद्वैत दर्शन की प्रासंगिकता पर विमर्श करेंगे।

# सीधी की मुड़री नदी में अवैध खनन, पुलिस ने दो ट्रैक्टर जब्त किए, एक मौके से भाग गया

**मीडिया ऑडीटर, सीधी (निप्र)।** सीधी जिले की मझौली पुलिस ने सोमवार को मुड़री नदी से अवैध रेत निकासी के दौरान लगभग 11 लाख रुपए कीमत के दो ट्रैक्टर-ट्रॉली जब्त किए हैं।

घटना रविवार रात की है, जब पुलिस को सूचना मिली कि उमरिया गांव के जंगल के पास स्थित प्रतिबंधित क्षेत्र मुड़री नदी में कुछ वाहन चालक अवैध रेत खनन कर रहे हैं। सूचना पर थाना प्रभारी मझौली ने तत्काल टीम गठित कर मौके पर भेजी।



जब पुलिस टीम मौके पर पहुंची तो वहां तीन वाहनों में मजदूर रेत लोड कर रहे थे। पुलिस को देखते ही दो ट्रैक्टर और एक टाटा 407 के चालक वाहन लेकर भागने लगे। पुलिस ने स्टाफ की मदद से दो ट्रैक्टर-ट्रॉली को पकड़ लिया, जबकि टाटा 407 का चालक वाहन समेत फरार हो गया।

पुलिस ने वाहन चालकों के खिलाफ धारा खान खनिज अधिनियम की विभिन्न धाराओं के तहत मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

## हर्षोल्लास के साथ मनाया जाएगा गणतंत्र दिवस समारोह : सीईओ जिला पंचायत

### संबंधित अधिकारियों को सौंपे गए दायित्व



**मीडिया ऑडीटर, सीधी (निप्र)।** मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत एवं अपर कलेक्टर अंशुमन राज द्वारा गणतंत्र दिवस समारोह के आयोजन की तैयारियों की विस्तृत समीक्षा की गई। मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत ने कहा कि गणतंत्र दिवस समारोह के गरिमामय आयोजन के लिए सौंपी गई जिम्मेदारियों का निर्वहन पूरी गंभीरता और सजगता से करें। इसके लिए राज्य शासन द्वारा विस्तृत निर्देश जारी किए गए हैं जिसका कड़ाई से पालन सुनिश्चित किया जाए।

मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत ने कहा कि गणतंत्र दिवस के मुख्य समारोह का आयोजन जिला मुख्यालय में छत्रसाल स्टेडियम में किया जावेगा। साथ ही सभी जनपद मुख्यालयों पर भी गणतंत्र दिवस समारोह का गरिमामय आयोजन किया जाएगा। ग्राम पंचायतों में भी कार्यऱ मों का आयोजन किया जाएगा जहां सरपंच द्वारा औपचारिक रूप से राष्ट्रीयध्वज फ्हराया जाएगा। सीईओ जिला पंचायत ने सभी संबंधित विभागों को निर्देशित किया है कि केन्द्र एवं राज्य सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं पर केन्द्रित झांकियों का प्रदर्शन करें। यह झांकियां कला और संस्कृति से भी प्रेरित होनी चाहिए। इसके साथ ही उन्होंने मुख्य समारोह तथा भारत पर्व में देशभक्ति से ओतप्रोत सांस्कृतिक कार्यक्रमों के आयोजन के लिए निर्देशित किया है। सीईओ जिला पंचायत ने कहा कि सभी विभाग प्रमुख आयोजन के संबंध मे दिए गए निर्देशों के अनुसार कार्यवाही कर अवगत कराना सुनिश्चित करेंगें। समारोह में उत्कृष्ट कार्य करने वाले अधिकारियों/कर्मचारियों को पुरस्कृत किया जाएगा। उन्होंने पूर्व से उत्कृष्ट कार्य करने वाले अधिकारियों/कर्मचारियों की सूची उपलब्ध कराने के निर्देश दिए हैं। साथ ही समारोह स्थल की साफ सफ़ाई, मरम्मत, बेरीकेटिंग, पेयजल, लाइटिंग, साउण्ड सिस्टम आदि की व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए हैं।

बैठक में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक अरविन्द श्रीवास्तव, उपखण्ड अधिकारी गोपद बनास नीलेश शर्मा, सिहावल एस. पी. मिश्रा, मझौली आर. पी. त्रिपाठी, कुसमी प्रिया पाठक सहित सभी विभागों के जिला स्तरीय अधिकारी उपस्थित रहे।

# कलेक्टर ने अधिकारियों को सम्मानित किया

### सीएम हेल्पलाइन शिकायत के निस्तारण में लगातार 6 महीने से प्रदेश में टॉप-5 में स्थान मिला

**मीडिया ऑडीटर, सिंगरौली (निप्र)।** सिंगरौली जिले ने सीएम हेल्पलाइन के माध्यम से जन शिकायतों के निराकरण में एक नया कीर्तिमान स्थापित किया है। जिला पिछले 6 महीनों से लगातार प्रदेश स्तर पर टॉप-5 में अपना स्थान बनाए हुए है। इस उपलब्धि को सम्मानित करते हुए कलेक्टर चंद्रशेखर शुक्ला ने सोमवार को कलेक्ट्रेट कार्यालय में आयोजित समय सीमा बैठक में जिला अधिकारियों और राजस्व विभाग के तहसीलदारों/नायब तहसीलदारों को प्रशस्ति पत्र प्रदान किए।



सम्मानित होने वाले अधिकारियों में अपर कलेक्टर पी.के. सेन गुप्ता, नगर निगम आयुक्त डीके शर्मा, जिला परिवहन अधिकारी विक्रम सिंह, ऊर्जा विभाग के अधीक्षण यंत्री आर.पी. मिश्रा, कृषि विभाग के उपसंचालक आशीष पांडेय और सामाजिक न्याय विभाग के उपसंचालक अनुराग मोदी शामिल थे। राजस्व विभाग से तहसीलदार रमेश कोल (नगर), प्रीति सिकरवार (सिंगरौली), नागेश्वर पनिका (बरगवां), चंद्रशेखर मिश्रा (सरई) और ऋषि नारायण सिंह (चितरंगी) को भी सम्मानित किया गया।

कलेक्टर शुक्ला ने इस अवसर पर कहा- नागरिकों की अपेक्षाओं पर खरा उतरना शासन की सर्वोच्च प्राथमिकता है। उन्होंने पिछले 6 महीनों से नियमित समीक्षा बैठकें कर सीएम हेल्पलाइन की रैंकिंग में सुधार के लिए विशेष प्रयास किए हैं। इसका परिणाम है कि नगर निगम, राजस्व, कृषि, ऊर्जा, वन, सहकारिता और लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी जैसे विभाग प्रदेश स्तर पर शीर्ष स्थान प्राप्त कर रहे हैं। कलेक्टर शुक्ला ने अधिकारियों से कहा- वे इसी तरह काम करते रहें, जिससे सीएम हेल्पलाइन के माध्यम से आम जनता की बेहतर सेवा की जा सके।

## जबलपुर हाईकोर्ट के जज का सिंगरौली दौरा

### 13 न्यायाधीश आवास का लोकार्पण, 24 करोड़ से बन रहे नए कोर्ट भवन का किया निरीक्षण

**मीडिया ऑडीटर, सिंगरौली (निप्र)।** जबलपुर हाईकोर्ट के न्यायमूर्ति विनय जैन दो दिवसीय सिंगरौली दौरे पर पहुंचे। उन्होंने सोमवार को रिलायंस तिराहे पर 6.90 करोड़ की लागत से बने 13 न्यायाधीश आवासीय परिसर का लोकार्पण किया। उन्होंने कलेक्ट्रेट के सामने बैढ़न में निर्माणाधीन नए न्यायालय भवन का निरीक्षण किया, जो 24 करोड़ रुपए की लागत से बन रहा है।



न्यायमूर्ति जैन ने रविवार को देवसर न्यायालय का निरीक्षण किया था। सोमवार को निगाही में कोल माइंस का जायजा लेने के बाद जिला न्यायालय परिसर में ई-कोर्ट का भी उद्घाटन किया। पीडब्ल्यूडी विभाग के अधिकारी प्रदीप कुमार के अनुसार, नए न्यायालय भवन में 18 कोर्ट रूम होंगे और बेसमेंट पार्किंग सहित अत्याधुनिक सुविधाएं उपलब्ध होंगी।

जिला अधिवक्ता संघ के अध्यक्ष बृजेंद्र पांडे ने बताया कि न्यायमूर्ति के दौरे के दौरान जिला न्यायालय के न्यायाधीश के साथ-साथ पुलिस और प्रशासन विभाग के अधिकारी भी मौजूद रहे। यह दौरा न्यायिक बुनियादी ढांचे के विकास और आधुनिकीकरण की दिशा में महत्वपूर्ण कदम है।

## 26 हजार कीमत की 67 लीटर शराब जब्त

### दो आरोपी गिरफ्तार, पुलिस ने दो इनामी वारंटी को भी पकड़ा



**मीडिया ऑडीटर, छतरपुर (निप्र)।** छतरपुर के ईशानगर थाना पुलिस ने सोमवार को अवैध शराब के खिलाफ बड़ी कार्रवाई की। पुलिस ने दो अलग-अलग स्थानों से 26 हजार रुपए कीमत की कुल 67 लीटर अवैध शराब जब्त किए है।

थाना प्रभारी शैलेंद्र सक्सेना के मुताबिक परापट्टी रोड पर एक युवक को चादर में लिपटी सात पेटी अवैध शराब के साथ पकड़ा गया। आरोपी विश्व प्रताप सिंह उर्फ कुंवर जी के पास से 63 लीटर शराब बरामद की गई, जिसकी कीमत 24,500 रुपए आंकी गई है। दूसरी कार्रवाई में आमखेड़ा रोड से शिवराज यादव को 4.3 लीटर अवैध शराब के साथ गिरफ्तार किया गया, जिसकी कीमत 1,500 रुपए है।

शराब तस्करों के खिलाफ पकड़े गए आरोपियों पर आबकारी अधिनियम के तहत कार्रवाई की गई है।

**दो वारंटी आरोपी गिरफ्तार:** इधर, पुलिस ने मारपीट के दो पुराने मामलों में फरार चल रहे दो स्थाई वारंटी अपराधियों को गिरफ्तार किया। 2018 और 2020 के अलग-अलग प्रकरणों में वांछित रामकिशन रजक और राहुल अहिरवार को पकड़ा गया। दोनों पर न्यायालय ने 2023 में स्थाई वारंट जारी किया था और पुलिस अधीक्षक छतरपुर ने प्रत्येक पर 2-2 हजार रुपए का इनाम घोषित किया था।

## राजस्व मंत्री की टिप्पणी से नाराज तहसीलदार हड़ताल पर

**मीडिया ऑडीटर, पन्ना (निप्र)।** महिला तहसीलदार पर की गई राजस्व मंत्री करण सिंह वर्मा की टिप्पणी के विरोध में प्रदेश भर के तहसीलदार और नायब तहसीलदार तीन दिन के लिए हड़ताल पर चले गए हैं, जिसके बाद राज्य में समस्त राजस्व संबंधी कार्य प्रभावित हो गए हैं। पन्ना जिले के सभी 9 तहसीलदारों और नायब तहसीलदारों ने सोमवार को अपर जिलाधिकारी नीलाम्बर मिश्रा को ज्ञापन सौंपा। नायब तहसीलदार संघ के जिलाध्यक्ष अखिलेश प्रजापति के अनुसार, 10 जनवरी को राजस्व मंत्री ने एक सार्वजनिक मंच से महिला तहसीलदार का अपमान किया, जिससे पूरे विभाग में रोष व्याप्त है। तहसीलदारों का कहना है कि वे जनता के राजस्व संबंधी सभी काम पूरी निष्ठा से करते हैं और इस तरह का व्यवहार स्वीकार्य नहीं है।

### मिनी ट्रक से 12 लाख का अवैध कबाड़ पकड़ा

## बुढ़ार के कबाड़ी बड्डे जैन के ठिकाने से जबलपुर ले जाया जा रहा था माल

**मीडिया ऑडीटर, शहडोल (निप्र)।** शहडोल जिले में अवैध कबाड़ के कारोबार पर पुलिस ने बड़ी कार्रवाई की है। अमलाई पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर एक मिनी ट्रक में लदा करीब 12 लाख का अवैध कबाड़ जब्त किया है। पुलिस के अनुसार, यह कबाड़ जबलपुर ले जाया जा रहा था। पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर की गई इस कार्रवाई में पकड़ा गया कबाड़ बुढ़ार के प्रसिद्ध कबाड़ी बड्डे जैन के ठिकाने से लोड किया गया था। ट्रक में साइकिल, मोटरसाइकिल और उनके पार्ट्स बरामद किए गए हैं। ट्रक चालक ने पूछताछ में खुलासा किया कि माल ग्राम बटुरा स्थित बड्डे जैन के ठीहे से लोड किया गया था।



जांच में सामने आया है कि बड्डे जैन न केवल बुढ़ार थाना क्षेत्र में, बल्कि अमलाई थाना क्षेत्र में भी अपना ठिकाना बनाकर वर्षों से बिना किसी रोक-टोक के अवैध कारोबार चला रहा है। अमलाई थाना प्रभारी जीपी शर्मा ने पुष्टि की है कि पुलिस ने कबाड़ से भरे मिनी ट्रक को जब्त कर लिया है और मामले में आगे की कार्रवाई जारी है।

# चरित्र संदेह में अधेड़ की पीट-पीटकर हत्या, दो सगे भाइयों ने शव जंगली नाले में फेंका

**मीडिया ऑडीटर, शहडोल (निप्र)।** शहडोल के सीधी थाना क्षेत्र के मीठी गांव में सोमवार को दो सगे भाइयों ने चरित्र संदेह के चलते नाई की हत्या कर दी। आरोपी आरिफ और छोटू को संदेह था कि मृतक चोखे लाल नापित (52) उनके घर की किसी महिला से अवैध संबंध रखता है।



**ये है पूरा मामला:** सोमवार सुबह इसी बात को लेकर आरोपियों का मृतक से विवाद हुआ। दोनों भाइयों ने गांव के बीच सड़क पर चोखे लाल की जमकर पिटाई की। इतना ही नहीं, अधमरा होने के बाद उसे अपनी बाइक पर बिठाकर करीब 5 किलोमीटर दूर मीठी जंगल के नाले में फेंक दिया।

घटना के समय कुछ ग्रामीणों ने आरोपियों को देख लिया था। उन्हें शक हुआ तो दोनों भाइयों का पीछा भी किया, लेकिन वे घने जंगल में गायब हो गए। इसके बाद ग्रामीणों ने डायल 100 को सूचना दी। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर ग्रामीणों से पूछताछ की और सर्चिंग के दौरान जंगली नाले से चोखे लाल का शव बरामद कर लिया।

पुलिस की प्रारंभिक जांच में सामने आया है कि आरोपी भाई लंबे समय से मृतक पर शक करते थे। उन्हें लगता था कि चोखे लाल का उनके घर में आना-जाना संदिग्ध है। पुलिस ने केस दर्ज कर आरोपियों की तलाश शुरू कर दी है।

**दोनों भाई फरार, तलाश जारी:** सीधी थाना प्रभारी राजकुमार मिश्रा ने बताया कि चारित्र सन्देह को लेकर मीठी गांव में एक अधेड़ की हत्या की गई है। हत्या का आरोप दो सगे भाइयों के पर है। लोगों की सूचना पर जब पुलिस ने सर्चिंग की तब जंगली नाले में चोखे लाल का शव बरामद हुआ है। दोनों भाई मौके से फरार हैं। उनकी गिरफ्तारी के लिए पुलिस लगातार दबिश दे रही है। जल्द ही आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया जाएगा।

## धान खरीदी केंद्र की झोपड़ी में आग, एक की मौत, दूसरे मजदूर ने बाहर भागकर बचाई जान

**मीडिया ऑडीटर, सीधी (निप्र)।** सीधी जिले के सिहावल जनपद पंचायत क्षेत्र के बमुरी गांव स्थित धान खरीदी केंद्र की झोपड़ी में रविवार रात आग लग गई। हादसे में एक मजदूर की जलकर मौत हो गई। मृतक की पहचान बिहार निवासी पंचू कुमार महतो के रूप में हुई है।

घटना रविवार रात करीब 3 बजे की है। दरअसल, धान उपार्जन केंद्र की झोपड़ी में दो मजदूर सो रहे थे। शॉर्ट सर्किट की वजह से अचानक झोपड़ी में आग लग गई। एक मजदूर तो तुरंत बाहर भाग निकला, लेकिन पंचू कुमार महतो आग की चपेट में आ गए और उनकी मौके पर ही मौत हो गई।

धान उपार्जन केंद्र के प्रभारी संदीप सिंह ने बताया कि मृतक बिहार का रहने वाला था और यहीं झोपड़ी बनाकर रहता था। वह केंद्र में धान भरने का काम करता था। घटना की सूचना मिलते ही सिहावल चौकी पुलिस मौके पर पहुंची। ह्यचौकी प्रभारी सिहावल दिव्य प्रकाश त्रिपाठी के अनुसार प्रथम दृष्टया यह एक दुर्घटना का मामला लग रहा है। पुलिस ने शव को पोस्टमॉर्टम के लिए अस्पताल भेज दिया है और मामले की जांच जारी है।

# पुरानी रंजिश में चाकूबाजी, युवक पर ताबड़तोड़ हमला, शहडोल मेडिकल अस्पताल रेफर

**मीडिया ऑडीटर, अनूपपुर (निप्र)।** अनूपपुर के कोतमा में रविवार रात पुरानी रंजिश में युवक पर चाकू से हमला कर दिया गया। घटना वार्ड नंबर 8 में रात करीब 10 बजे की है।

थाना प्रभारी सुंदरेश मरावी के अनुसार शत्रुघ्न वर्मा और रमेश साहू के भतीजे के बीच पुरानी रंजिश को लेकर विवाद हो रहा था। जब रमेश साहू बीच-बचाव करने पहुंचे, तब शत्रुघ्न ने उन पर चाकू से कई वार कर दिए। गंभीर रूप से घायल रमेश को तत्काल कोतमा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र ले जाया गया।



चिकित्सकों ने रमेश की नाजुक स्थिति को देखते हुए उन्हें शहडोल मेडिकल कॉलेज रेफर कर दिया। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर मामले की जांच शुरू कर दी है। थाना प्रभारी ने बताया कि पीड़ित का बयान दर्ज करने के बाद आगे की कार्रवाई की जाएगी।

## एक रात में दो जगह चोरी की वारदात

### किराना दुकान से 2 लाख का सामान और मंदिर से दान पेटी उड़ाई

**मीडिया ऑडीटर, शहडोल (निप्र)।** शहडोल में रविवार की एक ही रात में चोरों ने दो अलग-अलग स्थानों पर वारदात को अंजाम दिया। ब्यौहारी थाना क्षेत्र में एलआईसी ऑफिस के पास स्थित एक किराना की थोक दुकान में चोरों ने शटर का ताला तोड़कर चोरी की घटना को अंजाम दिया। इस दौरान चोर दुकान से दाल की बोरियां, काजू-बादाम, सरसों तेल के दस जार, गुटखा-सिगरेट और नकदी समेत करीब 2 लाख रुपए का माल चुरा ले गए।

दुकान के मालिक उत्कर्ष केसरी को सुबह पड़ोसी दुकानदार से दुकान का शटर खुला होने की सूचना मिली। मौके पर पहुंचने पर दुकान का सामान बिखरा हुआ मिला। वहीं दूसरी वारदात



कोतवाली थाना क्षेत्र की पुरानी बस्ती में स्थित दुर्गा मंदिर में हुई। चोरों ने मंदिर में रखी दान पेटी का ताला तोड़कर अंदर से नकदी चुरा ली। मंदिर के पुजारी राम जी श्रीवास्तव ने पुलिस में शिकायत दर्ज कराई है। दोनों मामलों में पुलिस ने अज्ञात चोरों के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पुलिस आसपास के सीसीटीवी फुटेज की जांच कर रही है और चोरों की तलाश में जुटी है।

# मेला स्थलों पर आवश्यक सुरक्षात्मक उपाय सुनिश्चित करें : सीईओ जिला पंचायत

**मीडिया ऑडीटर, सीधी (निप्र)।** समय-सीमा पत्रों की समीक्षा बैठक में मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत अंशुमन राज ने समस्त उपखण्ड अधिकारियों तथा संबंधित विभागीय अधिकारियों को निर्देशित किया है कि मकर संऱ ांति के अवसर पर 14 जनवरी को जिले के विभिन्न स्थानों पर मेले लगाए जाएंगे तथा श्रद्धालुओं द्वारा नदी घाटों में परिवारान किया जाएगा। ऐसी परिस्थितियों में समस्त नदी घाटों तथा मेला स्थल का निरीक्षण कर आवश्यक सुरक्षात्मक उपाय अपनाना सुनिश्चित करें। सुरक्षा की दृष्टि से बैरिकेटिंग तथा गोताखोरों की व्यवस्था सुनिश्चित करें। सभी स्थानों में मेडिकल टीमों की ड्यूटी लगाएं।

सीईओ जिला पंचायत ने धान उपार्जन की समीक्षा करते हुए कहा कि आगामी कुछ दिनों तक जिले में बारिश की संभावना को देखते हुए उपार्जन केंद्रों में धान का व्यवस्थित भंडारण सुनिश्चित करायें। साथ ही धान परिवहन के कार्य की गति को बढ़ाएं। उन्होंने संबंधित विभागीय अधिकारियों को उपार्जन केंद्रों का नियमित निरीक्षण करने तथा अनियमितता पाए जाने पर दोषी कर्मचारियों के विरुद्ध कठोरता से कार्यवाही करने के निर्देश दिए हैं।





सीईओ जिला पंचायत द्वारा सीएम हेल्पलाइन में दर्ज शिकायतों के निराकरण की विस्तृत समीक्षा की गई। उन्होंने कहा कि सभी विभाग प्रमुख अपने विभाग से संबंधित शिकायतों की नियमित समीक्षा करेंगे। स्वयं भी शिकायतकर्ताओं से संपर्क करेंगे तथा अधिक से अधिक शिकायतों का संतुष्टि के साथ निराकरण सुनिश्चित करेंगे। उन्होंने आगामी एक सप्ताह में अभियान चलाकर अधिक से अधिक शिकायतों को संतुष्टि के साथ निराकृत करने के निर्देश दिए हैं। सीईओ जिला पंचायत ने सीएम मोनिट में चिन्हित प्रकरणों को तत्परता से निराकृत करने के निर्देश दिए हैं।मुख्यमंत्री जनकल्याण अभियान की समीक्षा करते हुए सीईओ जिला पंचायत ने शिविरों के कुशल आयोजन करने के निर्देश दिए हैं। केन्द्र एवं राज्य की जनकल्याणकारी योजनाओं के लाभ से वंचित पात्र हितग्राहियों को चिन्हांकित करने तथा उन्हें पात्रतानुसार लाभान्वित करने के निर्देश दिए गए हैं। उन्होंने शिविरों में प्राप्त समस्त आवेदनों को पोर्टल पर दर्ज करने तथा निराकृत करने के निर्देश दिए हैं। सीईओ जिला पंचायत ने रेलवे के भूअर्जन संबंधित लंबित प्रकरणों को तत्परता से निराकृत करने के निर्देश दिए हैं

बैठक में उपखण्ड अधिकारी गोपद बनास नीलेश शर्मा, सिहावल एसपी मिश्रा, कुसमी प्रिया पाठक, मझौली आरपी त्रिपाठी सहित सभी विभागों के जिला स्तरीय अधिकारी उपस्थित रहे।

## संभागायुक्त ने किया निरीक्षण, जिला अस्पताल के नए भवन में मिलेगी मॉड्यूलर ऑपरेशन थियेटर की सुविधा

**मीडिया ऑडीटर, अनूपपुर (निप्र)।** शहडोल संभाग की आयुक्त सुरभि गुप्ता ने सोमवार जिला चिकित्सालय के नवनिर्मित भवन का आकस्मिक निरीक्षण किया। आयुक्त गुप्ता ने बाह्य रोगी विभाग, उमंग स्वास्थ्य केंद्र, प्रसूति विभाग और ऑपरेशन कक्ष में भी जाकर जांच पड़ताल की। इस दौरान सिविल सर्जन ने आयुक्त गुप्ता को अवगत कराया, कि नए भवन में अत्याधुनिक मॉड्यूलर ऑपरेशन थियेटर की सुविधा उपलब्ध होगी, जो गंभीर मामलों में बेहतर चिकित्सा सेवाएं प्रदान करने में सहायक होगी।

यह नया भवन आधुनिक चिकित्सा उपकरणों और सुविधाओं से लैस होगा, जिससे स्थानीय स्तर पर ही उच्च स्तरीय स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध हो सकेंगी। इस पहल से जिले में स्वास्थ्य सेवाओं की गुणवत्ता में महत्वपूर्ण सुधार की उम्मीद है।

# संपादकीय

## क्या 'वायसराय' बन जाएंगे उपकुलपति

व्यावहारिक रूप से सभी सरकारें अधिक शक्ति चाहती हैं और खुद को अधिक नियंत्रण और अधिक अधिकार देने के लिए कानून बनाती हैं। ऐसा इसलिए है क्योंकि शासकों का मानना है कि वे ही जानते हैं कि देश और लोगों के लिए क्या अच्छा है। कुछ व्यक्तियों में भी यही जटिलता होती है। इसे 'उद्धारकर्त्ता'( या मसीहा ) जटिलता कहा जाता है। यह एक मनोवैज्ञानिक निर्माण है जो किसी व्यक्ति को यह विश्वास दिलाता है कि उसे सभी समस्याओं को 'ठीक' करना चाहिए और लोगों को 'बचाना' चाहिए। इसके चरम रूप में यह भ्रम पैदा कर सकता है कि वह जैविक रूप से पैदा नहीं हुआ है, बल्कि 'भगवान ने मुझे भेजा है'। 7 जनवरी, 2025 को अखबारों के अंदर के पन्नों पर छपी खबर थी कि यू.जी.सी. ने उपकुलपतियों की नियुक्ति के लिए नियमों में संशोधन किया है। विषय वस्तु विश्वविद्यालयों के उपकुलपतियों की चयन प्रक्रिया थी। विश्वविद्यालय अनुदान आयोग (यू.जी.सी.) ने मसौदा विनियम जारी किए हैं और टिप्पणियां आमंत्रित की हैं।

व्यापक-आधारित और कॉलेजियम = वर्तमान में, एक या अधिक विश्वविद्यालयों की स्थापना को अधिकृत करने वाले अधिकांश अधिनियमों में, राज्य के राज्यपाल को कुलाधिपति बनाया जाता है। केंद्रीय विश्वविद्यालयों की स्थापना करने वाले कुछ अधिनियमों में, राष्ट्रपति विजिटर होते हैं। राज्यपाल, हमेशा, एक लंबे समय से सेवानिवृत्त राजनीतिक नेता या एक प्रतिष्ठित नागरिक होता था। राज्यपाल से संवैधानिक रूप से कार्य करने की अपेक्षा की जाती थी और वह ऐसा करता भी था। वर्तमान विनियमन एक खोज-सह-चयन समिति का प्रावधान करते हैं जिसमें राज्यपाल, राज्य सरकार, विश्वविद्यालय की सीनेट और विश्वविद्यालय के सिंडिकेट में से प्रत्येक का एक नामित व्यक्ति शामिल होगा। खोज-सह-चयन समिति व्यापक-आधारित और लोकतांत्रिक थी। हालांकि अंतिम चयन कुलाधिपति/राज्यपाल द्वारा किया जाता था। अतीत में, राज्यपाल आमतौर पर राज्य सरकार की 'सहायता और सलाह' पर कार्य करते थे। दुर्भाग्य से, पिछले दशक में उस प्रथा को दफना दिया गया और राज्यपालों ने अपने विवेक से उपकुलपति नियुक्त किए हैं। बदतर के लिए समय बदल गया है। मौजूदा व्यवस्था के तहत राज्यपाल आर.एस.एस./भाजपा की विचारधारा के प्रति वफादारी के लिए पुरस्कृत राजनीतिक नियुक्तियां या भरोसेमंद सेवानिवृत्त सिविल सेवक होते हैं।

# आज का आर्थिक रूप से गतिशील भारत मनमोहन सिंह की विरासत है

मार्टिन वुल्फ

**डा. मनमोहन सिंह के समान में आयोजित कार्यक्रम को संबोधित करने के लिए आमंत्रित किया जाना मेरे लिए समान और खुशी की बात है, वे सबसे महान व्यक्ति हैं जिन्हें जानने का सौभाग्य मुझे मिला है। एक लोक सेवक के रूप में सिंह की उपलब्धियां मेरे द्वारा जाने गए किसी भी अन्य व्यक्ति से कहीं अधिक हैं। आज कई लोग उनकी उपलब्धियों के बारे में बात करेंगे। मैं उनके असाधारण चरित्र पर और भी अधिक जोर देना चाहूंगा। मैं कई चतुर और योग्य लोगों से मिला हूं। लेकिन सिंह दूसरों से अलग थे। वे हमेशा संतुलित, विचारशील और बुद्धिमान थे। वे सबसे बढ़कर, सबसे दुर्लभ व्यक्ति थे। वे उच्च पद पर एक पूरी तरह से सय व्यक्ति थे। मैं उनसे पहली बार 1974 के मध्य में मिला था, जब वे भारत सरकार के मुय आर्थिक सलाहकार थे, और मैं भारत में विश्व बैंक का वरिष्ठ प्रभागीय अर्थशास्त्री था। यह पहली तेल आपदा से ठीक पहले की बात है।**



सिंह ने अपने मौलिक शोध प्रबंध 'भारत के निर्यात रूझान और आत्मनिर्भर विकास की संभावनाएं' में पहले ही पहचान कर ली थी कि इस तरह के झटके के बाद भारत को किन समस्याओं का सामना करना पड़ेगा, जिसे बाद में 1964 में क्लेरेंडन प्रैस द्वारा प्रकाशित किया गया। तेल की कीमतों में भारी वृद्धि के प्रति भारत की अत्यधिक संवेदनशीलता मुख्य रूप से देश के निर्यात के बेहद कम स्तर और इसके परिणामस्वरूप आयात पर सबसे कम आवश्यकता के लिए दबाव के कारण थी।

दोनों ही भारत की नीतियों में अत्यधिक व्यापार विरोधी पूर्वाग्रह के परिणाम थे। इसके बाद, मैंने 1982 में अपनी खुद की किताब 'इंडियाज एक्सपोर्ट्स' प्रकाशित की, जो उदारीकरण की बेहद जरूरी परियोजना में एक छोटा सा योगदान था। संयोग से नहीं, मुझे नफिल्ड कॉलेज में इयान लिटिल ने पढ़ाया था, जो सिंह के थीसिस सुपरवाइजर भी थे। जब मैं उनसे पहली बार मिला, तो मुझे बिल्कुल भी अंदाजा नहीं था कि वे प्रधानमंत्री पी.वी. नरसिम्हा राव के अधीन इस विकृत नीति प्रणाली में आमूलचूल सुधार करने वाले वित्त मंत्री बनेंगे। ये मेरे उनके साथ केवल व्यक्तिगत संबंध नहीं थे।

मैं अपने आजीवन मित्रों मोंटेक सिंह आहलूवालिया और शंकर आचार्य से 1971 में मिला था, जब मैं विश्व बैंक के घरेलू वित्त प्रभाग में एक युवा पेशेवर था। बेशक, दोनों ने ही उनकी सेवा में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। उनके साथ मेरी दोस्ती ने उनके साथ मेरे संबंधों को और गहरा कर दिया।इस बार एक पत्रकार के रूप में बैंक छोडने के बाद के वर्षों में भी मैं सिंह से मिलता रहा। 'फाइनांशियल टाइम्स' के पूर्व संपादक रिचर्ड लैम्बर्ट ने उन बैठकों में से एक के बारे में निम्नलिखित कहानी बताई। भारत के वित्त मंत्री के रूप में, मनमोहन सिंह ने मार्टिन वुल्फ और मेरे साथ अपने सुधार कार्यक्रम पर चर्चा करने के लिए 1990 के दशक की शुरूआत में एफ.टी. के लंदन कार्यालय का दौरा किया। मार्टिन ने पूछा कि उन्होंने ऐसा क्यों नहीं किया जो बिल्कुल स्पष्ट नीतिगत परिवर्तन जैसा लग रहा था। सिंह ने धीरे से उत्तर दिया, "हां, मार्टिन,मैं अर्थशास्त्र को समझता हूं। लेकिन आप और मेरे बीच अंतर यह है कि यदि आप कोई गलती करते हैं, तो आप इसे अपने अगले कॉलम में सुधार सकते हैं। यदि मैं कोई गलती करता हूं, तो 20 मिलियन लोग मर जाते हैं।"

एक पल के लिए, मार्टिन भी बोल नहीं पाए। सिंह एक बहुत महान व्यक्ति थे। प्रधानमंत्री के रूप में उनके वर्षों के दौरान, मैं उनसे कई मौकों पर उनके निवास पर मिला। मुझे याद है कि मैंने उनसे पाकिस्तान के साथ शांति का रास्ता खोजने की उनकी इच्छा और अमरीका के साथ संबंधों को एक नए स्तर पर लाने के उनके दृढ़ संकल्प के बारे में बात की थी। हमने हाल ही में, उनके घर पर, भारत में लोकतंत्र के भविष्य के बारे में बात की। इस पर वे दृढ़ता से आशावादी थे। 2023 की गर्मियों में उनसे मेरी आखिरी बातचीत में, मुझे पहले तो चिंता हुई कि उन्हें बात करने में बहुत मुश्किल हो रही है। मैं गलत था। वे यूक्रेन में युद्ध को लेकर पश्चिम और रूस के बीच संघर्ष पर अपनी चिंताएं व्यक्त करने में सफल रहे। हम असहमत थे। फिर भी, हमेशा की तरह, उनकी असहमति विनम्र थी, उनके तर्क तर्कसंगत थे और उनकी चिंता की जड़ें मानवीय थीं।

मनमोहन को जानना मेरे जीवन का सबसे बड़ा सौभाग्य था। उन्होंने मुझे और बाकी सभी को दिखाया कि नेतृत्व और सेवा का वास्तव में क्या मतलब है। आज का आर्थिक रूप से गतिशील भारत उनकी विरासत है।

## राजनीतिक हथियार न बने राष्ट्रीय सुरक्षा

भारत ने विवादित अक्साई चिन क्षेत्र में स्थित हॉटन प्रांत में 2 नए काऊंटी बनाने के चीन के हालिया प्रयास का सही विरोध किया है, जिस पर भारत का दावा है। विदेश मंत्रालय का कहना है कि भारत ने इस क्षेत्र पर अवैध चीनी कब्जे को कभी स्वीकार नहीं किया है। विदेश मंत्रालय ने अरुणाचल प्रदेश और असम से होकर बहने वाली ब्रह्मपुत्र नदी के तिब्बती नाम यारलुंग त्सांगपो में दुनिया की सबसे बड़ी जलविद्युत परियोजना के शुरू होने पर भी चिंता व्यक्त की है। रॉयटर्स के अनुसार, तिब्बती पठार के पूर्वी किनारे पर स्थित यह परियोजना संभावित रूप से भारत और बांग्लादेश के लाखों लोगों को प्रभावित कर सकती है।

चीन की सरकारी समाचार एजैंसी शिन्हुआ द्वारा पिछले महीने के अंत में इस मामले की रिपोर्ट किए जाने के बाद भारतीय पक्ष की ओर से विरोध किया गया। भारत का विरोध इसलिए महत्वपूर्ण है क्योंकि यह 18 दिसंबर, 2004 को सीमा तंत्र के लिए विशेष प्रतिनिधियों राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार अजीत डोभाल और चीनी विदेश मंत्री वांग यी की बैठक की पृष्ठभूमि में हुआ है। यह बैठक जून 2000 में पूर्वी लद्दाख में भड़के तनाव को हल करने के लिए थी, जिसे तब से 'गलवान संघर्ष' कहा जाता है।

भारत ने पूर्वी हिमालय की गहरी घाटियों में यारलुंग जंगबो नदी पर चीन की मैगा बांध परियोजना पर भी चिंता व्यक्त की है जो चीनी नियंत्रण में आती है। हालांकि, नई दिल्ली ने नवीनतम रिपोर्ट के बाद डाऊनस्ट्रीम देशों के साथ पारदर्शी परामर्श की आवश्यकता पर जोर दिया है। हम चीन की संदिग्ध कार्यप्रणाली को अच्छी तरह से जानते हैं। हमें भारत के खिलाफ निर्देशित चीन-पाकिस्तान धुरी को नजरअंदाज नहीं करना चाहिए। हम देश के हर महत्वपूर्ण क्षेत्र में आई.एस.आई. की विघटनकारी भूमिका की गंभीरता को कम नहीं कर सकते। हालांकि, हर बिस्तर के नीचे आई.एस.आई. की तलाश करना अवांछनीय है, जैसा कि शीत युद्ध के दौरान सी.आई.ए. और के.जी.बी. के बारे में एक बार कहा गया था। अगर कोई विदेशी एजैंसी अनुचित लाभ उठाती है, तो इसका मुख्य कारण हमारी खराब हाऊसकीपिंग है।

इस संदर्भ में, यह कहा जाना चाहिए कि भारत में रक्षा सौदे पेशेवर और स्पष्ट रूप से नहीं किए जा रहे हैं। बिचौलिए, लॉबिस्ट, ठग और राजनीतिक-नौकरशाही संचालक किसी न किसी निहित स्वार्थ के लिए काम कर रहे हैं। भले ही रक्षा नियम बिचौलियों को हार्डवेयर और हथियार खरीदने से रोकते हैं। वैसे भी इस पाखंड को क्यों सहना पड़ता है? दुनिया भर में अधिकांश रक्षा सौदों में बिचौलिए मौजूद हैं। वे यहां भी काम करते हैं। दलालों ने रक्षा सौदों में व्यापक रूप से घुसपैठ की है, यह एक ऐसा तथ्य है जो अच्छी तरह से पहचाना जाता है। यह भी सच है कि सुरक्षा की आड़ में रिश्वत का चलन फल-फूल रहा है। यह पैसा कहां जाता है? इन अंडर-द-टेबल भुगतानों से किसे लाभ होता है? प्रवर्तन अधिकारियों को भले ही इसकी जानकारी न हो, लेकिन हथियार व्यापारियों के जासूसी कैमरे पैसे और सत्ता के खेल में सबसे सम्मानित व्यक्तियों की कीमत जानते हैं। महत्वाकांक्षी मुद्दा यह है कि संदिग्ध सौदों के पीछे कौन लोग थे? ऐसे घोटालों के लिए कौन जवाबदेह होना चाहिए? वाकई बहुत सारा पैसा हाथ से गया होगा। लूट का माल किसने जेब में डाला? राष्ट्रीय सुरक्षा को दलीय राजनीति से नहीं उलझाया जाना चाहिए या राजनीतिक हथियार नहीं बनना चाहिए। वास्तव में, हमारे सुरक्षा और राजनीतिक मुद्दों के प्रति मौजूदा कारोबारी मानसिकता को झकझोर कर रख देना और अधिक सतर्क और गंभीर रवैया अपनाना महत्वपूर्ण है। चाहे हम इसे पसंद करें या नहीं, इस मुद्दे का राजनीतिकरण किया गया है। दुर्भाग्य से, इस देश में राजनीति अज्ञानता या आधी-अधूरी जानकारी पर पनपती है। इसका नतीजा यह होता है कि देश के असली मुद्दे गैर-मुद्दों में खो जाते हैं। यह ध्यान में रखना होगा कि राष्ट्रीय सुरक्षा केवल सशस्त्र बलों की ताकत या युद्ध क्षेत्रों में उनकी प्रभावी तैनाती का मामला नहीं है। यह अर्थव्यवस्था, विदेशी मामलों और अन्य महत्वपूर्ण क्षेत्रों से निपटने वाली सरकारी एजैंसियों जैसे अर्थव्यवस्था, विदेशी मामलों और खुफिया जानकारी जुटाने के अन्य महत्वपूर्ण क्षेत्रों से निपटने वाली खुफिया एजैंसियों का एक संयुक्त प्रयास है, और नीति-निर्माण में निकट समन्वय हमारी राष्ट्रीय सुरक्षा ड्क्षचताओं को दूर कर सकता है।

# परीक्षाओं की स्पष्टता पर सवाल

रोहित कौशिक

बिहार प्रशासनिक सेवा आयोग यानी बीपीएससी की 70वीं संयुक्त प्रारंभिक परीक्षा शनिवार 4 जनवरी को दोबारा कराई गई। इससे पहले बिहार लोक सेवा आयोग द्वारा 13 दिसम्बर को यह परीक्षा कराई गई थी। उस समय पटना के बापू परीक्षा केन्द्र पर इस परीक्षा में हंगामा हुआ था। इस परीक्षा के कई वीडियो सोशल मीडिया पर भी वायरल हुए थे। छात्रों ने आरोप लगाया था कि इस परीक्षा में गड़बड़ी हुई है। 16 दिसम्बर को इस मुद्दे पर बी.पी.एस.सी. ने एक प्रैस वार्ता आयोजित की। इस प्रैस वार्ता में बी.पी.एस.सी. के अध्यक्ष परमार रवि मनुभाई ने यह कहा था कि आयोग की तरफ से कोई लापरवाही नहीं हुई है। उन्होंने कहा था कि बिहार में 912 केन्द्रों पर यह परीक्षा आयोजित की गई थी। इनमें से बापू परीक्षा केन्द्र में हुई परीक्षा को रद्द किया गया।

छात्र मांग कर रहे थे कि सभी परीक्षा केन्द्रों पर यह परीक्षा दोबारा हो। लेकिन सरकार और बिहार प्रशासनिक सेवा आयोग ने छात्रों की मांग न मानते हुए शनिवार 4 जनवरी को सिर्फ पटना के बापू परीक्षा केन्द्र के छात्रों के लिए यह परीक्षा दोबारा आयोजित कराई। पटना के 22 केन्द्रों पर इस परीक्षा का आयोजन कराया गया। पटना में अभी भी छात्र इस मुद्दे पर आंदोलन कर रहे हैं। बी.पी.एस.सी. की परीक्षाओं में पहले भी कई बार गड़बड़ी की शिकायतें मिली हैं। पिछले साल शिक्षक भर्ती परीक्षा को पेपर लीक होने के कारण रद्द करना पड़ा था। बिहार में परीक्षाओं में पेपर लीक होने की शिकायतें पहले भी मिलती रही हैं। इससे पहले अमीन भर्ती, सामुदायिक स्वास्थ्य पदाधिकारी, सिपाही भर्ती जैसी कई परीक्षाओं के पेपर लीक होने की घटनाएं प्रकाश में आई हैं। पिछले कुछ वर्षों में प्रतियोगी और प्रवेश परीक्षाओं में धांधली की घटनाएं तेजी से बढ़ी हैं। उत्तर प्रदेश, बिहार, राजस्थान, मध्यप्रदेश, उत्तराखंड में अनेक प्रतियोगी परीक्षाएं इसलिए रद्द करनी पड़ीं क्योंकि उनके पेपर पहले ही लीक हो चुके थे। कुछ समय पहले नीट की परीक्षा में कथित तौर पर धांधली का मामला सामने आया था।

मैडीकल कॉलेजों में धांधली की शिकायतें पहले से ही मिलती रही हैं। इन शिकायतों को दूर करने के लिए ही नैशनल टैस्टिंग एजैंसी यानी एन.टी.ए. के माध्यम से प्रवेश परीक्षा कराने का निर्णय लिया गया था। लेकिन एन.टी.ए. भी सवालों के घेरे में आ गई थी। नीट परीक्षा में धांधली के बाद यू.जी.सी. नैट परीक्षा में भी धांधली की खबर प्रकाश में आई थी। इस दौर में परीक्षाओं में धांधली आम हो गई है। एक तरफ भारत में नए-नए विश्वविद्यालय बन रहे हैं तो दूसरी तरफ लगातार विभिन्न परीक्षाओं के पेपर लीक हो रहे हैं। बड़े-बड़े दावे पेश करने वाली सरकारें यदि परीक्षाओं के पेपर भी ठीक तरह से न करवा पाएं तो ऐसे विकास का क्या लाभ है।

जब परीक्षाएं भी ठीक तरह से न हो पाएं तो सरकार द्वारा लगातार पेश की जाने वाली उपलब्धियों का क्या औचित्य है? एक अनुमान के अनुसार पिछले 7 वर्षों में परीक्षाओं में धांधली और पेपर लीक होने के कारण डेढ़ करोड़ से ज्यादा छात्र प्रभावित हुए हैं। विकास-विकास चिल्लाने वाली सरकारों को यह समझना चाहिए कि इस दौर में जिस तरह से परीक्षाओं के पेपर लीक



हो रहे हैं, उससे हमारा देश कई साल पीछे चला गया है। सवाल यह है कि लगातार विकास होने और संसाधन बढने का छात्रों को क्या लाभ मिल रहा है? हालांकि पटना के बापू परीक्षा केन्द्र के छात्रों के लिए बी.पी.एस.सी. की 70वीं संयुक्त प्रारंभिक परीक्षा शनिवार 4 जनवरी को दोबारा कराई गई लेकिन छात्र इस पूरी परीक्षा को रद्द कर दोबारा कराए जाने की मांग को लेकर अभी भी आंदोलन कर रहे हैं।

छात्रों की मांग का समर्थन कर रहे और इस मुद्दे को लेकर अनशन पर बैठे जन सुराज पार्टी के संस्थापक प्रशांत किशोर ने कहा है कि जब तक मुख्यमंत्री परीक्षार्थियों से संवाद नहीं करते, वह अनशन नहीं तोड़ेंगे। प्रशांत किशोर इस मुद्दे को लेकर गुरुवार से अनशन पर बैठे हुए हैं। प्रशांत किशोर का कहना है कि सरकार को समझना होगा कि जनता की ताकत से बड़ी कोई ताकत नहीं होती। जनता को धर्म और जाति के दायरे से बाहर निकलकर अपने बच्चों के भविष्य के बारे में सोचना होगा। दुर्भाग्यपूर्ण यह है कि इस मुद्दे पर बिहार के मुख्यमंत्री चुप भी हैं। अपने स्वार्थ के लिए तो हमारे राजनेता कुछ भी बोलने लगते हैं लेकिन जनसरोकार से जुड़े मुददों पर वे चुप्पी साध लेते हैं।


इससे दुखद क्या होता है कि जब ऐसे मुद्दों पर छात्र सड़कों पर आ जाते हैं तो छात्रों पर ही विभिन्न तरह के आरोप लगा दिए जाते हैं। छात्रों पर ही राजनीति करने का आरोप भी लगा दिया जाता है। क्या सैंकड़ों छात्र सर्दी के मौसम में राजनीति करने सड़कों पर उतरेंगे? जब छात्र दुखी होते हैं तो उनके पास सड़कों पर उतरने के सिवाय क्या चारा रह जाता है? हो सकता है कि कुछ राजनेता अपनी राजनीति चमकाने के उद्देश्य से छात्रों के प्रदर्शन में शामिल हो जाते हों लेकिन यदि सरकार ऐसे मुद्दों पर ईमानदार है तो वह जल्दी से जल्दी इन मुद्दों को हल कर राजनेताओं को राजनीति करने से रोक सकती है।

असली सवाल यह है कि छात्रों की समस्या का हल कैसे हो। क्या एक परीक्षा केन्द्र के छात्रों के लिए दोबारा परीक्षा करा देना ही इस समस्या का हल है? जिन छात्रों को इस परीक्षा की शुचिता पर संदेह है, उनका क्या होगा? हर सरकार छात्रों के बेहतर भविष्य की कामना करती है लेकिन क्या यह कामना सिर्फ राजनीति करने तक ही सीमित है? कोई भी सरकार राजनीति से अलग हटकर सच्चे अर्थों में क्यों नहीं सोचती है? इस दौर में राजनीति की शुचिता के साथ ही परीक्षा की शुचिता भी बरकरार रहनी चाहिए, तभी हमारा देश वास्तविक रूप से तरक्की कर पाएगा।

# लूटने गए,पहचान उजागर हुई, तो सराफा कारोबारी को मार डाला

## ड्राइवर ने भाई-दोस्त संग मिलकर रची साजिश, खून के धब्बों ने पहुंचाया जेल





**मीडिया ऑडीटर, कोरबा (एजेंसी)। छत्तीसगढ़** के कोरबा में लूट करने गए नकाबपोशों ने सराफा कारोबारी गोपाल राय की हत्या कर दी। मास्टरमाइंड पूर्व ड्राइवर, वर्तमान ड्राइवर (भाई) समेत 3 लोग लूट के इरादे से घर में घुसे। जब कारोबारी ने उन्हें पहचान लिया और विरोध किया, तो चाकू से हमला कर मार डाला।

वारदात के बाद घर में रखे अटैची, सीसीटीवी डीवीआर और पत्नी नचिकेता राय का फोन ले लिया, फिर क्रेटा कार लूटकर भाग गए। इनकी साजिश थी कि, सेठ की अटैची में रखे दुकान की चाबी लेकर दुकान से सोने-चांदी के जेवरात लूटकर भाग जाएंगे। लेकिन ऐसा नहीं हो सका। घटनास्थल और कार से मिले खून के धब्बों के निशान से पुलिस को सुराग मिले और अब आरोपी सलाखों के पीछे है। इस मामले में पुलिस ने 2 आरोपी ड्राइवर आकाश और दोस्त मोहन मिंज को गिरफ्तार कर लिया है। जबकि आकाश का बड़ा भाई सूरज पूरी गोस्वामी फरार है। जिसकी तलाश की जा रही है। घटना सीएसईबी चौकी क्षेत्र के लालू राम कॉलोनी की है।

**कारोबारी के घर के आसपास छिपे थे आरोपी:** सूरज पहले कारोबारी गोपाल राय का ड्राइवर था। अभी उसका भाई आकाश ड्राइवरी कर रहा था। साजिश में साथी मोहन मिंज को भी मिला लिया। 5 जनवरी को सूरज और मोहन प्लान के तहत कारोबारी के घर के पास निर्माणाधीन मकान और बगल के मंदिर में छुप गए। रविवार रात करीब 9:45 बजे आकाश ने कारोबारी को घर छोड़ा। बरामदे में एंगल पर चाबी हैंग कर चला गया। फिर इसकी जानकारी अपने दोनों साथियों को दी। उन्हें बताया कि, सेठ की पत्नी बीमार है। वो अपने कमरे में सो रही है। बेटा बाहर गया हुआ है। घर में घुसकर सूटकेस में रखे दुकान की चाबी ले आओ और घर के बाहर खड़ी क्रेटा कार लूटकर 2 किमी दूर उसके ज्वेलरी दुकान आ जाना। आधी रात को दुकान खोलकर सोने-चांदी के जेवरात लेकर भाग जाएंगे।

**चाबी लूटने घुसे, विरोध करने पर मारा चाकू:** जब नाकाबपोश सूरज और मोहन घर के अंदर चाबी लूटने घुसे, तो सेठ ने सूरज को देख लिया। विरोध करने पर धक्का-मुक्की हो गई। पहचान उजागर होने पर सूरज ने चाकू से कारोबारी पर ताबड़तोड़ हमला कर दिया। जिससे वो लहूलुहान होकर जमीन पर गिर गए। दोनों आरोपी बाहर से घर बंद कर भाग गए। 10 मिनट में ही यह पूरी वारदात हुई है। रात करीब 10 बजे बेटा घर पहुंचा। दरवाजा खोलकर अंदर घुसा तो पिता खून से लथपथ पड़े थे। आनन-फानन में अपनी कार से अस्पताल ले गया, जहां डॉक्टर ने मृत घोषित कर दिया। बेटे ने इसकी सूचना पुलिस को भी दी। बेटे ने ड्राइवर से पूछा तो चाबी घर पर छोड़कर चले जाने की बात कही।

**बालको के बस्ती में कार छोड़कर भागे आरोपी:** आकाश को पता चल गया कि, कारोबारी की मौत हो गई है, पकड़े जाएंगे। इसलिए अपने साथियों को फोन कर कहा कि, कार लेकर बालको की ओर आओ। वहां गाड़ी खड़ी कर घर चले जाएंगे। फिर प्लान के तहत बालको रिसदा बस्ती में एक घर के बाहर क्रेटा कार खड़ी कर तीनों बाइक से अपने-अपने घर चले गए। वहीं, अटैची, फोन और डीवीआर को दर्री डैम में फेंक दिया।

**ड्राइवरों पर भरोसा नहीं, इसलिए बदल देता था कारोबारी:** बताया जा रहा है कि, कारोबारी को अपने ड्राइवर पर भरोसा नहीं रहता था। इसलिए अधिकतर ड्राइवरों को बदलते रहता था। सूरज पूरी गोस्वामी पहले ड्राइवर था। लेकिन लापरवाही बरतने पर उसे निकाल दिया गया था। अभी 3 महीने ही उसका भाई आकाश ड्राइवर बना था।

**300 से अधिक सीसीटीवी खंगाले गए:** पुलिस ने शिकायत के बाद आरोपियों तक पहुंचने के लिए 300 से अधिक सीसीटीवी कैमरों को खंगाला। 80 से अधिक पुलिसकर्मियों को अलग-अलग टास्क दिया गया था। घटनास्थल और कार में खून के धब्बों के निशान से पुलिस को सुराग मिले। एसपी सिद्धार्थ तिवारी और बिलासपुर रेंज के आईजी डॉ. संजीव शुक्ला प्रेस कॉन्फ्रेंस कर यह जानकारी दी।

**ब्लड और फिंगरप्रिंट के मिलान से पकड़ा गया:** एसपी सिद्धार्थ तिवारी बताया कि, कार में ब्लड मिला। जिससे पता चल गया था कि एक आरोपी भी जख्मी हुआ है। इसलिए चोटिल युवक की तलाश की गई। वहीं, कुआं भट्ठा निवासी ड्राइवर आकाश से पूछताछ की गई। लेकिन उसने जानकारी नहीं होने की बात कही। इसी बीच पता चला कि, उसके दोस्त मोहन के हाथ में चोट के निशान हैं। उसकी उंगली कटी हुई है। इसलिए संदेह के आधार पर उससे पूछताछ की गई। लेकिन उसने बताया कि, टाइल्स का काम करते समय चोट लगी है। पुलिस ने ब्लड और फिंगरप्रिंट का मिलान किया।

जब मोहन का ब्लड मैच हो गया, तो कड़ाई से पूछताछ की गई। तब पूरे मामले का खुलासा हुआ। हालांकि चोरी की अटैची, फोन और डीवीआर को दर्री डैम में ढूंढा जा रहा है, लेकिन अभी वो बरामद नहीं हुआ है।

### घर में घुसकर भाई-बहन का मर्डर, ईंट से कुचला सिर

## घर के आंगन में लहूलुहान मिले शव, दोनों के शरीर पर गंभीर चोटें



**मीडिया ऑडीटर, रायगढ़ (एजेंसी)।** छत्तीसगढ़ के रायगढ़ जिले में सिर कुचलकर बुजुर्ग भाई-बहन की हत्या कर दी गई। घर के आंगन में दोनों की खून से सनी लाश मिली है। दोनों के सिर पर चोट के गंभीर निशान मिले हैं। बताया जा रहा है कि ईंट से कुचलकर मारा गया है। मामला कोतवाली थाना क्षेत्र के पुरानी हटरी इलाके का है।

मिली जानकारी के मुताबिक मृतकों में सीताराम जायसवाल (65) और उनकी बहन अन्नपूर्णा जायसवाल (62) हैं। शवों के पास से ईंट के टुकड़े और ट्यूबलाइट्स के टूटे शीशे बरामद हुए हैं। आसपास काफी खून भी फैला हुआ है।

**कैसे हुई हत्या की जानकारी:** दरअसल, दोपहर को करीब 12 बजे मृतक सीताराम जायसवाल का भतीजा करन जयसवाल उनके घर पहुंचा था। वह दरवाजा खुलवा रहा था, लेकिन कोई दरवाजा नहीं खोल रहा था। वह बगल के रास्ते से अंदर जाकर देखा तो उसके बड़े पापा सीताराम और बुआ अन्नपूर्णा के शव घर के आंगन में पड़े थे।

करन जायसवाल ने बताया कि खून से सने शव देखकर वह घबरा गया। तत्काल पुलिस को और डायल 112 की टीम को सूचना दी। पुलिस सूचना मिलते ही फौरन अपनी टीम के साथ पहुंची। घर के अंदर से शवों को कब्जे में लेकर पोस्टमॉर्टम के लिए भेजा है।

**अकेले रहते थे दोनों भाई-बहन:** स्थानीय लोगों के अनुसार, सीताराम जायसवाल शादीशुदा थे, लेकिन उनकी पत्नी और बच्चे उनके साथ नहीं रहते थे। उनकी बहन अन्नपूर्णा अविवाहित थीं। दोनों अपने पुराने घर में अकेले रहते थे। करन के मुताबिक कभी-कभी एक और बुआ है, वह आती थी और चाचा आते थे।

**डॉग की मदद से सुराग की तलाश कर रही पुलिस:** मौके पर पहुंची डॉग स्क्वायड ने घटनास्थल से लेकर पुरानी हटरी इलाके की गलियों से होते हुए रेलवे स्टेशन तक का चक्कर लगाया, लेकिन कोई ठोस सुराग नहीं मिल सका। पुलिस की डॉग रूबी भी भटक गई। पुलिस ने आसपास के सीसीटीवी कैमरे खंगालने शुरू कर दिए हैं।

**हत्या की वजह अभी स्पष्ट नहीं:** सिटी कोतवाली थाना प्रभारी सुखनंदन पटेल ने बताया कि एफएसएल और डॉग स्क्वायड की मदद से जांच की जा रही है। पड़ोसी और रिश्तेदारों से पूछताछ की जा रही है। हत्या की आशंका को लेकर हर एंगल से जांच की जा रही है। घटना के पीछे का कारण जांच पूरी होने के बाद ही स्पष्ट हो सकेगा।

### बिस्किट खिलाउंगा कहकर 5 साल की बच्ची से रेप


**मीडिया ऑडीटर, सरगुजा (एजेंसी)।** छत्तीसगढ़ के सरगुजा जिले में 22 वर्षीय युवक ने 5 साल की बच्ची से रेप किया है। मासूम को बिस्किट खिलाने के बहाने जंगल ले गया, जहां वारदात को अंजाम दिया है। पीड़िता और आरोपी एक ही गांव के हैं। घटना के बाद से गांव में तनाव का माहौल है। मामला उदयपुर थाना क्षेत्र का है। जानकारी के मुताबिक, रविवार की शाम 4 बजे मासूम घर के पास खेल रही थी, तभी गांव का ही युवक उसके पास आया। उसे मिठाई खिलाने का झांसा देकर ले गया था। वारदात के बाद गांव से लगे जंगल में ही बच्ची को छोड़कर भाग गया।

**खेलते-खेलते अचानक लापता हो गई बच्ची:** परिजनों के मुताबिक बच्ची जब खेलते-खेलते अचानक लापता हो गई तो उसे वह खोजने लगे, लेकिन वह आसपास और गांव में नहीं मिल रही थी। वह अपने रिश्तेदारों से भी पूछताछ कर रहे थे, लेकिन बच्ची के बारे में किसी को भी जानकारी नहीं थी।

इसी बीच बच्ची जंगल तरफ से रोते हुए घर पहुंची। उसने दादी और मां को घटना की जानकारी दी। परिजनों ने मामले की रिपोर्ट उदयपुर थाने में दर्ज कराई। रात 8 बजे पुलिस गांव पहुंची।

# कुसुम प्लांट हादसा, 3 दिन बाद शव ले गए परिजन

## सहायता-राशि देने कतराते रहा प्रबंधन, इंजीनियर के परिवार को 44 लाख,फीटर को 35 लाख मिला मुआवजा





**मीडिया ऑडीटर, बिलासपुर (एजेंसी)।** छत्तीसगढ़ के मुंगेली जिले के कुसुम प्लांट में हादसे के बाद प्रबंधन ने मुआवजा देने से कतराते रहा। इसलिए दो शव बिलासपुर के सिम्स अस्पताल में दो दिन तक पड़े रहे। रविवार देर शाम दोनों पक्षों के बीच सहमति बनी। फीटर अवधेश कश्यप के परिवार को 35 लाख और इंजीनियर जयंत साहू के परिजन को 44 लाख का मुआवजा दिया गया। तब 3 दिन बाद परिजन मृतकों के शव ले गए। वहीं, हेल्पर प्रकाश यादव और मनोज घृतलहरे के परिवार को 23-23 लाख मुआवजा दिया गया था।

दरअसल, रायपुर-बिलासपुर एनएच पर सरगांव के पास रामबोड़ स्थित कुसुम स्मेल्टर प्राइवेट लिमिटेड में 9 जनवरी को साइलो गिरने से कर्मचारी दब गए थे। इनमें इंजीनियर जयंत साहू, सीनियर फीटर अवधेश कश्यप, दो हेल्पर प्रकाश यादव और मनोज धृतलहरे समेत 4 लोगों की मौत हो गई थी।

**जानिए किसे कितना मिला मुआवजा:** शनिवार की सुबह प्लांट से चारों शव को निकालकर पोस्टमॉर्टम के लिए सिम्स भेजा गया। जिसके बाद मॉर्च्युरी में रखी लाशों पर प्लांट प्रबंधन की तरफ से प्रशासनिक अफसर पूरे दिन बहस करते रहे। इस दौरान इंजीनियर जयंत साहू का परिजनों ने 1 करोड़ मुआवजा के बिना लाश लेकर जाने से इनकार कर दिया।

वहीं, सीनियर फिटर और हेल्पर के परिजन 50-50 लाख रुपए मुआवजे की मांग पर अड़े रहे। अफसर सभी को एक-एक कर बंद कमरे में ले जाकर बातचीत करने की कोशिश करते रहे। फिर प्रकाश के परिजन 1 लाख रुपए कैश और 22 लाख रुपए का चेक लेकर शव घर ले गए। मनोज के परिजन भी इतने ही मुआवजे पर सहमत हो गए। दो परिजनों के बीच सहमति नहीं बन पाने के कारण रविवार को भी उनका शव मॉर्च्युरी में पड़ा रहा।

**मुआवजे से नहीं हो सकती भरपाई, परिवार चलाने की मजबूरी:** इंजीनियर और सीनियर फिटर के परिजन देर रात तक सिम्स के मॉर्च्युरी में ही डटे रहे। रविवार की सुबह से प्रशासन और प्रबंधन के साथ उनकी चर्चा शुरू हुई। परिजनों का कहना था कि उनके परिवार ने जो खोया है, उसकी भरपाई कोई नहीं कर सकता। लेकिन, परिवार चलाने के लिए मुआवजा जरूरी है।

परिवार के एकमात्र जिम्मेदारी निभाने वाले की गैरमौजूदगी में उनके बच्चों को कोई परेशानी न हो, इसकी पूरी जिम्मेदारी प्रबंधन को उठानी चाहिए। उनके पूरी सैलरी परिजनों को देनी चाहिए। ताकि बच्चों की पढ़ाई जारी रहे और उनकी पत्नियां अपना जीवन यापन कर सकें। इंजीनियर जयंत साहू के भतीजे अजीत ने बताया कि, उनके चाचा ईमानदार इंजीनियर थे। काम के लिए परिवार तक को समय नहीं दे पाते थे। उनकी पूरी सैलरी जोड़ी जाए, तो एक करोड़ से अधिक होती हैं। बोनस, पीएफ नहीं चाहिए, सिर्फ एक करोड़ की राशि पत्नी और बच्चों को दी जाए। ताकि उन्हें भविष्य में कोई आर्थिक संकट का सामना न करना पड़े।

**देर शाम बनी सहमति, इंजीनियर को 44 तो फिटर के परिजन को 35 लाख:** दिन भर चर्चा का दौर चलता रहा। हादसे में लापरवाही के बाद प्रबंधन मुआवजा देने के लिए मनमानी करने पर अड़ा रहा। प्रशासन की अध्यस्थता के बाद परिजनों और प्रबंधन के बीच देर शाम सहमति बनी। इस दौरान इंजीनियर जंयत साहू के परिजनों ने बताया कि उन्हें 44 लाख रुपए का मुआवजा दिया गया।

जबकि, मृतक फीटर अवधेश कश्यप के परिवार को 35 लाख रुपए मुआवजा दिया गया। जिसके बाद दोनों शवों का पोस्टमॉर्टम हुआ और परिजन शव लेकर रवाना हुए। बता दें कि एक दिन पहले शनिवार को हादसे में मृत प्रकाश यादव और मनोज घृतलहरे के परिवार को 23-23 लाख मुआवजा दिया गया था।

**इधर, कलेक्टर ने जांच रिपोर्ट मांगी:** रामबोड़ ग्राम स्थित कुसुम प्लांट में हुए हादसे को लेकर मुंगेली कलेक्टर राहुल देव ने कई बिंदुओं पर जांच रिपोर्ट मांगी है। औद्योगिक सुरक्षा विभाग के अधिकारियों को प्लांट में लगे हर साइलो के उपयोग की पूरी तरह जांच कर सभी दस्तावेज प्रस्तुत करने को कहा है। एक निर्देश श्रम विभाग को दिए हैं।

## छेरछेरा पर्व पर विशेष लेख, छत्तीसगढ़ की सांस्कृतिक धरोहर है छेरछेरा

**मीडिया ऑडीटर, एमसीबी (निप्र)।** छत्तीसगढ़ राज्य की सांस्कृतिक धरोहर और परंपराओं में गहरी जड़ें जमाए हुए कई पर्व और उत्सव हैं, जो न केवल धार्मिक दृष्टिकोण से महत्वपूर्ण होते हैं, बल्कि समाज में सामूहिकता, भाईचारे और सामाजिक सहयोग की भावना को भी बढ़ावा देते हैं। इनमें से एक प्रमुख और विशिष्ट पर्व छेरछेरा है, जो विशेष रूप से छत्तीसगढ़ के सरगुजा क्षेत्र में धूमधाम से मनाया जाता है। यह पर्व छत्तीसगढ़ की ग्रामीण संस्कृति का आदर्श प्रस्तुत करता है और किसानों के जीवन से जुड़ा हुआ है। छेरछेरा पर्व कृषि पर आधारित होने के कारण यह नए कृषि मौसम और फसल कटाई के बाद मनाया जाता है, जिसे हर साल पौष पूर्णिमा के दिन बड़े धूमधाम से मनाया जाता है।

**समाज में सामूहिकता और सहयोग का प्रतीक है छेरछेरा:** छेरछेरा पर्व की शुरुआत में ग्राम देवताओं की पूजा होती है, जिसे ग्रामीण अपने क्षेत्र की सुरक्षा के लिए तथा कृषि की उन्नति की कामना से करते हैं। यह पर्व फसल के कटाई के बाद एक सामूहिक उत्सव के रूप में मनाया जाता है, जो समाज के सभी वर्गों को एकजुट करता है। इस दिन विशेष रूप से छोटे बच्चे, युवक और युवतियां हाथ में टोकरी या बोरियां लेकर घर-घर छेरछेरा मांगने निकलते हैं। वे ष्छेर छेरता माई मोरगी मार दे, कोठे के धान ला हेर देष् जैसे पारंपरिक गीत गाते हुए घरों के सामने जाते हैं और वहां से नया चावल और नकद राशि प्राप्त करते हैं। यह सब एक सामूहिक खुशी का हिस्सा होता है, जो पूरे गांव को उत्साहित और सामूहिक रूप से एकजुट करता है।

**जनजातीय समुदाय की धार्मिक मान्यताएं और परंपराएं:** समाज की एकता और सामूहिक सहयोग को दर्शाते हुए यह पर्व केवल एक पारंपरिक उत्सव ही नहीं है, बल्कि यह सामाजिक और आर्थिक सहयोग का एक महत्वपूर्ण माध्यम भी बन जाता है। छेरछेरा के दौरान लोगों द्वारा इकट्ठा किया गया चावल और धन गरीब और जरूरतमंद परिवारों में बांटा जाता है, जिससे ग्रामीणों के बीच सहकारिता और एकजुटता की भावना और मजबूत होती है। इस प्रक्रिया में पारंपरिक रूप से अनाज को एक स्थान से दूसरे स्थान पर ले जाने का काम किया जाता है, जिसे ग्रामीण बैंकिंग प्रणाली के रूप में देखा जा सकता है। यह प्रणाली सामाजिक सुरक्षा का एक उत्कृष्ट उदाहरण है, जहां ग्रामीण अपनी जरूरतों को साझा करते हैं और एक-दूसरे की मदद करते हैं।

**प्राकृतिक संसाधनों का सम्मान और जैव विविधता संरक्षण:** सरगुजा में छेरछेरा पर्व का विशिष्ट रूप और यहां की परंपराएं विशेष महत्व रखती हैं। सरगुजा के गांवों में यह पर्व पूरे उत्साह के साथ मनाया जाता है, और यह स्थानीय संस्कृति का अभिन्न हिस्सा बन चुका है। यहां के बच्चे विशेष रूप से छेरछेरा के दिन हर घर के सामने पहुंचते हैं, और इस दिन उन्हें नया चावल और धन प्राप्त होता है। यह पर्व न केवल कृषि का उत्सव है, बल्कि यह लोकनृत्य, संगीत और सांस्कृतिक कार्यक्रमों के माध्यम से भी अपनी अहमियत बनाए रखता है। गांवों में छेरछेरा के दौरान नृत्य और गीत की विशेष भूमिका होती है। महिलाएं जहां सुगा गीत गाती हैं, वहीं पुरुष शैला गीत गाकर नृत्य करते हैं। साथ ही युवा वर्ग भी डंडा नृत्य करते हुए घर-घर पहुंचता है। यह नृत्य और गीत स्थानीय परंपराओं और संस्कृति का हिस्सा होते हैं, जो समाज की एकता और विविधता को बढ़ावा देते हैं। इसके अलावा छेरछेरा के दौरान होने वाले कला और सांस्कृतिक कार्यक्रमों में ग्रामीण अपनी कला का प्रदर्शन करते हैं। इसमें लोकनृत्य, संगीत, नाटक और अन्य प्रदर्शन शामिल होते हैं, जिनका उद्देश्य स्थानीय कलाकारों को प्रोत्साहित करना और संस्कृति को संजोना होता है।

**प्रकृति और कुल देवी देवताओं का करते है सम्मान:** छेरछेरा पर्व का सबसे महत्वपूर्ण पहलू यह है कि यह सामाजिक समरसता का प्रतीक है। इस पर्व के माध्यम से सभी लोग अपने आपसी मतभेदों को भुलाकर एक साथ मिलकर खुशी मनाते हैं और एक-दूसरे से सहयोग करते हैं। यह पर्व उन सभी परंपराओं का जीवंत उदाहरण है, जो हमारे समाज में भाईचारे और प्यार की भावना को बढ़ावा देती हैं। छेरछेरा के दिन विभिन्न गांवों में खेलकूद, प्रतियोगिताएं और सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन होता है, जिनमें लोग अपनी कला और कौशल का प्रदर्शन करते हैं। ये कार्यक्रम न केवल मनोरंजन का साधन होते हैं, बल्कि यह समाज में सामूहिकता और सामूहिक सहयोग की भावना को भी सुदृढ़ करते हैं।

छेरछेरा पर्व में प्रकृति और देवताओं का सम्मान एक अन्य महत्वपूर्ण पहलू है। इस पर्व के दौरान लोग न केवल अपने खेतों से काटे गए धान की पूजा करते हैं, बल्कि वे पेड़-पौधों, जल, मिट्टी और अन्य प्राकृतिक संसाधनों का भी सम्मान करते हैं। यह पर्व पर्यावरण के संरक्षण और जैव विविधता के प्रति जागरूकता फैलाने का एक बड़ा अवसर होता है। लोक पूजा के माध्यम से लोग यह संदेश देते हैं कि हम प्रकृति के बिना जीवन की कल्पना नहीं कर सकते और यह हमारी जिम्मेदारी है कि हम पर्यावरण का संरक्षण करें।

# एटीएम में पट्टी लगाकर पैसे उड़ाने का वाला गैंग पकड़ाया

## ग्राहक रुपए निकालते, तो फंस जाता, फिर जाते ही निकाल लेते थे, 4 आरोपी गिरफ्तार



**मीडिया ऑडीटर, बिलासपुर (एजेंसी)।** बिलासपुर में एटीएम के शटर बाक्स में पट्टी लगाकर ग्राहकों के पैसे उड़ाने वाले गैंग को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। आरोपियों से पुलिस के कब्जे से कार और 30 हजार रुपए बरामद किया गया है। गिरोह के सदस्य शहर में कार से घूम-घूमकर इस तरह की चोरी की वारदात को अंजाम दे रहे थे। एटीएम में पट्टी लगे देखकर युवक ने पुलिस को जानकारी दी। जिसके बाद पुलिस ने रेकी कर बदमाशों को दबोच लिया। आरोपियों से पूछताछ कर उनके गैंग के अन्य सदस्यों की जानकारी जुटाई जा रही है। पूरा मामला सिविल लाइन थाना क्षेत्र का है। डीएमपी निमितेष सिंह ने बताया कि, मंगला के बाबजी कॉलोनी में रहने वाले आशीष पंकज कुमार (30) ने एटीएम में चोरी की शिकायत की। उसने बताया कि वो अपनी मां के अकाउंट से पैसे निकालने के लिए एटीएम गया था। इस दौरान उसने 9500 रुपए निकालने के लिए प्रोसेस पूरा किया। एटीएम से रुपए निकलकर मशीन में ही फंस गए। आशीष ने शटर बाक्स के पास लगी पट्टी देखा तो उसे शक हुआ।

**युवक ने पुलिस को दी जानकारी, रेकी करने के बाद पकड़ाया गैंग:** जिसके बाद युवक ने इसकी जानकारी पुलिस के डायल 112 को दी। साथ ही बैंक के टोल फ्री नंबर पर काल कर शिकायत की। इस पर पुलिस की टीम मौके पर पहुंच गई। पुलिस के साथ ही एसीसीयू की टीम ने मौके पर निगरानी शुरू कर दी। कुछ देर बाद ही वहां कार सवार युवक आए। वो रुपए निकालकर जाने लगे। इस दौरान जवानों ने घेराबंदी कर कार सवार चार युवकों को पकड़ लिया। उनके पास 30 हजार रुपए और कार जब्त की गई। एटीएम में लगे सीसीटीवी कैमरे का फुटेज चेक करने पर युवक पट्टी लगाते हुए दिखाई दे रहे थे। पुलिस ने आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है।

**कार में घूमकर शहर में तीन जगहों पर की चोरी:** पुलिस की पूछताछ में पता चला कि, आरोपी युवकों ने शहर के पुराना बस स्टैंड इमलीपारा, महाराणा प्रताप चौक, राजकिशोर नगर एटीएम में चोरी की घटना को अंजाम दिया है। आरोपी युवक कार में घूम-घूमकर एटीएम में पट्टी लगाते थे। इसके बाद ग्राहकों के आने और जाने का इंतजार करते थे। ग्राहकों के जाने के बाद आरोपी पट्टी निकालकर ग्राहकों के रुपए ले जाते थे।

# 12वीं के छात्र ने किया सुसाइड

## स्कूल के कार्यक्रम से लौटा फिर कमरे में लगाई फांसी, परिजनों का फोन नहीं उठाया, तब पता चला

**मीडिया ऑडीटर, बिलासपुर (एजेंसी)।** छत्तीसगढ़ के बिलासपुर में 12वीं कक्षा के छात्र ने फांसी लगाकर सुसाइड कर लिया। उसके आत्महत्या के कारणों का पता नहीं चला है। सुसाइड करने से पहले वो स्कूल के वार्षिकोत्सव कार्यक्रम में गया था, जहां परिजनों से बात हुई थी। तब छात्र ने छुट्टी पर घर जाने के बजाए पढ़ाई करने की बात कही थी। घटना सिटी कोतवाली थाना क्षेत्र की है।

जांजगीर-चांपा जिले के पामगढ़ निवासी वैभव साहू (18) संदीपनी पब्लिक स्कूल में 12वीं कक्षा का छात्र था। वो यहां टिकरापारा में किराए पर रूम लेकर रहता था। परिजनों ने बताया कि, शनिवार को उसके स्कूल में वार्षिकोत्सव का आयोजन था। जिसमें शामिल होने के लिए वैभव स्कूल गया था। फिर रात में घर आकर उसने फांसी लगा ली।

**फोन नहीं उठाया तब पहुंचे परिजन, फंदे पर लटकती मिली लाश:** परिजनों ने बताया कि, शनिवार को जब वो स्कूल में था, तब उनकी बात हुई थी। जिसके बाद रात करीब 10 बजे उन्होंने वैभव के मोबाइल पर फोन लगाया। लगातार घंटी बज रही थी। लेकिन, उसका फोन रिसीव नहीं हुआ। इससे घबराए परिजन पामगढ़ से बिलासपुर उसके रूम आ गए। यहां पता चला कि उसकी लाश फंदे पर लटक रही है। उन्होंने इस घटना की जानकारी पुलिस को दी।

# मकर संक्रांति के उपलक्ष पर दिल्ली वर्ल्ड पब्लिक स्कूल में बच्चों के द्वारा शानदार प्रदर्शन




**मीडिया ऑडीटर, एमसीबी (निप्र)।** जीवन में नई उम्मीदें सजाए मकर संक्रांति का यह पावन पर्व आपको ढेर सारी खुशियां दिलाए। भावना से सराबोर होकर शहर के प्रतिष्ठित शैक्षणिक संस्थान दिल्ली वर्ल्ड पब्लिक स्कूल में धूमधाम से मनाया गया फसलों का त्योहार मकर संक्रांति, लोहड़ी एवं पोंगल।

विद्यालय में कार्यक्रम का आयोजन विशेष प्रातः सभा के द्वारा किया गया कार्यक्रम के प्रारंभ में हिन्दी की वरिष्ठ शिक्षिका नीरू कुमारी सिंह ने मकर संक्रांति पर्व की महत्ता पर प्रकाश डालते हुए छात्र-छात्राओं को बताया कि सूर्य के मकर राशि में प्रवेश करने पर यह पर्व मनाया जाता है उन्होंने यह भी बताया कि ज्योतिष मान्यताओं के अनुसार इस दिन को दान धर्म और पुण्य के लिए बहुत शुभ माना जाता है इस दिन दान करने से सूर्य देव की कृपा और स्वास्थ्य लाभ प्राप्त होता है। इस दिन तिल, गुड़ चावल और द्रव्य दान किया जाता है। इस दिन खिचड़ी दान और खिचड़ी का विशेष महत्त्व है। नीरू कुमारी के उद्बोधन के पश्चात कक्षा नर्सरी के शिक्षिका अमनप्रीत कौर ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए लोहड़ी से जुड़ी जानकारियां प्रेषित की कौर ने बताया की लोहड़ी से जुड़ी अनेक मान्यताएं हैं जिनमें से एक है दुल्ला भट्टी की कहानी है जिन्होंने लड़कियों की खरीद- बिक्री के खिलाफ लड़ाई लड़ी थी, एक अन्य मान्यता के अनुसार माता सती के बलिदान को याद रखने की उपलक्ष्य में हम यह त्यौहार मनाते हैं। मकर संक्रांति के समान ही लोहड़ी में भी हम भगवान सूर्य की उपासना करते हैं और उन्हें अच्छी फसल के लिए धन्यवाद देते हैं उन्हें इस दक्षिण भारत में लोकप्रिय त्योहार पोंगल के रूप में जाना जाता है अंत में उन्होंने बताया कि हमें आपसी प्रेम,एकता और सद्भावना के साथ यह त्योहार मनाना चाहिए। इसके पश्चात विद्यालय की छात्राओं ने सुमधुर पंजाबी गीत पर प्रस्तुति दी तत्पश्चात कक्षा छठवीं की छात्राओं ने आकर्षक नृत्य ने प्रस्तुत किया इसी क्रम में कक्षा नवमी की छात्राओं ने शानदार नृत्य प्रस्तुत करते हुए वातावरण को संगीतमय कर दिया। संस्था के प्राचार्य डॉ बसंत कुमार तिवारी ने विद्यालय परिवार को शुभकामनाएं देते हुए अपने संबोधन ने कहा कि इन त्योहारों से हमें प्रकृति का सम्मान करना, मेहनत की कदर करना और अपनी संस्कृति से जुड़े रहना सीखना चाहिए साथ ही हमें यह निश्चित करना चाहिए कि हमारे जीवन में उत्सवों का उद्देश्य केवल आनंद ही नहीं बल्कि दूसरों की मदद करना और खुशियां बांटना भी हो हम सभी को इन त्योहारों पर संकल्प लेना चाहिए कि हम अपनी मेहनत और ईमानदारी से अपने लक्ष्य को हासिल करेंगे और समाज को बेहतर बनाने में योगदान देंगे, प्राचार्य महोदय की उद्बोधन के पश्चात कक्षा नवमी की छात्रा मनजोत कौर सलूजा ने भी विद्यार्थियों को लोहड़ी पर्व की शुभकामनाएं प्रेषित की। इन सभी कार्यक्रमों के तदुपरांत कक्षा तीसरी से पांचवी तक के छात्र-छात्राओं के मध्य' पतंग बनाओ प्रतियोगिता' का आयोजन किया गया प्रतियोगिता के पश्चात विद्यालय परिवार एवं सभी छात्र-छात्राओं ने लोहड़ी की पवित्र अग्नि जलाई एवं चारों तरफ नाचते गाते हुए आग में रेवड़ी, मूंगफली, खील और मक्के की आहुति देते हुए भारतवर्ष के सुख समृद्धि हेतु मंगल कामना की विद्यालय की निदेशिका पूनम सिंह ने भी संस्था के छात्र-छात्राओं एवं अभिभावकों को लोहड़ी पोंगल मकर संक्रांति की शुभकामनाएं प्रेषित करते हुए कहा कि यह त्यौहार हमें मेहनत समर्पण और प्रकृति के प्रति आभार व्यक्त करने का संदेश देता है लोहड़ी की अग्नि केवल परंपरा ही नहीं अपितु हमारे जीवन में प्रकाश और ऊर्जा का प्रतीक है जैसे किसान पूरे साल मेहनत करते हैं वैसे ही हमें भी मेहनत और अनुशासन के साथ अपने जीवन के लक्ष्य को प्राप्त करने का प्रयास करना चाहिए। कार्यक्रम का समापन प्रसाद वितरण एवं राष्ट्रगीत के साथ किया गया।

# आर्मी चीफ बोले-बांग्लादेश की चुनी सरकार से ही बात करेंगे

**नई दिल्ली ( एजेंसी )।** आर्मी चीफ जनरल उपेंद्र द्विवेदी ने सोमवार को कहा कि बांग्लादेश में तख्तापलट के दौरान उनके सेना प्रमुख के संपर्क में था, लेकिन अब हम बांग्लादेश के साथ संबंधों के बारे में तभी बात कर सकते हैं जब वहां चुनी हुई सरकार हो। जनरल उपेंद्र द्विवेदी ने दिल्ली में प्रेस कॉन्फ्रेंस के दौरान देश की सभी सीमाओं पर सुरक्षा को लेकर चर्चा की। उन्होंने चीन बॉर्डर, म्यांमार बॉर्डर के अलावा मणिपुर हिंसा को लेकर आर्मी की तैयारियों के बारे में बताया। द्विवेदी ने कहा- जम्मू-कश्मीर और लद्दाख में हम धीरे-धीरे टेररिज्म से टूरिज्म की ओर बढ़ रहे हैं। लाइन ऑफ एक्चुअल कंट्रोल (चीन सीमा) पर स्थिति संवेदनशील है, लेकिन कंट्रोल में है। इस मुद्दे पर पीएम मोदी भी चीन के प्रमुख से बात कर चुके हैं। वहां अब बफर जोन नहीं है। जम्मू-कश्मीर में फिलहाल एक्टिव आतंकियों में से 80त्न पाकिस्तान बेस्ड आतंकी हैं। 2024 में ढेर हुए आतंकियों में से भी 60त्न पाकिस्तानी थे। घाटी में फिलहाल स्थिति कंट्रोल में है। मणिपुर में हिंसा की घटनाएं जारी हैं, लेकिन हम शांति बहाली की कोशिश कर रहे हैं।

## आतिशी नामांकन दाखिल नहीं कर पाईं

**नई दिल्ली ( एजेंसी )।** दिल्ली सीएम आतिशी सोमवार को कालकाजी सीट से अपना नामांकन दाखिल नहीं कर सकीं। आतिशी पूर्व डिप्टी ष्टरूमनीष सिसोदिया के साथ रोड शो निकालते हुए जिला चुनाव अधिकारी के कार्यालय रवाना हुई थीं। रोड शो में देरी होने की वजह से वे नामांकन दाखिल किए बिना अवध ओझा के वोट ट्रांसफर मामले में चुनाव आयोग पहुंचीं। आतिशी अब मंगलवार को अपना नामांकन दाखिल करेंगी। वहीं, मुख्य चुनाव आयुक्त से मिलने के बाद आप संयोजक अरविंद केजरीवाल ने कहा कि आयोग ने ओझा का वोट दिल्ली शिफ्ट करने के आदेश दे दिए हैं। मामले में अवध ओझा ने कहा कि कल मेरा एडमिट कार्ड तैयार हो जाएगा और परसों मैं नामांकन दाखिल करूंगा। ओझा अभी ग्रेटर नोएडा के मतदाता हैं। चुनाव लड़ने के लिए उन्हें दिल्ली का मतदाता बनना होगा। इसके लिए अरविंद केजरीवाल सहित कई आप नेता चुनाव आयोग पहुंचे थे। उनका दावा था कि पटपड़गंज से क्क प्रत्याशी, ओझा को चुनाव लड़ने से रोकने के लिए उनका नाम अब तक वोटर लिस्ट में नहीं जोड़ा गया है।

## संजय राउत बोले- इंडिया ब्लॉक में तालमेल की कमी

**मुंबई ( एजेंसी )।** शिवसेना उद्धव गुट के सांसद संजय राउत ने सोमवार को कहा कि विपक्षी इंडिया गठबंधन में तालमेल की कमी है। लोकसभा चुनाव के बाद गठबंधन में शामिल दलों की एक भी बैठक नहीं हुई है। गठबंधन में सबसे बड़े दल होने के नाते कांग्रेस को ये काम करना चाहिए। राउत ने कांग्रेस पर विपक्षी गठबंधन में शामिल दलों को कमजोर करने का भी आरोप लगाया। उन्होंने कहा- कांग्रेस इंडिया ब्लॉक के दूसरे दलों के खिलाफ चुनाव लड़कर उन्हें कमजोर कर रही है।

# कान्ह क्लोज डक्ट परियोजना व सेवरखेड़ी-सिलारखेड़ी परियोजना से क्षिप्रा में प्रवहमान होगा अविरल जल-मुख्यमंत्री

**भोपाल ( एजेंसी )।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने सोमवार क्षिप्रा शुद्धिकरण के लिए निर्माणाधीन कान्ह क्लोज डक्ट डायवर्जन परियोजना का उज्जैन के ग्राम बामोरा स्थित 32 मीटर गहरे शाफ्ट-3 की निर्माणाधीन टनल में उतरकर कार्य का निरीक्षण किया। मुख्यमंत्री डॉ.यादव ने अधिकारियों को कार्य की गुणवत्ता, समय सीमा का विशेष ध्यान रखने के निर्देश दिए। मुख्यमंत्री डॉ.यादव ने कहा कि सिंहस्थ-2028 के दृष्टिगत कान्ह क्लोज डक्ट डायवर्जन




परियोजना अत्यंत महत्वपूर्ण है। उन्होंने कहा कि इस योजना से हमारे कई वर्षों का संकल्प मूर्त रूप लेगा। इस परियोजना से कान्ह का दूषित जल क्षिप्रा के किसी भी तट पर नहीं मिलेगा। कान्ह नदी का पानी शुद्धिकरण के बाद गंभीर नदी के डाउन-स्ट्रीम तक पहुंचाया जाएगा जिससे किसानों को भी सिंचाई के लिए पर्याप्त पानी भी मिल पाएगा। मुख्यमंत्री डॉ.यादव ने टनल में उतरकर कार्यरत श्रमिकों से संवाद कर उनकी कार्यशैली, जीवन चर्या व कार्य का समय और उनकी कुशलक्षेम जानी।

# तिरुपति मंदिर के लड्डू काउंटर पर आग लगी

**तिरुपति ( एजेंसी )।** तिरुपति मंदिर में 10 जनवरी से 19 जनवरी तक वैकुंठ द्वार दर्शनम उत्सव हो रहा है। इसलिए रोजाना बड़ी संख्या में यहां भक्त पहुंच रहे हैं। आंध्र प्रदेश के प्रसिद्ध तिरुपति मंदिर में सोमवार को लड्डू वितरण केंद्र के पास आग लग गई। आग उस वक्ष्ट्त लगी जब लड्डू काउंटर पर बड़े पैमाने पर पवित्र प्रसाद लेने वालों की भीड़ थी। आग लगते ही भक्ष्ट्तों में अफरा-तफरी मच गई। हालांकि, किसी के घायल होने की जानकारी नहीं है। तिरुपति तिरूमला देवस्ष्ट्थानम मंदिर प्रशासन के मुताबिक कंप्यूटर सेटअप से जुड़े क्क में शॉर्ट सर्किट के वजह से आग लगी है। हादसा 10 दिवसीय वैकुंठ द्वार दर्शनम उत्ष्ट्सव के दौरान हुई। आग की जानकारी मिलने के बाद मौके पर फायर ब्रिगेड की टीम पहुंची और आग पर काबू पाया। एक हफ्ते में दूसरा हादसा तिरुमाला मंदिर में एक हफ्ते में यह दूसरा हादसा है। इससे पहले 8 जनवरी को मंदिर में वैकुंठ द्वार दर्शन टिकट केंद्र के पास भगदड़ मच गई थी।

# यूपी में घना कोहरा, 67 ट्रेनें 10 घंटे तक लेट

**नई दिल्ली ( एजेंसी )।** देश के उत्तरी और मध्य भारत के राज्यों में पारा लगातार गिर रहा है। इसके साथ ही घने कोहरे का भी असर देखने को मिल रहा है। यूपी के 64 जिलों में घने कोहरे के कारण विजिबिलिटी 50 मीटर तक गिर गई। इससे 67 ट्रेनें 10 घंटे देरी से पहुंचीं। महोबा में ठंड के कारण एक युवक की मौत हो गई। दिल्ली में भी कई ट्रेन और कुछ फ्लाइट विजिबिलिटी घटने के कारण लेट हुईं। तमिलनाडु में चेन्नई एयरपोर्ट पर भी फ्लाइट अपने निर्धारित समय पर नहीं उड़ सकीं। हिमाचल में बर्फबारी के कारण कई शहरों में तापमान में गिरावट दर्ज की गई है। शिमला का अधिकतम तापमान पिछले 48 घंटों में 11.4 डिग्री गिरकर 5.6 डिग्री रिकॉर्ड किया गया। बिहार के पटना समेत 4 जिलों और राजस्थान के जयपुर



समेत 19 जिलों में आठवीं क्लास तक की छुट्टी घोषित कर दी गई है। मौसम विभाग ने पंजाब, हरियाणा, चंडीगढ़ समेत 15 राज्यों में कोहरे का अलर्ट जारी किया है। वहीं, अरुणाचल, असम, मेघालय, नगालैंड, तमिलनाडु, पुडुचेरी में बारिश का अनुमान जताया है।

# सीएजी रिपोर्ट पर हाईकोर्ट बोला-दिल्ली सरकार की ईमानदारी पर संदेह


**नई दिल्ली ( एजेंसी )।** सीएजी रिपोर्ट को लेकर सोमवार को हाईकोर्ट ने आतिशी सरकार को फटकार लगाई। जस्टिस सचिन दत्ता की बेंच ने कहा- ष्टत्न रिपोर्ट पर विचार करने में जिस तरह से दिल्ली सरकार ने अपने कदम पीछे खींचे हैं, उससे इनकी ईमानदारी पर संदेह पैदा होता है। रिपोर्ट स्पीकर को भेजकर फौरन विधानसभा में चर्चा करानी चाहिए थी। यह दुर्भाग्यपूर्ण है।कोर्ट भाजपा के 7 विधायकों की याचिका पर सुनवाई कर रहा था। भाजपा विधायकों ने दिल्ली विधानसभा का विशेष सत्र बुलाने की मांग की है।

उनका कहना है कि 14 मामलों पर सीएजी की रिपोर्ट पर सदन में चर्चा करवानी चाहिए। सरकार का तर्क है कि विधानसभा का कार्यकाल खत्म होने वाला है, इसलिए रिपोर्ट सदन में लाने का फायदा नहीं है। अगली सुनवाई 16 जनवरी को होगी। सूत्रों के मुताबिक सीएजी रिपोर्ट में शराब घोटाले से भी जुड़ी जानकारी है। 11 जनवरी को सीएजी की एक रिपोर्ट लीक हुई थी, जिसे भाजपा ने दिखाया था। भाजपा नेताओं ने रिपोर्ट के हवाले से बताया था कि शराब नीति से दिल्ली सरकार को 2026 करोड़ रुपए का रेवेन्यू लॉस हुआ है।

दिल्ली में 2021 में नई

# शाह बोले- शरद पवार की विश्वासघाती राजनीति दफन हुई

**मुंबई ( एजेंसी )।** गृहमंत्री अमित शाह ने रविवार को शिरडी में कहा- महाराष्ट्र की महाविजय ने कई मायने बदले हैं। शरद पवार जी ने 1978 से दाग-पत्का (विश्वासघात) की जो राजनीति शुरू की थी, उसे 20 फीट जमीन में दफनाने का काम किया। उद्धव ठाकरे ने जो द्रोह किया था और बालासाहेब के सिद्धांतों को छोड़ा था। झूठ-फरेब करके मुख्यमंत्री बने थे। महाराष्ट्र ने उद्धव ठाकरे जी को उनकी जगह दिखा दी। शाह शिरडी में महाराष्ट्र भाजपा के सम्मेलन में बोल रहे थे। इंडिया गठबंधन पर शाह ने



कहा- मुंबई चुनाव आ रहा है और शिवसेना कांग्रेस से अलग लड़ने वाली है। पूरा इंडी अलायंस एक घमंडिया गठबंधन में बिखरने की शुरुआत हुई है। इसमें महाराष्ट्र का योगदान है। इनका मनोबल टूट गया है। 2025 में हम दिल्ली फतह करेंगे।

महाराष्ट्र निकाय चुनाव पर इसी साल नगर निकाय के चुनाव हैं। विरोधियों को एक भी जगह बैठने की न मिले, इसकी चिंता करनी है। विकास की चेन तभी पूरी होती है, जब पंचायत से पार्लियामेंट तक भगवा लहरा दो। हर जगह विजय का सूत्रधार बनना है। साईंनगरी में संकल्प करते हैं कि एक-एक इकाई भाजपा जीतेगी। आगे कोई हमारे साथ विश्वासघात न कर पाए, ऐसी मजबूत भाजपा बनानी है।

## केरल में दलित एथलीट का यौन शोषण केस- 27 गिरफ्तार

**पाथनमिट्टा ( एजेंसी )।** केरल के पाथनमिट्टा में में एक दलित लड़की के यौन शोषण से जुड़े केस में अबतक 27 लोग गिरफ्तार किए गए हैं। इनमें 4 नाबालिग भी शामिल हैं। रविवार को 14 लोगों को 14 दिन की ज्यूडिशियल कस्टडी में भेजा गया। इनमें लड़की का मंगेतर भी शामिल है। पुलिस के मुताबिक 2 पुलिस थानों 10 एफआईआर दर्ज हुई हैं। पाथनमिट्टा पुलिस थाने में 7 केस दर्ज हुए। पुलिस ने 17 लोगों और 4 नाबालिगों को पकड़ा। एलावुमथिट्टा थाना पुलिस ने 6 लोगों को गिरफ्तार किया।

# महाराष्ट्र के नासिक में 6 की मौत, 5 घायल

**नासिक ( एजेंसी )।** महाराष्ट्र के नासिक में रविवार शाम करीब 7 बजे पिकअप गाड़ी लोहे की रॉड से भरी आयशर गाड़ी से टकरा गई। इस घटना में पिकअप सवार 6 लोगों की मौत हो गई। 5 लोग घायल हैं। इनमें से दो की हालत गंभीर है। इन्हें नजदीकी अस्पतालों में भर्ती कराया गया है। पुलिस के मुताबिक हादसा नासिक-मुंबई हाईवे पर हुआ। पिकअप में 16 लोग सवार




थे। ये सभी निफाड़ में आयोजित धार्मिक आयोजन से शामिल होकर सिडको लौट रहे थे। पुलिस ने बताया कि जब गाड़ी अयप्पा मंदिर के पास पहुंची, तब पिकअप ड्राइवर का कंट्रोल खो गया। इसके बाद गाड़ी लोहे की रॉड से लदी आयशर में पीछे से जा घुसी। अधिकारियों के मुताबिक, लोकल लोगों और पुलिस ने घायलों को अस्पताल में भर्ती कराया है।

# पटियाला में द रनवास पैलेस का उद्घाटन स्थगित

**पटियाला ( एजेंसी )।** पंजाब के शाही शहर पटियाला के ऐतिहासिक किला मुबारक में स्थित होटल रनवास द पैलेस का उद्घाटन आज रद्द कर दिया गया है। सीएम मान इसका उद्घाटन करने वाले थे, लेकिन सीएम कार्यालय ने जानकारी दी कि इसका उद्घाटन आज नहीं होगा।

अब उद्घाटन कल यानी मंगलवार को दोपहर 12ञ्30 बजे होगा। सरकार का दावा है कि यह सिख महल में बना दुनिया का एकमात्र होटल है। अब राजस्थान की तर्ज पर यहां भी होटल डेस्टिनेशन वेडिंग को बढ़ावा दिया जाएगा। इससे पर्यटन को भी बढ़ावा मिलेगा। बता दें कि पटियाला की रानियां इसी महल में रहा करती थीं। सरकार कई सालों से इस प्रोजेक्ट पर काम कर रही है। दो साल पहले 2022 में इस प्रोजेक्ट ने गति पकड़ी।

किला मुबारक में स्थित रनवास का इलाका, गिलौखाना और लस्सी खाना को हेरिटेज होटल में तब्दील कर दिया गया है। पुरातत्व विभाग खुद इस इमारत की मरम्मत का काम दिल्ली की एक संस्था से करवा रहा है। सरकार ने शुरुआती चरण में छह करोड़ का फंड जारी किया था।

# मोदी ने सोनमर्ग टनल का इनॉगरेशन किया

**श्रीनगर ( एजेंसी )।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने सोमवार को जम्मू-कश्मीर के गांदरबल में जेड मोड़ टनल का इनॉगरेशन किया। श्रीनगर-लेह हाइवे एनएचएम-1 पर बनी 6.4 किलोमीटर लंबी डबल लेन टनल श्रीनगर को सोनमर्ग से जोड़ेगी। टनल बनने से लोगों को ऑल वेदर कनेक्टिविटी मिलेगी। टनल का इनॉगरेशन करते हुए पीएम ने कहा, जम्मू-कश्मीर की लद्दाख की एक और बहुत पुरानी डिमांड



आज पूरी हुई है। आप पक्का मानिये ये मोदी है वादा करता है तो निभाता है। हर काम का एक समय होता है और सही समय पर सही काम भी होने वाले हैं। उधर, राज्य के सीएम उमर अब्दुल्ला ने कहा कि उम्मीद है जम्मू-कश्मीर के स्टेटहुड का वादा भी पूरा होगा। जेड मोड़ टनल के इनॉगरेशन के बाद श्रीनगर-लेह हाइवे पर गगनगीर से सोनमर्ग के बीच एक घंटे की दूरी अब 15 मिनट में पूरी होगी।

# जापान के क्योशो में 6.9 तीव्रता का भूकंप

**नई दिल्ली ( एजेंसी )।** जापान के क्योशो में सोमवार रात भूकंप के झटके महसूस किए गए। यूरोपियन मेडिटेरेनियन सिस्मोलॉजिकल सेंटर (श्वरूस्ष्ट) के मुताबिक रिक्टर स्केल पर इसकी तीव्रता 6.9 रही। भूकंप का केंद्र ह्युगानाडा सागर में 37 किलोमीटर की गहराई पर था। यह भूकंप रात 9 बजकर 19 मिनट (भारतीय समय के मुताबिक 5 बजकर 49 मिनट) पर आया। अभी तक किसी नुकसान, चोट या हताहत की कोई भी जानकारी सामने नहीं आई है।



भूकंप के तुरंत बाद एंजेसी ने मियाजाकी और कोच्चि में तटीय इलाकों के लिए सुनामी की चेतावनी जारी की है।

# भाजपा ने जाटों के साथ किया धोखा - अरविंद केजरीवाल

**नई दिल्ली ( एजेंसी )।** दिल्ली विधानसभा चुनाव के मद्देनजर आम आदमी पार्टी (आप) के प्रमुख अरविंद केजरीवाल ने भारतीय जनता पार्टी (भा.ज.पा.) पर दिल्ली के जाट समुदाय के साथ धोखा करने का आरोप लगाया है। उन्होंने कहा कि भाजपा ने आरक्षण के मामले में दिल्ली के जाटों से वादा तो किया था, लेकिन वह वादा अब तक पूरा नहीं हुआ। इस मुद्दे पर केजरीवाल ने भाजपा को जमकर घेरा और दिल्ली के जाटों को केंद्र की ओबीसी सूची में कब शामिल किया जाएगा, यह सवाल किया। सोमवार को केजरीवाल ने अपने निवास पर दिल्ली के जाट नेताओं के एक प्रतिनिधिमंडल से मुलाकात की। दिल्ली के बाहरी इलाकों में जाट समुदाय के वोटों की संख्या महत्वपूर्ण है, और विधानसभा चुनावों से पहले इस समुदाय के बीच भाजपा के प्रति



नाराजगी का माहौल बन रहा है। केजरीवाल ने संवाददाता सम्मेलन में कहा कि दिल्ली के जाट ओबीसी सूची में तो शामिल हैं, लेकिन उन्हें केंद्र की सूची में नहीं डाला गया है, जिससे उनके लिए सरकारी नौकरियों और शिक्षा के क्षेत्र में समान अवसर नहीं मिल रहे हैं।

केजरीवाल ने भाजपा पर आरोप लगाते हुए कहा, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और गृह मंत्री अमित शाह ने दिल्ली के जाटों से वादा किया था कि उन्हें केंद्र सरकार के संस्थानों में आरक्षण मिलेगा, लेकिन इस वादे को पूरा करने में भाजपा नाकाम रही है। उन्होंने यह भी कहा कि राजस्थान के जाटों को दिल्ली विश्वविद्यालय और अन्य सरकारी संस्थानों में प्रवेश मिल सकता है, लेकिन दिल्ली के जाटों के लिए यह अवसर अभी भी दूर है।

केजरीवाल ने %एक्स% (पूर्व में ट्विटर) पर पोस्ट कर बताया कि जाट नेताओं ने अपने पिछले 10 वर्षों के अनुभवों को साझा किया। उन्होंने बताया कि भाजपा ने आरक्षण के मुद्दे पर उनके साथ धोखा किया और हर बार कोई न कोई बहाना बनाकर उनकी मांगों को नकारा। जाट नेताओं ने इस अन्याय पर गहरी नाराजगी जाहिर की और केजरीवाल से समर्थन की अपील की।

# 'कुंभ की जमीन अब्बा की नहीं, हमारे बब्बा की है'

**पुरी।** बागेश्वर धाम के पीठाधीश्वर पंडित धीरेंद्र शास्त्री ने जगन्नाथ पुरी में आयोजित एक धार्मिक कार्यक्रम के दौरान कुंभ की भूमि को तीखी प्रतिक्रिया दी। उन्होंने कहा कि कुंभ की जमीन किसी के अब्बा की नहीं, बल्कि हमारे बब्बा की है।

दरअसल, कुछ दिन पहले ऑल इंडिया मुस्लिम जमात के राष्ट्रीय अध्यक्ष मौलाना शहाबुद्दीन रजवी बरेलवी ने महाकुंभ के आयोजन स्थल की भूमि को वक्फ बोर्ड की संपत्ति बताया था। उन्होंने कहा था कि महाकुंभ के मेले में जिस तरीके से नागा संन्यासियों, अखाड़े परिषद, स्वामी बाबाओं ने मुसलमानों के प्रवेश पर प्रतिबंध लगाया हैं। वो खुद जिस जमीन के हिस्से पर तंबू और मेला लगा रहे हैं, वो वक्फ की और वहां के मुसलमानों की जमीन है।



**पंडित धीरेंद्र शास्त्री की प्रतिक्रिया:** जगन्नाथ पुरी में श्रीमद्भागवत कथा के दौरान बागेश्वर पीठाधीश्वर ने मौलाना के इस बयान पर पलटवार किया। उन्होंने बिना किसी का नाम लिए कहा, कुंभ की भूमि किसी के अब्बा की नहीं, बल्कि हमारे बब्बा की है। इस्लाम धर्म का जन्म भारत में नहीं, अरब में हुआ है। जो तुम्हारे पास जमीन है, वह हमारी उदारता है। उन्होंने आगे कहा कि सनातन धर्म विश्व का सबसे पुराना और विशाल धर्म है, जो %वसुधैव कुटुंबकम्% के सिद्धांत पर चलता है। हम पूरी दुनिया को परिवार मानकर जीते हैं। जो लोग हमारी जमीन पर दावा करते हैं, उन्हें समझना चाहिए कि यह सनातन धर्म की उदारता है, लेकिन इसका दुरुपयोग न करें।

इस दौरान बागेश्वर पीठाधीश्वर ने हिंदुओं के बीच ज्ञान को लेकर कहा कि मुसलमान कुरान को समझते हैं, ईसाई बाइबल को जानते हैं, लेकिन हिंदुओं के बच्चों को गीता और रामायण का ज्ञान नहीं है। यही हिंदुओं के टूटने और बंटने का कारण है। अब हमें इंटेलिजेंट हिंदू बनना होगा।

## वर्ल्ड कप शुरू होने से पहले अमेरिका से हार गई न्यूजीलैंड की टीम

**नई दिल्ली, स्पोर्ट डेस्क।** वर्ल्ड कप खेलना किसी भी देश के लिए बड़ी बात होती है। क्रिकेट में दो लेवल पर वर्ल्ड कप खेले जाते है। सीनियर और अंडर 19 वर्ल्ड कप। इसी बीच महिलाओं के अंडर 19 टी20 वर्ल्ड कप का आयोजन किया जाना है। टूर्नामेंट का पहला मुकाबला 18 जनवरी को खेला जाएगा। इस टूर्नामेंट के शुरू होने से पहले वॉर्मअप मैचों का आयोजन किया जा रहा है। जहां अमेरिका की अंडर 19 महिला टीम ने न्यूजीलैंड की अंडर 19 महिला टीम को हरा दिया है। न्यूजीलैंड की अंडर 19 महिला टीम और अमेरिका की अंडर 19 महिला टीम के बीच खेले गए मुकाबले के बारे में बात करें तो, इस मुकाबले में अमेरिका की अंडर 19 महिला टीम ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 20 ओवर में 8 विकेट खोकर 120 रन बनाए। इस दौरान अमेरिका के लिए रितु सिंह ने सर्वाधिक 36 रनों की पारी खेली। इसके अलावा चेतना रेड्डी 24 रन और अनिका कोलन ने 20 रनों की पारी खेली। न्यूजीलैंड की अंडर 19 की महिला टीम को जीत के लिए इस मुकाबले में 121 रनों का टारगेट मिला था। जिसे उनकी टीम चेज नहीं कर सकी और वे 20 ओवर में 9 विकेट खोकर 107 रन ही बना सके। अमेरिका ने इसी के साथ इस मुकाबले को 13 रनों से अपने नाम कर लिया।

## टेनिस सुपरस्टार नोवाक जोकोविच का बड़ा दावा, कहा- मुझे खाने में दिया गया था जहर...

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** सर्बिया के टेनिस स्टार नोवाक जोकोविच अक्सर अपने खेल के कारण चर्चा में रहते हैं। लेकिन इस बार वो किसी और ही कारण के कारण चर्चा में हैं। दरअसल, जोकोविच ने एक हैरान करने वाला दावा किया है। जिसमें उन्होंने कहा है कि, ऑस्ट्रेलिया ओपन 2022 से पहले उनके खाने में जहर मिलाया गया था। जोकोविच को कोरोना वायरल की वजह से काफी दिक्कत का सामना करना पड़ा था। उनका वैक्सीन न लगने की वजह से वीजा रद्द कर दिया गया था। जिसके बाद उन्हें हिरासत में भी लिया गया था। जोकोविच ने दावा किया कि इस दौरान उनके खाने में जहर मिलाया गया था।

जोकोविच इस साल के पहले ग्रैंडस्लैम ऑस्ट्रेलिया ओपन में हिस्सा लेने गए हैं। उन्होंने इस दौरान हैरान करने वाला खुलासा करते हुए एक इंटरव्यू में कहा कि उनके खाने में जहर मिलाया गया था। जोकोविच ने एक मैग्जीन जीक्यू को इंटरव्यू दिया। वहीं उन्होंने कहा कि, मुझे मेलबर्न के होटल में जहरीला खाना दिया गया था। मेरी इससे तबियत खराब हो गई थी मैंने सर्बिया वापसी की तो पता चला कि मेरे शरीर में भारी मेटल्स काफी ज्यादा है। मेरे शरीर में लेड और मरकरी भी बहुत ज्यादा पायी गई। जोकोविच साल 2022 में कोविड19 के नियमों की वजह से ऑस्ट्रेलिया ओपन में हिस्सा नहीं ले पाए थे। उन्हें डॉक्यूमेंट्स में गलत जानकारी देने के कारण हिरासत में लिया गया था। इसके साथ ही एक होटल में चार दिनों तक रखा गया। ये डिटेंशन सेंटर था।

## एक्टर अजित कुमार का रेसिंग ट्रैक पर एक्सीडेंट

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** साउथ सुपरस्टार अजित कुमार एक कार एक्सीडेंट में बाल-बाल बचे हैं। दरअसल, रेसिंग के लिए अजित कुमार का जुनून कोई नई बात नहीं है, उन्हें टीनएज से ही मोटर स्पोर्ट्स में दिलचस्पी थी और 2000 के दशक में उन्होंने एक्टिंग से ब्रेक लेकर रेसिंग पर भी ध्यान लगाया। लेकिन हाल ही में एक वीडियो सोशल मीडिया पर काफी वायरल हो रहा है जिसमें उनकी कार के परखच्चे उड़ गए हैं। बता दें कि, दुबई 24 ऑवर रेस की तैयारी कर रहे अजित कुमार रेसिंग ट्रैक पर हुए हादसे के बाद सुर्खियों में हैं। वीडियो में अजित की तेज रफ्तार कार ट्रैक की सेफ्टी फेंस से टकराती है और घूमकर रुक जाती है। दुर्घटना के बाद अजित को एंबुलेंस से अस्पताल ले जाया गया। इस वीडियो के वायरल होने के बाद से ही फैंस के बीच हड़कंप मच गया। हालांकि, राहत की बात ये है कि अजित इस हादसे में बाल-बाल बचे हैं और उन्हें कोई गंभीर चोट नहीं आई है। अब एक दशक के बाद वह अपनी टीम अजित कुमार रेसिंग के साथ ट्रैक पर लौटे हैं। इस रेस में उनका मुकाबला अपने टीम साथी मैथ्यू डेट्री, फैबियन डुफिक्स और कैमरन मैकलियोड से होने वाला था।

# दक्षिण अफ्रीका ने पिछले कुछ वर्षों में अनुचित आलोचना का सामना किया है -डिविलियर्स

**जोहानिसबर्ग नई दिल्ली (एजेंसी)।** एबी डिविलियर्स का मानना है कि दक्षिण अफ्रीका की टीम ने पिछले कुछ वर्षों में अनुचित आलोचना का सामना किया है तथा उसने कई बदलाव के बावजूद विश्व टेस्ट चैंपियनशिप (डब्ल्यूटीसी) के फाइनल में पहुंचने के लिए अच्छा प्रदर्शन किया है।

दक्षिण अफ्रीका ने पहली बार डब्ल्यूटीसी फाइनल के लिए क्वालीफाई किया है और वह जून में लॉर्ड्स में प्रबल दावेदार ऑस्ट्रेलिया से भिड़ेगा। दक्षिण अफ्रीका की टीम ने घरेलू सरजमीं पर भारत के खिलाफ दो मैचों की श्रृंखला ड्रा कराई, लेकिन ऑस्ट्रेलिया और इंग्लैंड जैसी अन्य प्रमुख टेस्ट टीमों से नहीं खेली।


डिविलियर्स ने यहां पत्रकारों से कहा, ''मुझे लगता है कि पिछले कुछ वर्षों में दक्षिण अफ्रीका की अनुचित आलोचना हुई है। आपको टीम के बारे में राय देने से पहले पिछले तीन से पांच वर्षों में हुए सभी बदलावों को ध्यान में रखना होगा।'' उन्होंने कहा, ''कई अनुभवी खिलाड़ी संन्यास ले रहे हैं। कोचिंग स्टाफ में काफी बदलाव हुआ है। टीम में कई बदलाव हुए हैं तथा कई नई चेहरे टीम से जुड़े हैं। दो नए कोच शुक्री कॉनराड टेस्ट टीम और रोब वाल्टर सीमित ओवरों की टीम का संचालन कर रहे हैं।'' डिविलियर्स ने कहा, ''हमारी टीम में कई नई चीजें हुई हैं। इसके बावजूद हमारी टीम ने टी20 विश्व कप फाइनल के लिए क्वालीफाई किया और अब डब्ल्यूटीसी फाइनल में जगह बनाई है। यह वास्तव में अविश्वसनीय है और मुझे लगता है कि इसे हासिल करने के लिए उन्हें बहुत अधिक श्रेय मिलना चाहिए।'' डिविलियर्स



ने कहा कि दक्षिण अफ्रीका की मौजूदा टीम को ग्रीम स्मिथ की टीम की तरह निरंतरता हासिल करने के लिए अधिक से अधिक दौरे करने होंगे। उन्होंने कहा, ''हमारी टीम 2008 से 2015 तक दुनिया की शीर्ष टीमों में शामिल थी। वर्तमान टीम को उसकी जैसी निरंतरता हासिल करने में अभी थोड़ा समय लगेगा।'' डिविलियर्स ने कहा कि इसमें कोई संदेह नहीं है कि ऑस्ट्रेलिया डब्ल्यूटीसी फाइनल में जीत के प्रबल दावेदार के रूप में शुरुआत करेगा, लेकिन वह दक्षिण अफ्रीका को नजरअंदाज नहीं करेंगे। उन्होंने कहा, ''दक्षिण अफ्रीका की टीम ने असाधारण रूप से अच्छा प्रदर्शन किया है, इससे पता चलता है कि वे सकारात्मक क्रिकेट खेल रहे हैं, वे अनुकूल परिणाम हासिल करने के लिए खेल रहे हैं और मुझे उनकी यह बात पसंद है।

## गॉवस्कर ने वानखेड़े स्टेडियम की 50वीं वर्षगांठ के उद्घाटन समारोह की शोभा बढ़ाई

**मुंबई (एजेंसी)।** मुंबई क्रिकेट संघ (एमसीए) ने वानखेड़े स्टेडियम की 50वीं वर्षगांठ के भव्य समारोह की शुरुआत महान बल्लेबाज सुनील गावस्कर की मौजूदगी में की। मुख्य कार्यक्रम 19 जनवरी को वानखेड़े में होगा। गावस्कर ने कहा, ''इस प्रतिष्ठित स्टेडियम में यहां आना मेरे लिए वास्तव में बहुत बड़ा सम्मान है जिसने भारतीय क्रिकेट को बहुत कुछ दिया है और 2011 क्रिकेट विश्व कप का आयोजन तो सोने पर सुहागा रहा। वानखेड़े स्टेडियम के 50 साल पूरे होने के जश्न की शुरुआत का हिस्सा बनना, सम्मानजनक



है। '' उन्होंने कहा, ''एक सलामी बल्लेबाज के रूप में मैं शुरुआत को 'मिस' नहीं कर सकता था इसलिए मैं यहां उपस्थित हूं। मैं एमसीए को शुभकामनायें देना चाहता हूं और स्कूल क्रिकेट के बाद से मुझे मौका देने के लिए अपनी कृतज्ञता भी व्यक्त करना चाहता हूं। '' गावस्कर ने कहा, ''मैं जो कुछ भी हूं वह एमसीए के मुझे आगे बढ़ाने की वजह से हूं। मुझे यहां बुलाने के लिए मैं आप सभी को धन्यवाद देना चाहता हूं। '' गावस्कर के अलावा सचिन तेंदुलकर, रोहित शर्मा और दिलीप वेंगसरकर जैसे अन्य महान क्रिकेटर भी वानखेड़े स्टेडियम की 50वीं वर्षगांठ के अवसर पर एमसीए के भव्य समारोह का हिस्सा होंगे। पूर्व कप्तान रवि शास्त्री, अजिंक्य रहाणे, सूर्यकुमार यादव और डायना एडुल्जी जैसे अन्य दिग्गजों के भी आने की उम्मीद है।

## बांग्लादेश ने चैंपियंस ट्रॉफी टीम से शाकिब अल हसन और लिटन दास को बाहर किया



**ढाका (एजेंसी)।** बांग्लादेश ने पूर्व कप्तान शाकिब अल हसन को चैंपियंस ट्रॉफी टीम से बाहर कर दिया जिन्हें अवैध गेंदबाजी एक्शन के कारण अंतरराष्ट्रीय और घरेलू क्रिकेट में गेंदबाजी से निलंबित कर दिया गया है। शाकिब पिछले महीने इंग्लैंड के लॉफबोरो यूनिवर्सिटी में अपने गेंदबाजी एक्शन की जांच में विफल रहे थे और हाल में चेन्नई में हुई दूसरी स्वतंत्र जांच में भी उनका गेंदबाजी एक्शन पॉजिटिव नहीं पाया गया। अब 15 सदस्यीय चैंपियंस ट्रॉफी टीम से बाहर होने के कारण 37 वर्षीय खिलाड़ी का वनडे करियर भी समाप्त हो सकता है।

चैंपियंस ट्रॉफी 19 फरवरी से शुरू हो रही है। टेस्ट और टी20 अंतरराष्ट्रीय प्रारूपों से संन्यास ले चुके शाकिब को पिछले सितंबर में काउंटी चैंपियनशिप में सरे के लिए एक मैच के दौरान संदिग्ध गेंदबाजी एक्शन के लिए रिपोर्ट किया गया था। बांग्लादेश 20 फरवरी को दुबई में भारत के खिलाफ चैंपियंस ट्रॉफी में अपने अभियान की शुरुआत करेगा। हाल में लचर प्रदर्शन के बाद अनुभवी विकेटकीपर-बल्लेबाज लिटन दास को भी टीम में शामिल नहीं किया है जो अपनी पिछली 13 वनडे पारियों में एक भी अर्धशतक नहीं बना सके।

उन्होंने पिछली बार 50 रन से अधिक का स्कोर अक्टूबर 2023 में पुणे में भारत के खिलाफ बनाया था। इन दो बड़े खिलाड़ियों के अलावा ऑलराउंडर अफीफ हुसैन और तेज गेंदबाज शोरफुल इस्लाम तथा हसन महमूद भी टीम में जगह पाने में नाकाम रहे। टीम अगुआई नजमुल हुसैन शांटो करेंगे और वह भी चोट से बाहर रहने के बाद टीम में वापसी कर रहे हैं। नजमुल के साथ अनुभवी मुशफिकुर रहीम, मुस्तफिजुर रहमान और शीर्ष क्रम के बल्लेबाज तौहीद हृदय ने भी वापसी की है।

## रानी रामपाल को उम्मीद, भविष्य के सितारों को तैयार करेगी महिला हॉकी लीग

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** पूर्व कप्तान रानी रामपाल का मानना ??है कि महिला हॉकी इंडिया लीग खेल पर वैसा ही प्रभाव डाल सकती है जैसा कि इंडियन प्रीमियर लीग ने क्रिकेट पर डाला है। रांची में 12 से 26 जनवरी तक होने वाले पहले डब्ल्यूएचआईएल में चार टीमें दिल्ली एसजी पाइपर्स, ओडिशा वॉरियर्स, श्राची रारह बंगाल टाइगर्स और सूरमा हॉकी क्लब भाग लेंगी। सूरमा क्लब की मेंटर और कोच रानी ने साइ (भारतीय खेल प्राधिकरण) मीडिया से कहा, ''इस बार केवल चार टीमें हो सकती हैं लेकिन लीग शुरू होने में काफी समय लग गया है। इसके लिए हॉकी इंडिया की सराहना की जानी चाहिए।''


भारत की पूर्व हॉकी कप्तान ने कहा, ''पुरुष हॉकी टीम ने तोक्यो और पेरिस में ओलंपिक में कांस्य पदक जीते। इसकी नींव वर्षों पहले पुरुष हॉकी इंडिया लीग ने रख दी थी।'' उन्होंने कहा, ''अब महिला एचआईएल की शुरुआत के लिए धन्यवाद। इससे 2032 और 2036 ओलंपिक में बहुत सारी प्रतिभाशाली युवा महिला खिलाड़ियों को अपना कौशल दिखाने का मौका मिलेगा। यह मंच बेहद उपयोगी साबित होगा।''

इस संदर्भ में महिला क्रिकेट का उदाहरण देते हुए रानी ने कहा, ''महिला क्रिकेट के बारे में कोई भी ज्यादा नहीं जानता था, लेकिन अब आप देख रहे हैं कि यह खेल देश में इतना लोकप्रिय कैसे हो गया है। महिला आईपीएल (डब्ल्यूपीएल) से लोगों को इसके बारे में पता चला और उन्होंने इसका अनुसरण करना शुरू कर दिया।



# शादी के बाद एकबार फिर एक्शन में दिखेंगी पीवी सिंधु

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** भारतीय स्टार बैडमिंटन खिलाड़ी पीवी सिंधु अपने 2025 सीजन की शुरुआत योनेक्स-सनराइज इंडिया ओपन से करेंगी। इंडिया ओपन सुपर 750 के तीसरे संस्करण की शुरुआत 14 जनवरी से इंदिरा गांधी स्टेडियम के केडी जाधव हॉल में होगी, जहां पर विश्वभर के खिलाड़ी शिरकत करते हुए नजर आएंगे। पिछले साल शादी के बंधन में बंधने वाली सिंधु इस बार सुपर 750 के टूर्नामेंट में वुमेंस सिंगल्स में खेलते हुए नजर आ सकती हैं। पीवी सिंधु ने अंतिम बार सैयद मोदी इंटरनेशनल चैंपियनशिप 2024 में शिरकत किया था, जहां उन्होंने चाइना की लुओ यू वू को सीधे सेंटो में हराकर गोल्ड मेडल अपने नाम किया था। सुपर 750 भारतीय बैडमिंटन संघ द्वारा आयोजित मुख्य प्रतियोगिता रही है,



टूर्नामेंट के इस सीरीज में ओलंपिक चैंपियन विक्टर एक्सेल्सन, एन से यंग और विश्व नंबर एक खिलाड़ी शि यूकी मैदान में फैंस के बीच अपना जलवा बिखेरते हुए जर आएंगे, ये टूर्नामेंट शुरुआत से से बीडब्ल्यूएफ विश्व टूर का हिस्सा रहा है, जहां पर विजेता को 9,50,000 यूएस डॉलर की धनराशि और 11000 पॉइंट्स मिलते हैं, टूर्नामेंट के तीसरे सीजन में मेजबान भारत की ओर से 21 खिलाड़ी हिस्सा लेंगे। भारत की ओर से 21 खिलाड़ी हिस्सा लेंगे। भारत के लिए मेंस सिगल्स में 3, विमेंस सिंगल्स में 4, मेंस डबल्स में 2, विमेंस डबल्स में 8 और मिक्स्ड डबल्स में 4 खिलाड़ी अपनी दावेदारी पेश करेंगे, पिछले दो सीजनों में भारत की ओर से 14 खिलाड़ियों ने प्रवेश किया था। इस सीजन में मेंस डबल्स एशियन गोल्ड मेडलिस्ट सात्विकसाइराज रंकीरेड्डी, चिराग शेट्टी, एशियन गेम्स ब्रॉन्ज मेडलिस्ट एचएस प्रणय पर सभी की निगाहें होंगी। सात्विक और चिराग की जोड़ी ने पिछली बार टूर्नामेंट के फाइनल में जगह बनाई थी, वहीं प्रणॉय का सफर अंतिम चार में थम गया था, इसके साथ ही 2022 के इंडिया ओपन सुपर 750 के मेंस सिगल्स चैंपियन और दो बार की ओलंपिक मेडलिस्ट पीवी सिंधु खिताब के लिए अपनी दावेदारी पेश करेंगी।

# इंडिया ओपन सुपर 750 बैडमिंटन में उतरेगा सबसे बड़ा भारतीय दल

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** 14 जनवरी से योनेक्स-सनराइज इंडिया ओपन सुपर 750 बैडमिंटन टूर्नामेंट का आगाज होने जा रहा है। इस टूर्नामेंट में लक्ष्य सेन और पीवी सिंधू की अगुवाई में भारत का अब तक का सबसे बड़ा दल में भाग लेगा। ओलंपिक चैंपियन विक्टर एक्सेलसन, एन से यंग और दुनिया के नंबर एक शी युकी जैसे शीर्ष सितारों के साथ भारत के 21 खिलाड़ी इसमें भाग लेंगे। इसमें पुरुष एकल में तीन, महिला एकल में चार, पुरुष युगल में दो, महिला युगल में आठ और मिश्रित युगल में चार जोड़ियां चुनौती पेश करेंगी।

इंदिरा गांधी स्टेडियम के केडी जाधव इंडोर हॉल में आयोजित होने वाले इस टूर्नामेंट में चैंपियंस के लिए साढ़े नौ लाख डॉलर (लगभग 8.15 करोड़ रुपये) का पुरस्कार पूल और 11,000 रैंकिंग अंक दांव पर लगे होंगे। भारतीय बैडमिंटन संघ के महासचिव संजय मिश्रा ने यहां जारी एक विज्ञप्ति में कहा, ''सुपर 750 प्रतियोगिता में इतने सारे भारतीय खिलाड़ियों का प्रतिस्पर्धा करना विश्व मंच पर भारतीय बैडमिंटन के विकास और उन्नति का प्रतीक है।''

साथ ही उन्होंने कहा, ''यह सिर्फ शुरुआत हैं। इस साल हमारे स्थापित खिलाड़ियों के साथ नये नाम भी भारतीय बैडमिंटन की चमक को बढ़ायेंगे।'' इस टूर्नामेंट को 2023 में सुपर 750 श्रेणी में बढ़ा दिया गया था। भारत के 14 खिलाड़ियों ने इसके पिछले दो सत्र में हिस्सा लिया था। टूर्नामेंट के पिछले आयोजन में चिराग शेट्टी और सात्विकसाईराज रंकीरेड्डी पुरुष युगल फाइनल में पहुंचे थे जबकि एचएस प्रणय का 2024 में पुरुष एकल सेमीफाइनल में पहुंचे थे।

चीन मास्टर्स 2024 के सेमीफाइनल में पहुंचने वाले चिराग और सात्विक पुरुष युगल में एक बार फिर खिताब के प्रबल दावेदार होंगे। चोट से वापसी कर रहे सात्विक पेरिस ओलंपिक के बाद अपनी लय दोबारा हासिल करने की कोशिश करेंगे। सात्विक-चिराग के अलावा भारत की उम्मीदें पूर्व चैंपियन लक्ष्य सेन और दो बार की ओलंपिक पदक विजेता सिंधू पर भी टिकी होंगी। इस प्रतियोगिता में विश्व के शीर्ष-20 पुरुष एकल खिलाड़ियों में से 18 और शीर्ष-20 महिला एकल बैडमिंटन खिलाड़ियों में से 14 भाग लेंगे। पुरुष युगल जोड़ियों में ओलंपिक रजत पदक विजेता चीन के लियांग वेइकेंग एवं वांग चांग और इंडोनेशिया के फजर अल्फियान एवं मुहम्मद रियान अर्दिआंतो शामिल हैं।

# आंगनवाड़ी कार्यकर्ता पर ब्लेड से हमला

## युवक ने पांच दिन पहले मांगी थी माफी, आज किया जानलेवा हमला, हालत गंभीर, आरोपी फरार

**मीडिया ऑडीटर, मैहर (निप्र)।** सतना में एक आंगनवाड़ी सहायिका का छेड़खानी का विरोध करना उसे भारी पड़ गया। सोमवार सुबह लगभग 11 बजे बजरहा टोला की रहने वाली 21 वर्षीय वैशाली चौधरी जब वार्ड 39 के आजाद नगर स्थित आंगनबाड़ी केंद्र पहुंची। तभी आरोपी जयकिशन उर्फ लाला चौधरी ने उस पर ब्लेड से जानलेवा हमला कर दिया।

घटना उस समय हुई जब वैशाली केंद्र का ताला खोल रही थी। आरोपी ने पीछे से आकर उस पर ब्लेड से कई वार किए, जिससे उसके चेहरे पर गंभीर चोटें आईं। हमले के बाद वैशाली वहीं बेहोश हो गई। इसके बाद आवाज सुनकर मौके पर पहुंचे केंद्र के करीब के रहवासियों उसे तुरंत जिला अस्पताल में भर्ती कराया। जहां पर उसका इलाज किया जा रहा है।





**पांच दिन पहले भी की छेड़छाड़:** पीड़िता की मां रामबाई ने बताया कि आरोपी जयकिशन, जो उनके मोहल्ले का ही रहने वाला है। लंबे समय से उनकी बेटी का पीछा कर रहा था। 5 दिन पहले भी उसने वैशाली को घर आते समय छेड़ा था, जिसकी शिकायत डायल 100 पर की गई थी। हालांकि, पुलिस के पहुंचने तक आरोपी फरार हो गया था। इसके बाद परिवार ने आरोपी के भाई से भी शिकायत की थी। रविवार को आरोपी ने रामबाई से फोन पर माफी मांगी थी, लेकिन अगले ही दिन उसने यह जघन्य हमला कर दिया।

**आरोपी मौके से फरार:** इस घटना को अंजाम देने के बाद आरोपी आरोपी जयकिशन मौके से फरार हो गया है। इस मामले में अस्पताल चौकी में शिकायत दर्ज की गई है। जहां से सिटी कोतवाली पुलिस को केस रेफर किया जाएगा। घटना जानकारी मिलने पर पुलिस जांच में जुट गई है।

**डेढ़ साल से है नौकरी पर:** पीड़ित वैशाली चौधरी आंगनवाड़ी सहायिका के पद पर डेढ़ साल से काम कर रही है। उसकी पहली पोस्टिंग आजाद नगर आंगनबाड़ी केंद्र हुई है। आरोपी पहले भी उसे पीछे आता जाता था। लेकिन एक हफ्ते से उसने छेड़छाड़ शुरू कर दी।

**अवैध अहाता चलाता है आरोपी:** आरोपी जयकिशन चौधरी शहर के धवारी शराब दुकान के बगल में अवैध अहाता चलाता है। इसके साथ ही वह शराब भी पीता है। इसके चलते वैशाली से उसे दूर ही रहती थी।

**एक ही मोहल्ले में रहते हैं दोनों:** घायल वैशाली और आरोपी जयकिशन के घर नजदीक ही है । एक ही मोहल्ले में दोनों पुस्तैनी मकान में रहते हैं। इसके चलते दोनों में कभी कभी बात होती रहती थी।

**आरोपी की तलाश में जुटी दो टीमें:** सिटी कोतवाली टीआई रावेंद्र द्विवेदी ने बताया कि मामले की एफआईआर कर ली गई है। आरोपी के घर पर दबिश दी गई लेकिन नहीं मिला। आरोपी का मोबाइल ट्रैकिंग में डाल दिया गया है। आरोपी की तलाश में 2 टीमे लगाई गई है। जल्द ही आरोपी हिरासत में होगा।

# अरबी और उर्दू भाषा के प्रमाण-पत्र पाठ्यक्रमों में प्रवेश प्रारंभ, 28 तक किये जा सकेंगे आवेदन

**मीडिया ऑडीटर, सतना (निप्र)।** मध्यप्रदेश उर्दू अकादमी (संस्कृति परिषद) की निगरानी में संचालित राष्ट्रीय उर्दू भाषा एवं विकास परिषद नई दिल्ली के अरबी एवं फारसी (पर्शियन) भाषा के एक वर्षीय प्रमाण-पत्र पाठ्यक्रम और उर्दू डिप्लोमा कोर्स में प्रवेश प्रारम्भ हो गये हैं। अरबी, फारसी और उर्दू भाषा सीखने के इच्छुक अभ्यर्थी पाठ्यक्रम में प्रवेश के लिए आवेदन 28 फरवरी, 2025 तक कर सकते हैं।

मध्यप्रदेश उर्दू अकादमी के निदेशक डॉ. नुसरत मेहदी ने बताया कि प्रवेश के लिए आवेदन पत्र मध्यप्रदेश उर्दू अकादमी के कार्यालय, मुल्ला रमूजी संस्कृति भवन, बाणगंगा रोड, भोपाल से कार्यालयीन समय में प्राप्त एवं जमा किये जा सकते हैं। पाठ्यक्रमों में प्रवेश के लिए आवेदन पत्र सीमित संख्या में ही उपलब्ध हैं, प्रवेश पत्र समाप्त होने की स्थिति में उसकी छाया प्रति के साथ साथ आवेदन स्वीकार नहीं की जायेंगे। उन्होंने बताया कि पाठ्ज्ञक्रमों की कक्षायें 01 अप्रैल, 2025 से आवश्यक रूप से प्रारंभ हो जायेंगी।

निदेशक डॉ. मेहदी बताया है कि अरबी पाठ्यक्रम में प्रवेश के लिये उर्दू एवं अंग्रेज़ी की प्रारंभिक शिक्षा के अतिरिक्त उर्दू लिखने और समझने का ज्ञान भी आवश्यक है। इसी तरह फारसी पाठ्यक्रम में प्रवेश के लिये उर्दू एवं अंग्रेजी लिखने और पढ़ने का ज्ञान आवश्यक है। उर्दू डिप्लोमा पाठ्यक्रम के लिये हिन्दी या अंग्रेजी का ज्ञान आवश्यक है। तीनों पाठयक्रमों में अधिकत आयु की कोई सीमा निर्धारित नहीं की गई है। उन्होंने बताया कि प्रवेश आवेदन पत्र के लिये प्रति पाठ्यक्रम 200 रुपए पंजीयन शुल्क जमा कराना होगा, इसके अतिरिक्त अन्य कोई शुल्क देय नहीं है। पाठ्यक्रम में प्रवेश मिलने पर विद्यार्थियों को किताबें निःशुल्क दी जायेंगी।

## धार्मिक नगरों में लागू होगी शराबबंदी : मुख्यमंत्री

# राज्य सरकार कर रही है विचार

**मीडिया ऑडीटर, सतना (निप्र)।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि राज्य सरकार नीति में सुधार कर, धार्मिक नगरों में शराबबंदी लागू करने पर विचार कर रही है। इस संबंध में साधु-संतों द्वारा दिए गए सुझावों पर राज्य सरकार गंभीर है।

धार्मिक नगरों का वातावरण प्रभावित होने संबंधी शिकायतें प्राप्त होती रहती हैं। हमारा प्रयास है कि इन नगरों की पवित्रता अक्षुण्ण रहे। अतः राज्य सरकार जल्द ही निर्णय लेकर इस दिशा में ठोस कदम उठाएगी। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने निवास से मीडिया के लिए जारी संदेश में यह विचार व्यक्त किए।

# जन्म-मृत्यु प्रमाण पत्र पर लॉगिन कर बनायें

**मीडिया ऑडीटर, सतना (निप्र)।** आयुक्त आर्थिक एवं सांख्यिकी श्री ऋषि गर्ग ने बताया है कि वर्तमान में यह संज्ञान में आया है कि कई फेक पोर्टल या वेबसाइट के माध्यम से जन्म-मृत्यु प्रमाण पत्र जारी किये जा रहे है, जिसके कारण जन-साधारण भ्रमित हो रहे हैं। जो कि वैधानिक नहीं है।

आयुक्त आर्थिक एवं सांख्यिकी श्री गर्ग ने बताया कि पर लॉगिन कर वैधानिक जन्म-मृत्यु प्रमाण पत्र बनवायें। अन्य किसी माध्यम से बनवाया गया प्रमाण पत्र नकली प्रमाण पत्र है, इसे बनवाने से बचें। उन्होंने बताया कि यदि किसी आवेदक को ऑनलाइन प्रमाण पत्र बनाने में कठिनाई आ रही है तो वह जहां पर घटना घटित हुई है, उससे संबंधित पंजीयन इकाई में आवेदन करे।

जैसे कि यदि प्रायवेट अस्पताल में जन्म अथवा मृत्यु हुई है तो वहां की नगर पालिक निगम, नगर परिषद और नगर पंचायत में आवेदन करें और यदि ग्रामीण क्षेत्र में जन्म-मृत्यु हुई है, तो वहां की ग्राम पंचायत में आवेदन करने पर प्रमाण पत्र बनेगा।

उन्होंने बताया कि छावनी बोर्ड, कुछ फैक्ट्री जिन्हें पंजीयन इकाई घोषित किया गया है, वहां के परिसर में होने वाली जन्म-मृत्यु का पंजीयन वहीं होगा।

उक्त के अतिरिक्त किसी भी पोर्टल अथवा बेवसाइटस से जन्म-मृत्यु प्रमाण पत्र बनवाने के लिये लॉगिन न करें, न ही आवेदन करें, यहां से बनाये गये प्रमाण पत्र किसी भी जन-कल्याणकारी योजना में स्वीकार्य अथवा मान्य नहीं होंगे।

# यमुना किनारे अवैध बालू खनन जारी

## प्रशासन की मिलीभगत का आरोप, ग्रामीणों ने सोशल मीडिया पर की शिकायत

**मीडिया ऑडीटर, मऊ/चित्रकूट निप्र।** चित्रकूट जिले के मऊ तहसील क्षेत्र में यमुना नदी के किनारे अवैध बालू खनन का मामला सामने आया है। ताड़ी बरियारी कला गांव में दिन-रात चल रही इस अवैध गतिविधि पर स्थानीय प्रशासन की चुप्पी से नाराज ग्रामीणों ने सोशल मीडिया के जरिए अपनी आवाज उठाई है।

**ग्रामीणों का आरोप:** प्रशासन की मिलीभगत से खनन माफिया बेखौफ होकर अपनी गतिविधियां चला रहे हैं। रात के अंधेरे में ट्रैक्टर-ट्रॉली और भारी वाहनों से बालू की निकासी की जा रही है। स्थानीय निवासी राधेश्याम, राजाराम और बद्री प्रसाद ने उच्चाधिकारियों को पत्र लिखकर कार्रवाई की मांग की है।



**पर्यावरण के लिए खतरनाक:** यह अवैध खनन न केवल पर्यावरण के लिए खतरनाक है, बल्कि कानून व्यवस्था का भी खुला उल्लंघन है। एक स्थानीय नागरिक द्वारा ट्विटर पर चित्रकूट पुलिस को इसकी सूचना देने के बावजूद अब तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं की गई है।

अधिकारियों से संपर्क करने पर वे स्पष्ट जवाब देने से बच रहे हैं, जिससे स्थानीय लोगों में आक्रोश बढ़ता जा रहा है। ग्रामीणों ने इस मामले की उच्च स्तरीय जांच और दोषियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की मांग की है।

# नगरीय विकास मंत्री एवं राज्यमंत्री ने किये भगवान कामतानाथ स्वामी के दर्शन

**मीडिया ऑडीटर, सतना (निप्र)।** प्रदेश के नगरीय विकास एवं आवास मंत्री एवं सतना जिले के प्रभारी मंत्री कैलाश विजयवर्गीय एवं राज्यमंत्री प्रतिमा बागरी ने सतना जिले के प्रवास के दौरान सोमवार को चित्रकूट में भगवान कामतानाथ के दर्शन कर कामदगिरी की परिक्रमा की।

इस अवसर पर चित्रकूट विधायक सुरेंद्र सिंह गहरवार, नगर निगम सतना के पूर्व स्पीकर अनिल जायसवाल सहित अन्य जनप्रतिनिधि तथा अधिकारी उपस्थित रहे।

# मदारी के ढोल की आवाज से भड़की भैंस

## रस्सी तोड़कर भागी और 60 वर्षीय मजदूर को कुचला, मौत



**मीडिया ऑडीटर, चित्रकूट (निप्र)।** चित्रकूट के परसौंजा गांव में रविवार को एक दर्दनाक हादसे में मदारी के खेल के दौरान बेकाबू हुई भैंस ने 60 वर्षीय मजदूर की जान ले ली। घटना उस समय हुई जब गांव में मदारी का खेल देखने के लिए लोग एकत्र हुए थे।

खेल की शुरुआत में जैसे ही ढोल की आवाज हुई, पास में बंधी भैंस अचानक भड़क गई। उसने रस्सी तोड़ दी और बेकाबू होकर भागने लगी। इस दौरान वहां से गुजर रहे राज कुमार उर्फ गामा (60) भैंस की चपेट में आ गए। घटना के बाद मौके पर अफरा-तफरी मच गई।

गंभीर हालत में राज कुमार को परिजन तुरंत जिला अस्पताल ले गए, लेकिन डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। मृतक के परिवार में पत्नी मीरा देवी, चार पुत्र और दो पुत्रियां हैं। पत्नी का रो-रोकर बुरा हाल है। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर शव का पंचनामा कर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। इस दुर्भाग्यपूर्ण घटना से पूरे गांव में शोक का माहौल है।

# नशेड़ी युवक की पत्थर से कुचलकर हत्या

## रेलवे स्टेशन के पास की घटना, अर्धनग्न अवस्था में मिला शव



**मीडिया ऑडीटर, मैहर (निप्र)।** सतना रेलवे स्टेशन के माल गोदाम के पास रविवार देर रात एक 30 वर्षीय युवक की पत्थर से सिर कुचलकर हत्या कर दी गई। जिसका अर्धनग्न अवस्था में शव बरामद हुआ है। मृतक की पहचान हनुमान नगर नई बस्ती निवासी मुस्सू चौधरी के रूप में हुई है। मामले की जांच में एफएसएल की टीम भी पहुंची है। पुलिस ने कुछ संदिग्धों को हिरासत में लेकर पूछताछ शुरू कर दी है।

जीआरपी प्रभारी राजेश राज के अनुसार, मृतक को आखिरी बार रविवार रात 11 बजे स्टेशन परिसर में नशे की हालत में कुछ लोगों के साथ देखा गया था। सुबह उसका अर्धनग्न शव मिला। मामले की गंभीरता को देखते हुए एफएसएल की टीम को बुलाया गया है। पुलिस ने कुछ संदिग्धों को हिरासत में लेकर पूछताछ शुरू कर दी है। मृतक का भाई वीरेंद्र चौधरी भी 4 महीने पहले एक बच्चे की हत्या के आरोप में जेल में बंद है।

# आज रहेगा स्थानीय अवकाश

**मीडिया ऑडीटर, सतना (निप्र)।** कलेक्टर एवं जिला मजिस्ट्रेट अनुराग वर्मा ने वर्ष 2025 के लिए तीन स्थानीय अवकाश घोषित किए हैं। जारी आदेश के अनुसार 14 जनवरी मंगलवार को मकर संक्रांति, 1 अक्टूबर बुधवार को दशहरा (महानवमी) तथा 23 अक्टूबर गुरूवार को भाईदूज को स्थानीय अवकाश रहेगा। कोषालय तथा बैंकों पर यह अवकाश लागू नहीं होंगे।

## मकर संक्रांति पर्व भारतीय संस्कृति, परंपरा और आस्था का प्रतीक : उप मुख्यमंत्री

# प्रदेशवासियों को दी शुभकामनाएँ

**मीडिया ऑडीटर, सतना (निप्र)।** उप मुख्यमंत्री राजेन्द्र शुक्ल ने कहा कि मकर संक्रांति का पर्व भारतीय संस्कृति, परंपरा और आस्था का प्रतीक है। यह दिन सूर्य के उत्तरायण होने और नई ऊर्जा, नई सकारात्मकता तथा उन्नति के शुभ संदेश के साथ आता है।

यह त्यौहार हमारे जीवन में समृद्धि, स्वास्थ्य और सद्भावना का संचार करता है। उप मुख्यमंत्री शुक्ल ने प्रदेशवासियों को मकर संक्रांति पर्व की शुभकामनाएं दी हैं। उन्होंने सभी के जीवन में सुख, शांति और समृद्धि की कामना की है।

# देर रात दुकान में रखे सिलेंडरों में हुआ ब्लास्ट

**मीडिया ऑडीटर, रीवा (निप्र)।** ज़िले के गुढ़ थाना अंतर्गत महसांव के सीएससी सेंटर में बिक्री के लिए रखे गैस सिलेंडर में अज्ञात कारणों के चलते आग भड़क उठी। इस दौरान दो सिलेंडरों में एक के बाद एक ब्लास्ट हो गया। जिससे पूरे महसांव बाज़ार में हड़कंप मच गया।

विक्रेता वीरेंद्र चौरसिया के मुताबिक गैस एजेंसी बदवार से वो गैस सिलेंडर उठाता है और महसांव स्थित अपने सीएचसी सेंटर से बिक्री करता है। बताया गया है कि बीती रात करीब 2 बजे अचानक दुकान में अज्ञात कारणों से आग भड़क उठी, जिससे वहां रखे दो सिलेंडर के फटने से दुकान का पूरा सामान जलकर ख़ाक हो गया। ब्लास्ट की आवाज़ सुनकर आसपास लोग एकत्रित हो गए। जिनकी मदद से आग बुझाने का कार्य किया गया।

आग लगने से लाखों रुपए का सामान जलकर ख़ाक हो गया है। स्थानीय लोगों के मुताबिक यदि समय रहते आग पर काबू नहीं पाया जाता तो एक बड़ी घटना घट सकती थी और पूरे बाज़ार में आग लग जाती।

# धार्मिक टूरिज्म से बढ़ती है क्षेत्र की आर्थिक समृद्धि : विजयवर्गीय

## चित्रकूट के प्रगतिरत विकास कार्य एवं समग्र विकास पर परिचर्चा में शामिल हुए प्रभारी मंत्री

**मीडिया ऑडीटर, सतना (निप्र)।** प्रदेश के नगरीय विकास एवं आवास मंत्री तथा सतना जिले के प्रभारी मंत्री कैलाश विजयवर्गीय ने कहा कि देश में धार्मिक टूरिज्म काफी तेजी से बढ रहा है। टूरिज्म और तीर्थाटन के बढ़ने से उस क्षेत्र में रोजगार के अवसर मिलते हैं और क्षेत्र में आर्थिक समृद्धि आती है। प्रभारी मंत्री विजयवर्गीय सोमवार को सतना जिले के चित्रकूट प्रवास के दौरान उद्यमिता परिसर में चित्रकूट के प्रगतिरत विकास कार्य एवं समग्र विकास पर परिचर्चा को सम्बोधित कर रहे थे। चित्रकूट में आयोजित परिचर्चा में नगरीय विकास राज्य मंत्री प्रतिमा बागरी, सांसद सतना गणेश सिह, विधायक सुरेन्द्र सिंह गहरवार, जिलाध्यक्ष सतीश शर्मा, कुलगुरू चित्रकूट ग्रामोदय विश्वविद्यालय प्रो. भरत मिश्रा, नगर पंचायत अध्यक्ष साधना पटेल, दीनदयाल शोध संस्थान के प्रधान सचिव अतुल जैन, सीताशरण महराज, कलेक्टर अनुराग वर्मा, पुलिस अधीक्षक आशुतोष गुप्ता, सी.ई.ओ. जिला पंचायत संजना जैन,





अपर कलेक्टर एवं सी.ई.ओ चित्रकूट विकास प्राधिकरण स्वप्निल वानखड़े, एस.डी.एम. ए.पी. द्विवेदी सहित चित्रकूट के साधू संत, विभिन्न स्वयं सेवी, सामाजिक संस्थाओं के प्रतिनिधि, गणमान्य नागरिक एवं सतना जिले के विभिन्न विभागों के अधिकारी उपस्थित थे।

प्रभारी मंत्री कैलास विजयवर्गीय ने कहा कि उज्जैन में तीन गुना पर्यटन के बढ़ने से प्रति व्यक्ति आय लगभग दस गुना बढ़ी है। वहीं अयोध्या में धार्मिक पर्यटन बढ़ने से वर्ष भर में करीब 18 करोड़ श्रद्धालुओं एवं पर्यटकों का आगमन हुआ। चित्रकूट में भगवान श्रीराम का वनवास काल बीता है। धार्मिक और पौराणिक दृष्टि से चित्रकूट में धार्मिक पर्यटन की असीम सम्भावनाएं हैं। प्रभारी मंत्री ने कहा कि जहां विकास होता है वहां के नागरिकों को सहयोग और त्याग के लिए मानसिकता बनाकर तत्पर रहना चाहिए।

प्रभारी मंत्री ने कहा कि राज्य सरकार चित्रकूट के विकास और रामपथगमन के प्रति कटिबद्ध है। चित्रकूट के विकास के लिए राशि की कोई कमी नहीं रहेगी। सरकार जितना भी खर्च होगा करेगी। विकास के लिए यहां के लोगों का सहयोग और सहमति का होना अनिवार्य है। इसके लिए वातावरण भी बनाना होगा। चित्रकूट के विकास का अर्थ यहां के प्रत्येक नागरिक, पुजारी, आश्रम मंदिर सहित क्षेत्र के समग्र विकास से है। उन्होंने कहा कि चित्रकूट के विकास का प्लान तैयार कर लिया गया है। इस प्रस्ताव पर कोई भी नागरिक, जन प्रतिनिधि अपने महत्वपूर्ण सुझाव इस परिचर्चा के दौरान रख सकते हैं।

प्रभारी मंत्री विजयवर्गीय ने कहा कि चित्रकूट के समग्र विकास के कार्य उत्तरप्रदेश सरकार और विभिन्न विभागों के समन्वय से मूर्तरूप दिये जायेगें। चित्रकूट के विकास के दौरान यहां की प्राकृतिक पारम्परिक, सांस्कृतिक परम्परा, ग्रामीण परिवेश और संस्कृति को कायम रखा जाना चाहिए। उन्होनें कहा कि चित्रकूट के स्थानीय निवासियों को अपने शहर को कुछ देने का माइंडसेट बनाना चाहिए। मेरा घर- मेरा आँगन की सकारात्मक सोच के साथ चित्रकूट के विकास में अपने चित्रकूट के लिए सहयोग करना होगा। उन्होने कहा कि धार्मिक स्थल चित्रकूट में बड़ी सोच और चिन्तन के साथ काम करना होगा। धार्मिक स्थलों में पार्किंग और रोड़ कनेक्टविटी की सुविधा भी बढ़ायी जायेगी। आप सब के प्रयासों से आगामी समय में चित्रकूट के विकास पर गर्व हो और वर्ल्ड क्लास सिटी बने ताकि दुनिया के लोग यहां आकर विकसित चित्रकूट को देखें।

# धूमधाम से निकाली गई भगवान रंगनाथ की बारात

**मीडिया ऑडीटर, रीवा (निप्र)।** रीवा के प्रमुख धार्मिक स्थल लक्ष्मण बाग़ संस्थान में एक माह चलने वाले गोदम्बा उत्सव के 27वें दिन श्री गोदा रंगनाथ भगवान का बड़े ही धूमधाम से विवाह उत्सव संपन्न हुआ। श्री रंगनाथ भगवान महामृत्युंजय मंदिर क़िला परिसर पहुंचे जहां उनका श्रृंगार किया गया इसके बाद सिरमौर विधायक दिव्यराज सिंह के द्वारा श्री रंगनाथ भगवान का पूजन-अर्चन कर बारात का प्रस्थान किया गया। गाजे-बाजे के साथ बारात लक्ष्मण बाग पहुंची, जहां प्रदेश के उपमुख्यमंत्री राजेंद्र शुक्ला ने श्री रंगनाथ भगवान को बग्घी से नीचे उतार कर उनके निजी स्थान पर विराजमान किया। साथ ही मां गोदम्बा की पूजा की और भगवान रंगनाथ के चरण पखारे। आयोजन में श्री रंगनाथ भगवान का विधि विधान से जयमाल कर पांव पूजन के साथ बड़े ही धूमधाम से विवाह संपन्न कराया गया। इस अवसर पर प्रमुख रूप से भागवत प्रवक्ता पंडित बाला वेंकटेश शास्त्री, चिरहुला मंदिर के पुजारी सहित बड़ी संख्या में गणमान्य नागरिक मौजूद रहे। इस दौरान आयोजित भंडारे में बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण किया।

स्वत्वाधिकारी मुद्रक प्रकाशक संदीप द्विवेदी द्वारा मीडिया प्रकाशन रीवा से मुद्रित कर मीडिया ऑडीटर कार्यालय प्रभात बिहार कॉलोनी सतना से प्रकाशित, संपादक संदीप द्विवेदी आर.एन.आई नं.एमपीएचआईएन/2021/81683
प्रधान कार्यालय रीवा (सिटी कार्यालय चक्रधर सिटी सेंटर रीवा) फोन. नं. 9407132714, 7974467831 Mediaauditor1@gmail.com पीआरबी एक्ट के तहत समाचार चयन के लिए जिम्मेदार, सभी विवादो का न्याय क्षेत्र रीवा होगा।